आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 334 | उज्जैन, बुधवार 17 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण 13 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

अंततः भारतीय किसान संघ के साथ सिंहस्थ क्षेत्र के किसानों का संघर्ष रंगलाया

## देर रात सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग योजना निरस्त

### किसान संघ ने कहा आदेश की प्रति भेजी, फोन पर जानकारी दी, प्रशासनिक स्तर पर पुष्टि नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना के मामले में अंततः भारतीय किसान संघ के साथ सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांवों के किसानों का संघर्ष रंग लाया है। मध्यप्रदेश सरकार ने मंगलवार रात नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा-52 (1) (ग) के तहत लोक हित में उज्जैन विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित नगर विकास स्कीम क्रमांक 8, 9, 10 एवं 11 को प्रतिसंहरित कर पूर्ण रूप से निरस्त करने के आदेश जारी किया है। इसकी प्रशासनिक स्तर पर अधिकारिक पुष्टि देर रात तक नहीं की गई थी।

मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उप सचिव सी के साधव के डिजिटल हस्ताक्षर से जारी आदेश मंगलवार रात को सोश्यल मिडिया पर वायरल हुआ है।मंगलवार रात 10 बज कर 9 मिनिट 39 सेकंड पर डिजिटल हस्ताक्षर की पुष्टि इस वायरल आदेश पर पर की गई है। इस आदेश को लेकर प्रशासनिक तौर पर अधिकारिक पुष्टि किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने देर रात तक नहीं की थी। पूर्व में किसान संघ के साथ सरकार की बैठक एवं लैंड पुलिंग निरस्त को लेकर शासन की और से अधिकारिक स्तर पर पुष्टि की गई थी,लेकिन मंगलवार रात वायरल निरस्त आदेश को लेकर किसी प्रकार की पुष्टि सामने नहीं आई थी।



मध्य प्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन
//आदेश//

Digitally signed by Chandrakant Sadhav Date: 16-12-2025 22:09:39

### ये है जारी आदेश

राज्य शासन द्वारा अपने आदेश क्रमांकTNCP/4/1/0066/2025/18-6 दिनांक 19/11/2025 के माध्यम से उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा म०प्र० नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 के अंतर्गत प्रस्तावित नगर विकास स्कीम क्रमांक 8, 9, 10 एवं 11 को अधिनियम की धारा-52 (1) (ख) के प्रावधान का उपयोग कर उपांतरित (Modify), अर्थात संशोधित किया गया था। उक्त आदेश पूर्ण रूप से निरस्त किया जाता है। अतः म०प्र० राज्य शासन द्वारा मध्य प्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा-52 (1) (ग) के तहत लोक हित में उज्जैन विकास प्राधिकरण की प्रस्तावित नगर विकास स्कीम क्रमांक 8, 9, 10 एवं 11 को प्रतिसंहरित कर पूर्ण रूप से निरस्त की जाती है। अतः उपरोक्त आदेश को राजपत्र (गजट) में प्रकाशन किया जायें।

### किसान संघ बोला- आदेश भेजा, दुरभाष पर बताया

वायरल आदेश को लेकर किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलसिंह आंजना से चर्चा किए जाने पर उन्होंने निरस्त आदेश की पुष्टि करते हुए बताया कि उन्हें आदेश की प्रति संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी की और से भेज कर बताया गया कि मध्यप्रदेश सरकार ने लैंड पुलिंग योजना टीडीएस 8,9,10,11 पूर्ण रूप से निरसत कर दी है। उन्हें सरकार की और से जारी आदेश भेजा गया और उनके चलायमान फोन पर जानकारी भी दी गई।

### ये थी योजना

प्रदेश सरकार ने सिंहस्थ क्षेत्र में 17 गांव की 2378 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित कर उस पर स्थाई पक्के निर्माण की योजना बनाई थी। इससे 1896 किसान सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे थे। करीब 3 हजार करोड की योजना से सिंहस्थ क्षेत्र में स्थाई निर्माण को उज्जैन विकास प्राधिकरण अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू की गई थी। किसानों की आपत्ति सुनवाई करने के बाद उन्हें जवाब तक नहीं दिए गए। इस लेकर किसानों की अपील भी स्वीकार नहीं करने के आरोप किसानों ने लगाए थे।

### सितंबर 24 से आंदोलन चला

योजना को लेकर सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांवों के किसानों ने प्रारंभिक रूप से सितंबर 2024 से आंदोलन का आगाज कर दिया था। इसे लेकर किसानों के विरोध को दबाने के लिए तमाम प्रकार के प्रयास किए गए। संघ के प्रचारक , राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्त, समाज के वरिष्ठ जन जो कि सिंहस्थ क्षेत्र के किसान हैं उन्हें प्रतिबंधात्मक धाराओं में जेल भेजा गया। आधी रात में उनके घरों पर पुलिस पहुंची और प्रताडना दी गई। 17 फरवरी को मामले की गंभीरता के साथ भारतीय किसान संघ ने लैंड पुलिंग योजना के विरोध में ज्ञापन दिया था। सितंबर 25 में किसान संघ के राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने सरकार को पत्र लिखकर योजना पर विरोध दर्ज करवाया था। सरकार ने इसका कोई जवाब नहीं दिया था। इस पर श्री मिश्र ने 16 सितंबर को उज्जैन में हजारों ट्रेक्टरों के साथ रैली निकाल कर सरकार को चुनौती दी थी। इसके बाद किसान संघ ने जमकर विरोध किया। किसान संघ ने 18 नवंबर से योजना निरस्त को लेकर घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन छेडने के एक दिन पूर्व सरकार ने किसान नेताओं को भोपाल बुलाकर बैठक की थी। इस बैठक के बाद दोनों पक्षों ने योजना निरस्त के बयान जारी किए थे। दो दिन बाद निरस्त आदेश की बजाय सरकार की और से संशोधन आदेश जारी किया गया। इस पर किसान संघ ने गहरी आपत्ति जताई थी। सीधे तौर पर निरस्त आदेश जारी करने की मांग दोहराई थी। इसे लेकर किसान संघ एवं सरकार के बीच खाई खीच गई थी। संघ ने दो बार सरकार को आगाह किया था। बाद में हाल ही में किसान संघ ने 26 दिसंबर से घेरा डालो डेरा डालो आंदोलन की घोषणा की थी । उससे पूर्व ही यह निरस्त आदेश जारी हुआ है।

---

# देश विदेश

## मेसी विवाद, बंगाल के स्पोर्ट्स मिनिस्टर का इस्तीफा

**कोलकाता।** कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में फुटबॉलर लियोनल मेसी के कार्यक्रम में हुई तोड़फोड़ और अव्यवस्था के चलते पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री अरूप बिस्वास ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने इस मामले में सख्त रुख अपनाया है। मामले की जांच के लिए 4 सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है, जिसमें सभी आईपीएस अधिकारी होंगे। एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारी तय होगी इसके अलावा खेल विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिन्हा को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है। सॉल्ट लेक स्टेडियम के सीईओ डी.के. नंदन की सेवाएं तत्काल प्रभाव से वापस ली गई हैं। दरअसल, अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी 3 दिन के इंडिया टूर पर आए थे।

## अमेरिका : ड्रग्स से लदी 3 नावों पर दागीं मिसाइलें, 8 नार्को-आतंकियों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना की साउथर्न कमांड ने सोमवार को पूर्वी प्रशांत महासागर के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में ड्रग्स से लदी 3 नावों पर मिसाइलें दागीं। अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेग्सेथ के आदेश पर सेना ने यह कार्रवाई की, जो ट्रंप की योजना का हिस्सा है। इस मिसाइल अटैक में तीनों नावें पूरी तरह तबाह हो गईं। सोशल मीडिया पर इस हमले के वीडियो भी शेयर किए जा रहे हैं। अमेरिकी सेना के इस मिसाइल अटैक में 8 नार्को-आतंकियों की मौत हो गई। पहली नाव पर 3, दूसरे पर 2 और तीसरे पर 3 नार्को-आतंकी थे, जो अमेरिकी सेना की कार्रवाई में मारे गए। इस कार्रवाई में अमेरिकी सेना को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### धर्मेंद्र के निधन के बाद

## बॉर्डर 2 का टीजर लॉन्च



### सनी का पहला फिल्म प्रमोशन का इवेंट, वरुण धवन-अहान शेट्टी भी पहुंचे

**मुंबई।** विजय दिवस के मौके पर सनी देओल स्टारर फिल्म बॉर्डर 2 का टीजर लॉन्च कर दिया गया है। मुंबई में आयोजित ग्रैंड टीजर लॉन्च इवेंट में सनी देओल, वरुण धवन और अहान शेट्टी मौजूद रहे। उनके साथ फिल्म के डायरेक्टर अनुराग सिंह भी मंच पर नजर आए। टीजर लॉन्च इवेंट में फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार (टी-सीरीज) और निधि दत्ता (जेपी फिल्म्स) के साथ को-प्रोड्यूसर शिव चनाना भी शामिल हुए। गौरतलब है कि धर्मेंद्र के निधन के बाद सनी देओल पहली बार किसी फिल्म प्रमोशन के इवेंट में शामिल हुए। इवेंट के दौरान सनी ने कहा, आवाज कहां तक जानी चाहिए? इस पर वरुण धवन समेत मौजूद लोगों ने जवाब दिया, लाहौर तक। इसके बाद सनी ने भी कहा, लाहौर तक। टीजर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना के अलग-अलग रूपों में दिखते हैं। इसके अलावा मोना सिंह, सोनम बाजवा, मेधा राणा और आन्या सिंह की भी झलक दिखाई गई है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के दमदार डायलॉग से होती है। वह दुश्मनों को चेतावनी देते हुए कहते हैं कि वे चाहे आसमान से आएं, जमीन से या समंदर से, हर रास्ते पर उन्हें एक हिंदुस्तानी फौजी मिलेगा। वह आंखों में आंखें डालकर और सीना तानकर देश के लिए खड़ा होने की बात कहते हैं। टीजर के एक और सीन में सनी धमाकों के बीच अपने जांबाज साथियों से पूछते हैं, आवाज कहां तक जानी चाहिए? जवाब आता है, लाहौर तक। इन सीन्स में उनका गुस्सा और देशभक्ति साफ नजर आती है। साथ ही टीजर में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी को जंग के सीन में दिखाया गया है। सनी देओल बॉर्डर पार्ट 1 वाला अपना यादगार अंदाज दोहराते हुए कंधे पर बाजूका लिए नजर आते हैं।

## सिंगरौली में पिकअप पलटने से चार की मौत, 3 लोग गंभीर

**सिंगरौली।** प्रदेश के सिंगरौली जिले के चितरंगी तहसील क्षेत्र में झरकटा पहाड़ सड़क मार्ग पर सोमवार 15-16 दिसम्बर की दरमियानी रात घने कोहरे के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश से श्रमिकों को उनके घर छोड़ने आ रही एक पिकअप वाहन पहाड़ी मोड़ पर बेकाबू होकर पलट गया। इस हादसे में चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मरने वाले तीन लोग बगडेवा गांव के थे, जबकि एक सीमावर्ती सोनभद्र जिले के जुगैल क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में हादसे की वजह कोहरे को माना जा रहा है।

## इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान जेट फैक्ट्री की छत से टकराया, 7 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** सेंट्रल मेक्सिको में एक दर्दनाक विमान हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। एक प्राइवेट जेट आपातकालीन लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें अब तक कम से कम 7 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। यह हादसा मेक्सिको सिटी से करीब 50 किमी पश्चिम में स्थित सैन माटेओ एटेंको इलाके में हुआ, जो टोलुका एयरपोर्ट से महज 5 किमी दूर एक औद्योगिक क्षेत्र है। मेक्सिको स्टेट सिविल प्रोटेक्शन कोऑर्डिनेटर एड्रियन हर्नांडेज के अनुसार, विमान ने प्रशांत तट के शहर अकापुल्को से उड़ान भरी थी। जेट में कुल 10 लोग सवार थे, जिनमें 8 यात्री और 2 क्रू मेंबर शामिल थे। हादसे के कई घंटे बाद तक केवल 7 शव ही बरामद किए जा सके हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, विमान ने आपात स्थिति में एक फुटबॉल मैदान पर उतरने की कोशिश की, लेकिन नियंत्रण खो बैठा और पास स्थित एक फैक्ट्री की छत से टकरा गया।

---

सिंहस्थ में आने वाली भीड़ के दौरान मार्ग कैसे संचालित होगा यह समझ से परे

## 10.30 घंटे चला धरना : दो मांगों पर लिखित आश्वासन मिला तो उठे किसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोमवार को मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे किसानों को उनकी दोनों मांगों पर लिखित आश्वासन मिलने के बाद ही वे उठे। करीब 10.30 घंटे धरना चला। मुख्यालय से 31 जनवरी 2026 के पूर्व निराकरण का आश्वासन लिखित में मिलने पर मामला शांत हो सका। इस बीच एक्सेस कंट्रोल मार्ग की योजना पर उठे सवालों का जवाब किसानों को नहीं मिल पा रहा है। मार्ग को मोहनपुरा सिंहस्थ क्षेत्र से निकाला जा रहा है, सिंहस्थ मेले के दौरान आने वाली भीड़ के दौरान मार्ग कैसे संचालित होगा यह समझ से परे है।



एमपीआरडीसी उज्जैन से जावरा 98 किलोमीटर का एक्सेस ग्रीन फिल्ड मार्ग बनाने जा रहा है। इस मार्ग की शुरूआत मंगरोला से हो रही है। इसके आगे यह मार्ग सिंहस्थ क्षेत्र मोहनपुरा में सिंहस्थ क्षेत्र की मुख्य स्थितियों से होकर निकाला जाएगा। इस मार्ग में उज्जैन, घट्टिया, नागदा, खाचरौद, रतलाम जिले के जावरा तहसील के करीब 25 सौ किसानों की कुल 2700 बीघा जमीन ली जा रही है। उज्जैन जिले की 2200 बीघा अधिग्रहित की जाएगी। रतलाम जिले के जावरा तहसील की करीब 500 बीघा जमीन अधिग्रहण होना है।

### किसानों के सवाल के उन्हें नहीं मिल रहे जवाब

98 किलोमीटर के एक्सेस कंट्रोल रोड निर्माण की स्थिति एवं योजना को लेकर किसानों का बड़ा सवाल यह है कि इस मार्ग को सिंहस्थ क्षेत्र के मध्य मोहनपुरा से निकाला जा रहा है। सिंहस्थ अवधि में इस मार्ग को आखिर श्रद्धालुओं की भीड़ के सामने कैसे संचालित किया जाएगा और भीड़ रोड पर जाने से रूक पाएगी। यही नहीं एक्सेस कंट्रोल मार्ग के नियमों का पालन इसमें हो सकेगा क्या। इन सवालों को लेकर किसानों को योजना से जुड़ा धरातल का जवाब नहीं मिल पा रहा है। अधिकारी भी सवालों को दरकिनार कर रहे हैं।

## 8 बसें-3 कारें टकराईं, 13 जिंदा जले

एजेंसी ▸▸ मथुरा

मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर कोहरे के चलते 8 बसें और 3 कारें भिड़ गईं। टक्कर होते ही गाड़ियों में आग लग गई। भाजपा नेता समेत 13 लोगों की जलकर मौत हो गई, 70 लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि बसों में कटे हुए अंग मिले हैं। पुलिस ने इन्हें 17 पॉलिथीन बैग में भरकर ले गई है। अब डीएनए टेस्ट से इनकी पहचान की जाएगी। हादसा थाना बलदेव क्षेत्र में माइलस्टोन 127 पर हुआ। पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ के 50 जवानों और 9 थानों की पुलिस ने 6 घंटे में रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा किया। हादसे के चलते एक्सप्रेस-वे पर 3 किमी लंबा जाम लग गया था। हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एडीएम प्रशासन अमरेश जांच का नेतृत्व करेंगे।

## देवास में 11 साल के बेटे ने पिता की कर दी हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

मध्य प्रदेश के देवास जिले के दूरस्थ अंचल उदयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बारियापुरा में तीन दिन पहले घर में ही युवक की संदिग्ध मौत के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। युवक की हत्या उसके साढ़े 11 साल के पुत्र ने ही धारदार हथियार से हमला करके की थी।

इसका कारण प्रारंभिक स्थिति में पुलिस द्वारा पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। मामले में मर्ग कायम करके पुलिस ने जांच शुरू की थी, जांच पूरी होने के बाद सोमवार रात को आरोपित नाबालिग पुत्र पर केस दर्ज किया गया है। ग्राम बारियापुरा निवासी 45 वर्षीय महेश अखाड़े का शव संदिग्ध अवस्था में घर से ही मिला था। शरीर पर धारदार हथियार के निशान थे जिससे प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका थी, जिस दौरान वारदात हुई थी, उस दौरान मृतक महेश के पिता मृत्युभोज के कार्यक्रम में गांव में गए हुए थे। वहीं घर पर महेश की पत्नी और कुछ रिश्तेदार रुके हुए थे। जांच शुरू करते हुए पुलिस ने सभी के बयान लिए इसके बाद पुत्र द्वारा धारदार हथियार से हमला करने और उसी से मौत होना पाया गया। उदयनगर थाना प्रभारी दर्शना मुजाल्दा ने बताया पारिवारिक विवाद में बच्चे द्वारा हमला करना सामने आया है और पूछताछ की जा रही है।





## इलॉन मस्क की संपत्ति 600 बिलियन डॉलर पार कर गई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर शख्स इलॉन मस्क की संपत्ति 600 बिलियन डॉलर (54.60 लाख करोड़) पार कर गई है। मस्क नेटवर्थ का यह आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए हैं। इससे पहले 1 अक्टूबर को मस्क की संपत्ति 500 बिलियन (डॉलर 45.50 लाख करोड़ रुपए) पर पहुंची थी। स्पेसएक्स की 800 बिलियन डॉलर (72.80 लाख करोड़) का वैल्यूएशन और आईपीओ आने की खबर के बाद मस्क की संपत्ति में एक ही दिन में लगभग 168 बिलियन डॉलर (15 लाख करोड़) की बढ़ोतरी हुई।

इंदौर में विधायक गोलू शुक्ला के बेटे-बहू ने तोड़ा नियम

## खजराना मंदिर के गर्भगृह में एक-दूसरे को माला पहनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर- 3 से भाजपा विधायक गोलू शुक्ला का परिवार एक बार फिर चर्चा में है। इस बार मामला शहर के प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर से जुड़ा है, जहां रोक के बावजूद विधायक शुक्ला के बेटे और बहू ने गर्भगृह में प्रवेश करके एक-दूसरे को माला पहनाई।

विधायक शुक्ला के बड़े बेटे अंजनेश और उनकी पत्नी सिमरन 12 दिसंबर को खजराना गणेश मंदिर पहुंचे थे। इस वाकये का वीडियो सामने आने के बाद अब मंदिर प्रशासन की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।



अंजनेश और सिमरन का विवाह 11 दिसंबर को ही हुआ है। इसके दूसरे ही दिन वे खजराना गणेश के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान गर्भगृह में भी गए और भगवान गणेश की प्रतिमा के सामने एक-दूसरे को माला पहनाई। बता दें कि कोरोना काल से ही खजराना गणेश मंदिर के गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं के प्रवेश पर प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। इससे पहले जुलाई 2025 में विधायक शुक्ला का छोटा बेटा रुद्राक्ष जबरन उज्जैन के महाकाल मंदिर के गर्भगृह में घुस गया था। इस दौरान मंदिर कर्मचारी आशीष दुबे ने उसे रोकने की कोशिश की, तो रुद्राक्ष ने उसे धमकाया। विधायक गोलू शुक्ला भी वहां मौजूद थे।

सिंगरौली खनन परियोजना को लेकर कांग्रेस ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला

## एआईसीसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस, नेताओं ने लगाए कई आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

दिल्ली स्थित एआईसीसी में कांग्रेस ने सिंगरौली खनन परियोजना को लेकर केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार पर आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि नियमों और आदिवासी अधिकारों की अनदेखी कर जंगल और जमीन सौंपी गई, जिससे पर्यावरण और स्थानीय लोगों को नुकसान हो रहा है।

नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय एआईसीसी में सोमवार को सिंगरौली खनन परियोजना को लेकर कांग्रेस ने केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। पार्टी ने आरोप लगाया कि सिंगरौली में आदिवासियों, पर्यावरण और स्थानीय आबादी के अधिकारों को नजरअंदाज कर अडानी समूह को बड़े पैमाने पर खनन की छूट दी गई है। कांग्रेस नेताओं ने इसे संस्थागत लूट करार देते हुए कहा कि पहले छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य को उजाड़ा गया और अब मध्यप्रदेश के जंगलों की बारी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, तेलंगाना प्रभारी मीनाक्षी नटराजन, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल, पूर्व मंत्री बाला बच्चन सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



### पेड़ लगाने की बात, वहीं दूसरी तरफ जंगल कटवाने की अनुमति

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक तरफ सरकार एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान चलाती है, वहीं दूसरी तरफ हजारों-लाखों पेड़ कटवाने की अनुमति दी जा रही है। पार्टी का दावा है कि सिंगरौली के सुलियारी और धिरौली कोल ब्लॉकों में खनन के लिए करीब 2,672 हेक्टेयर जमीन अडानी को दी गई है, जहां लगभग 6 लाख पेड़ काटे जा रहे हैं।

### 204 करोड़ में सौंप दिया हजारों करोड़ का जंगल

कांग्रेस का आरोप है कि सरकार ने महज 204 करोड़ रुपए में अडानी को पूरा जंगल सौंप दिया, जबकि इस क्षेत्र में मौजूद कोयले की कीमत लाखों करोड़ रुपए आंकी जा रही है। पार्टी ने कहा कि खदान, संचालन और कोयला उत्पादन सब कुछ एक ही कंपनी के हाथ में देकर नियमों की भावना के साथ खिलवाड़ किया गया है।

**कानूनों और आदिवासी अधिकारों की अनदेखी का आरोप-** कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सिंगरौली में भूमि अधिग्रहण के दौरान 2013 के कानून को दरकिनार कर कोल बेयरिंग एरिया एक्ट का इस्तेमाल किया गया, जिससे सरकार को जबरन जमीन लेने का अधिकार मिल जाता है। आरोप है कि न तो पेसा कानून का पालन किया गया और न ही ग्राम पंचायतों से अनुमति ली गई। आदिवासियों के लिए अलग सामाजिक सर्वे कराने की अनिवार्यता को भी नजरअंदाज किया गया।

**नियम बदले गए, संस्थाओं को दरकिनार किया-** कांग्रेस का कहना है कि सिंगरौली पहले 5वीं अनुसूची क्षेत्र माना जाता था, लेकिन खनन परियोजना के लिए नियमों की व्याख्या बदल दी गई। ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी की बैठक तक नहीं बुलाई गई और वाइल्ड लाइफ से जुड़े नियमों में भी ढील दी गई। पार्टी ने आरोप लगाया कि कई मामलों में मुआवजा जमीन मालिक आदिवासियों की बजाय अन्य लोगों को मिल गया, जिस पर हाईकोर्ट ने भी संज्ञान लिया है। कांग्रेस ने साफ किया कि सिंगरौली का मुद्दा केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों और संसाधनों की रक्षा का है। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि परियोजना पर पुनर्विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## सीएम नीतीश कुमार के हिजाब खींचने पर भड़कीं जायरा वसीम



एजेंसी ▸▸ पटना

सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक वीडियो बहुत वायरल हो रहा, जिसमें वो महिला डॉक्टर को प्रमाण पत्र देते वक्त उसके चेहरे से हिजाब खींच देते हैं। उनकी इस हरकत पर सियासी घमासान तो मचा ही, इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का भी रिएक्शन आया। दंगल फेम जायरा वसीम ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए नीतीश कुमार पर अपना गुस्सा निकाला है। जायरा ने अपने एक्स अकाउंट पर नीतीश कुमार को टैग करके लिखा- 'एक महिला की गरिमा और मर्यादा कोई खिलौना नहीं है, जिससे खिलवाड़ किया जा सके। खासकर पब्लिक स्टेज पर तो बिल्कुल भी नहीं। एक मुस्लिम महिला होने के नाते, किसी दूसरी महिला के नकाब को इतनी लापरवाही से खींचते हुए देखना और साथ ही उस बेपरवाह मुस्कान को देखना, बहुत ही आक्रोश जनक था। पावर सीमाओं का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देती है। जायरा के इस पोस्ट पर यूजर्स की मिली जुली प्रतिक्रिया आ रही है।

## मंगलवार का महाकाल श्रृंगार



## धर्मनगरी में बराबर धरा रहे अधर्मी...




बूरे काम का बूरा नतीजाङ्ग धर्मनगरी में एक के बाद एक दिन ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जो बराबर वासना से ग्रसित प्रतीत हो रहे हैं। यहां की होटलों में आकर बाहर से नाम बदलकर और अन्यानेक छद्म का उपयोग कर रूकना और रूकने का प्रयास करना। उसके बाद युवतियों,महिलाओं एवं संबंधित साथी पुरूषों का पकडा जाना सामने आ रहा है। कुल जमा ये मामला अधर्म से संबंधित है। अधिकांश मामले में पुरूष एवं स्त्रियों का शादी-शुदा होकर अन्य के साथ संबंधों के मामले में धर्म नगरी में अपनी वासना पूर्ति के लिए ऐसा किया जाना सामने है। मामले में बराबर वर्दी इसका विरोध कर रहे संगठन की जागरूकता पर कार्रवाई कर रही है। धडल्ले से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। संबंधित पुरूष/युवक एवं महिला/युवतियां इस मामले में किसी भी धर्म समुदाय से संबंध रखते हों पर उनके कृत्य धर्मअनुसरण के कदापि नहीं कहे जा सकते हैं। नैतिकता के स्तर पर भी इनका कृत्य समाज में चाहे कोई भी धर्म हो उसे स्वीकर योग्य नहीं हो सकता है। इस तरह के मामलों में बराबर धर्मनगरी में बराबर वृद्धि हो रही है। खास यह है कि कुछ आश्रय स्थलों पर तो वहां के मैनेजर एवं कर्मचारी विधि मान्य तरीके से ही व्यवसाय को अंजाम दे रहे हैं और वर्दी केंद्र को पूरी जानकारी से बराबर अवगत करवा रहे हैं लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो मात्र चंद रूपयों की कमाई के फेर में अनैतिक काम को प्रश्रय दे रहे हैं । ऐसे मामलों में वर्दी बराबर सख्ती करते हुए धर्म नगरी में वासनापूर्ति के लिए आने वालों को तो दबोच ही रही है उन्हें प्रश्रय देने वाले स्थलों के जिम्मेदारों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि धर्म नगरी के एक-एक बाशिंदे को इस बात का स्मरण रखते हुए अपने कर्म को अंजाम देना चाहिए कि धर्म नगरी के नाम से ही यहां काम चल पडा है और उसके दाम बराबर मिल रहे हैं। अगर धर्म नगरी के नाम पर आंच आएगी तो दाम मिलना तो दूर है रोजी रोटी से भी मोहताज होने की नौबत आना तय है। इसके लिए आश्रय स्थल के जिम्मेदारों को नैतिकता के साथ अपने काम को अंजाम देने और ऐसे लोगों को कतई आश्रय नहीं देने के लिए पाबंद होना चाहिए। इसके साथ ही आम लोगों को भी इन अधर्मियों और अनैतिक लोगों से कोई वास्ता नहीं जताना चाहिए।

## स्टांप पेपर निर्धारित मूल्य से अधिक बेचने पर होगी कार्रवाई

**उज्जैन।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जिला कोषालय श्री कुणाल खेरड़िया ने बताया कि कतिपय स्टाम्प विक्रेताओं द्वारा स्टाम्प निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बेचे जा रहे हैं, जो कि भारतीय मुद्रांक अधिनियम 1899 तथा मध्यप्रदेश स्टाम्प रूल्स 1942 के विपरीत तथा पंजीयक मुद्रांक द्वारा निर्धारित शर्तों का उल्लंघन है। स्टाम्प विक्रेताओं को स्टाम्प पर दर्शित मूल्य पर स्टाम्प विक्रय करने निर्देश हैं। नियमों का उल्लघंन करने पर स्टाम्प विक्रेताओं को 6 माह तक का कारावास या 500 रु. तक जुमार्ना या दोनों से दंडित किया जा सकता है और लाइसेंस को निरस्त भी किया जा सकता है। स्टाम्प के अधिक मूल्य पर बेचने सम्बन्धी किसी गतिविधि के बारे में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी/पंजीयन मुद्रांक को सूचना दी जा सकती है।

### एमपीआरडीसी गो बैक के काले झंडे के साथ आज किसान रैली, प्रभावित 7 गांव भ्रमण के उपरांत दो पहिया वाहनों की रैली पहुंचेगी उज्जैन

# किसान तैयार "रोड़ नीचा, मुआवजा ऊंचा" की होगी मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रस्तावित इंदौर झउज्जैन ग्रीनफिल्ड रोड के विरोध में किसानों की रैली बुधवार को आयोजित है। पूर्व घोषित रूप से रैली के लिए किसानों ने जमकर तैयारी की है। वाहनों पर एमपीआरडीसी गो बैक के झंडों के साथ वाहन तैयार हैं। उज्जैन ग्रामीण के 7 प्रभावित गांवों का भ्रमण करने के बाद किसानों की रैली फ्रीगंज ओव्हर ब्रिज के नीचे एमपीआरडीसी कार्यालय पहुंचेगी यहां ज्ञापन दिया जाएगा जिसमें ह्लरोड़ नीचा, मुआवजा ऊंचा₹ की बात रखी जाएगी।

किसानों ने उज्जैन झइंदौर की प्रस्तावित ग्रीन फिल्ड मार्ग को लेकर मोर्चा खोल रखा है। इसके तहत किसानों ने प्रशासन के प्रस्ताव को ठुकराकर संघर्ष का बिगुल बजा दिया है। 3 दिसंबर को किसानों की बैठक में साफ तौर पर कहा गया था कि ह्लरोड़ नीचा और मुआवजा ऊंचा₹ हुआ तो ही यह रोड अस्तित्व में आ पाएगी। इसके साथ ही किसानों ने आंदोलन की रणनीति तैयार करते हुए वाहन रैली एवं एमपीआरडीसी गो बैक के काले झंडे दिखाने की तैयारी की है।




### प्रशासनिक प्रस्ताव अस्वीकार

प्रशासनिक प्रस्ताव जिसमें 12 लाख से 22 लाख रु बीघा मुआवजे को अस्वीकार किया तथा समिति के द्वारा प्रशासन को दिए गए अपने दोनों प्रस्ताव ₹रोड़ नीचा मुआवजा ऊंचा₹ को मानने के उपरांत ही रोड बनाने देने का निर्णय लिया। किसानों ने साफ कहा कि अगर किसानों को बाजार भाव का चार गुना मुआवजा और रोड़ की हाइट कम नहीं की तो एमपीआरडीसी अपने बोरे बिस्तर बांध लें।

### प्रभावित सात गांव घुमेगी रैली

किसान संघर्ष समिति के राजेश सिंह सोलंकी के अनुसार रैली लिंबापिपलिया गांव से प्रारंभ होगी। इसमें किसान साथी दो पहिया वाहनों पर सवार होकर एमपीआरडीसी गो बैक के नारे लिखे झंडे साथ लेकर निकलेंगे। करीब 500 वाहन लक्षित हैं। यह रैली गांव लिंबापिपलिया से शुरू होकर गोंदिया, हासामपुरा , पालखेड़ी, चांदमुख,दाऊद खेड़ी, चिंतामन जवासिया होकर एम पी आर डी सी कार्यालय पर पहुंचेगी और अधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

### कुल 28 गांव प्रभावित

उज्जैन-इंदौर ग्रीनफिल्ड प्रस्तावित मार्ग में कुल 28 गांव प्रभावित हो रहे हैं। इसमें 7 गांव उज्जैन एवं 21 गांव इंदौर जिले के हैं। एमपीआरडीसी इंदौर ही इस योजना को अंजाम दे रहा है। इसके तहत उज्जैन के 7 गांव के आंदोलन उज्जैन जिले में हो रहा है एवं इंदौर के 21 गांव का आंदोलन इंदौर जिले में किया जा रहा है। उज्जैन के 7 गांव के ग्रामीण हर हाल में रोड नीचा,मुआवजा उंचा की बात पर अडे हुए हैं। इंदौर जिले के अंतर्गत आने वाले 21 गांव में भी आंदोलन गति पकड रहा है।

### ये होगी ज्ञापन में मांग

संभागीय प्रबंधक मध्यप्रदेश रोड विकास निगम, इन्दौर के नाम इन्दौर - उज्जैन ग्रीनफिल्ड रोड

संघर्ष समिति उज्जैन यह ज्ञापन रैली निकाल कर सौंपेगी। इसमें किसान संघर्ष समिति की तरफ से मुख्य रूप से दो मांगे रखी जाना है। किसान नेताओं के अनुसार इंदौर से उज्जैन तक बन रही इस रोड़ की लंबाई केवल 48 किलोमीटर है। वीआईपी लोगों के उपयोग के लिए एक्सप्रेस वे की तर्ज पर इसे बनाया जा रहा है। इंदौर से उज्जैन आने में 30 मिनट इस मार्ग के बनने पर लगेंगे और अगर इस रोड़ की ऊंचाई सामान्य रखी जाए तो 40 मिनट लगेंगे जिससे हजारों किसानों को व्यापार व्यवसाय का अवसर मिल जाएगा और क्षेत्र का विकास भी होगा। सिंहस्थ में इस रोड़ पर जाम की स्थिति में अगर सामान्य ऊंचाई रही तो दूसरे लगभग 30 रास्तों से यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया जा सकेगा। इस रोड में अधिग्रहित की जा रही किसानों की जमीन का मुआवजा वास्तविक बाजार मूल्य (जो प्रस्ताव संघर्ष समिति ने दिया है) का चार गुना दिया जाए।

# ब्लेक स्पॉट पर जान बचाने की कोशिश, आन स्पाट ट्रेनिंग की तैयारी





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हाइवे के खतरनाक स्पॉट जहां अमूमन सडक दुर्घटनाएं होती रहती हैं और प्राथमिक उपचार के अभाव मे कई घायल व्यक्ति असमय ही काल कवलित हो जाते हैं उनकी सहायतार्थ पुलिस ट्रेनिंग व रिसर्च इंस्टिट्यूट ने एक प्रोजेक्ट बनाया है जो शीघ्र ही जिलेवार लागू होगा। जिला अस्पताल के कुशल चिकित्सकों, स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता , पुलिस मित्र व ब्लेक स्पाट के पास के दुकानदारों के बीच सामंजस्य व सहयोग से ये प्रोजेक्ट एक जीवन रक्षक की भूमिका निभाएगा और गोल्डन अवर ( सुनहरे घंटे ) मे उपचार मिलने से दुर्घटनाग्रस्त लोगों के लिए लाइफ सेविंग साबित होगा।

### शहर के ब्लेक स्पॉट

धार्मिक नगरी उज्जैन की मुख्य सडकों पर कुछ ब्लेक स्पॉट यातायात पुलिस ने चिन्हित किए हैं

**आगररोड पर:** आरडी गार्डी कालेज फंटा ,पलवा फंटा, निपानिया गोयल,ढाबला हर्दू

**मक्सीरोड पर:** पण्ड्याखेडी, लक्ष्मीपुरा फंटा

**इंदौर रोड पर:** महामृत्युंजयद्वार, तपोभूमि चौराहा, निनौरा

**देवासरोड पर:** सैफी पेट्रोलपंप चौराहा, चिंतामनब्रिज तिराहा, हरियाली ढाबे के पास

### फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग

वाहनो मे आग लग जाने पर चालक व वाहन सवारों को किस ढंग से सुरक्षित बचाना ये भी इस प्रोजेक्ट मे है। ट्रेनिंग द्वारा अग्नि दुर्घटनाओ से स्वयं को सुरक्षित रखकर दूसरो का जीवन बचाना सिखाया जाएगा।

### प्रशिक्षण द्वारा लाइफ सेविंग

स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता, पुलिस मित्र , मोबाइल 112 के चालक व स्पॉट के आसपास के दुकानदारों को जीवनरक्षण की प्रारंभिक उपचार तकनीक सिखाई जाएगी। इनकी संयुक्त टीम को कम्यूनिटी ट्रेनिंग सिविल हास्पिटल के नोडल अधिकारी डाक्टर देंगे। इसके लिए जिला चिकित्सालय के डॉ भगवानसिंह दांगी को ये जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### जीवन बचाने के स्टेप्स

ट्रेनिंग एक निश्चित चरण के हिसाब से दी जाएगी। लोगों को घायल या हर्दयाघात के शिकार को बचाने के लिए क्या स्टेप्स लेना है इसका व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। आन स्पाट ट्रेनिंग मे चरण होगें

1 प्रथम चरण : कॉल फार हेल्प
यानी मेडिकल हेल्प की गुहार या सूचना देना

2 द्वितीय चरण : स्ट्रोक के शिकार को आवाज देकर उसके रिस्पांस चैक करना

3 सीपी आर देना यानी कार्डियोपल्मनरी रिससीटेशन
ये बहुत महत्वपूर्ण स्टेप होती है। पहले रोगी को धरा पर समतल लौटाकर वायु मार्ग देखना होता है। उसका मुंह व नाक के मार्ग अवरूद्ध तो नहीं है ये पता लगाया जाता है। गर्दन को थोडा मोडकर उसकी छाती पर दोनो हाथ से दबाव देना पडता है फिर मुंह से मुंह मे श्वांस देना होती है। 20 सेकण्ड मे दो बार सांस देना होता है।जीवन रक्षक वालंटियर तीन मिनट मे थक जाता है फिर दूसरा वालंटियर छाती पर हथेली से दबाव बनाता है। ये क्रम चलता है जब तक स्ट्रोक का शिकार चैतन्य न हो जाए। रक्त कोशिकाओ मे संचरण करने लगता है तब उसे पास के हास्पिटल जल्दी से ले जाना चाहिए

**-डाक्टर भगवानसिंह दांगी, निश्चेतना विशेषज्ञ व नोडल अधिकारी जिला चिकित्सालय, उज्जैन।**

### तैयारियां चल रही, शीघ्र लागू

पुलिस ट्रेनिंग व रिसर्च इंस्टिट्यूट से पत्र प्राप्त हुआ है। जिला चिकित्सालय से संपर्क कर पूरी तैयारियां की जा रही हैं। ब्लेक स्पॉट चिन्हित कर लिए हैं। शीघ्र ही ट्रेनिंग की व्यवस्था हो जाएगी और जान बचाने की कारगर कोशिश की जाएगी। ये बहुत सफल प्रोजेक्ट सिद्ध होगा

**-मुकेशसिंह सोलंकी, इंचार्ज प्रोजेक्ट, यातायात पुलिस**

# फोनलेन कार्य के चलते शांति नगर-नीलगंगा मार्ग पर रहवासी स्वयं तोड़ रहे अपने मकान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



सिंहस्थ 2028 से पहले नगर के प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण की प्रक्रिया ने गति पकड़ ली है। पिछले माह हुए भूमि पूजन के बाद अब दो मार्गों पर जमीनी स्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है। शांति नगर-नीलगंगा मार्ग पर मकान मालिक स्वयं अपने मकान हटा रहे हैं।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार चौड़ीकरण के लिए जारी वर्क ऑर्डर के मुताबिक हामूखेड़ी मार्ग तथा शांति नगर-नीलगंगा चौराहा मार्ग पर चौड़ीकरण के लिए प्रभावित भवनों को नोटिस दिए जा चुके हैं। कई स्थानों पर मकान मालिक स्वयं आगे बढ़कर चिह्नित हिस्सों को हटा रहे हैं। नालियों, चबूतरों और अन्य अस्थायी निमार्णों को भी हटाया जा रहा है, ताकि निर्माण एजेंसियों को बिना बाधा कार्य स्थल मिल सके। हामूखेड़ी-बिजासन माता मंदिर से देवास रोड तक का मार्ग लगभग 900 मीटर लंबा और 18 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इस परियोजना पर सिंहस्थ मद से 10.40 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यहां फोरलेन सीसी रोड के साथ सेंट्रल डिवाइडर, स्ट्रीट लाइटिंग, पैदल पथ और नाली निर्माण जैसे सभी कार्य एक साथ किए जाएंगे। क्षेत्र में खुले भूखंड अधिक होने के कारण केवल लगभग 50 मकान इस चौड़ीकरण से प्रभावित हो रहे हैं। इसी तरह शांति नगर से नीलगंगा चौराहा तक 2.76 किलोमीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण 31.37 करोड़ रुपये की लागत से किया जाना है। इस मार्ग पर कुल 350 मकान प्रभावित बताए गए हैं। पहले चरण में नीलगंगा क्षेत्र से 300 मीटर हिस्से में आने वाले 27 मकानों को नोटिस जारी किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार कार्य चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि स्थानीय निवासियों को कम से कम असुविधा हो। वहीं दूसरी ओर रवींद्रनाथ टैगोर मार्ग, खजूर वाली मस्जिद से जीवाजीगंज थाना तक प्रस्तावित चौड़ीकरण को फिलहाल होल्ड पर रखा गया है। केडी गेट से खजूर वाली मस्जिद तक पहले से जारी निर्माण कार्य और खुदाई के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। प्रशासन का कहना है कि वहां का काम पूरा होते ही इस मार्ग पर भी चौड़ीकरण शुरू कर दिया जाएगा। नगर निगम अधिकारियों का दावा है कि इन सभी परियोजनाओं के पूर्ण होने से सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम की समस्या काफी हद तक समाप्त होगी।

### सरकार नए जेल अधिनियम को लागू नहीं कर पाई

# जेलों में लागू अंग्रेजों के जमाने का कानून बदलने में फिर अंग्रेजी आड़े आ गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन-भोपाल

भले ही सरकार जिले सहित मध्य प्रदेश की जेलों में लागू कानून को बदलने का प्रयास कर रही हो लेकिन जानकारी के अनुसार, मप्र की जेलों में लागू अंग्रेजों के जमाने का कानून बदलने में फिर अंग्रेजी आड़े आ गई है।

दरअसल, विभाग एक्ट के रूल्स (नियम) अंग्रेजी में बनाना भूल गया था, इसलिए इसका क्रियान्वयन नहीं हो पाया। फिर इस अधिनियम का क्रियान्वयन एक जनवरी, 2025 से किए जाने के संबंध में सरकार ने पुराने नोटिफिकेशन को अधिक्रमित करते हुए गत 30 सितंबर, 2024 को नया नोटिफिकेशन जारी किया था। जेल मुख्यालय निर्धारित समयावधि में अंग्रेजी में एक्ट के रूल्स तैयार नहीं कर पाया, इस कारण इसे एक जनवरी, 2025 से लागू नहीं किया जा सका।

इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से नए जेल अधिनियम में संशोधन करने का आदेश जारी कर दिया, सरकार करीब साल भर से अधिनियम में संशोधन करने की एक्सरसाइज कर रही है, लेकिन यह काम पूरा नहीं हो पाया है। खास बात यह है कि जुलाई, 2024 में विधानसभा के मॉनसून सत्र में नया जेल अधिनियम पारित होने के बाद इसे पिछले साल गांधी जयंती (2 अक्टूबर) से लागू करने की तैयारी थी, फिर सरकार ने एक जनवरी, 2025 की तारीख निर्धारित कर दी थी, लेकिन दो गांधी जयंती बीतने के साथ एक जनवरी की दूसरी तारीख आने वाली है, लेकिन सरकार नए जेल अधिनियम को लागू नहीं कर पाई है।

मप्र सरकार जेलों में सुधार के लिए लाए गए कानून को 17 महीने बाद भी लागू नहीं कर पाई है। इस एक्ट में कहा है कि जेलों में व्यवस्था संबंधी बदलाव कर कैदियों के पुनर्वास और समाज में उनके एकीकरण की दिशा में काम किए जाएंगे। सरकार इसके लिए केंद्रीय जेल के साथ जिला और उप जेलों की व्यवस्थाओं में बदलाव भी लाएगी ताकि जेलों में क्षमता से अधिक मौजूद कैदियों, विचाराधीन बंदियों को बैरक, सेल और अन्य सुविधाएं मिल सकें। कैदियों की कुंडली के हिसाब से बैरक भी तय करने की बात नए कानून में कही गई है।

गौरतलब है कि मप्र विधानसभा के जुलाई, 2024 में आयोजित मानसून सत्र में मप्र सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह विधेयक-2024 पारित किया गया था। सरकार ने नया जेल अधिनियम 2 अक्टूबर, 2024 से क्रियान्वित करने की तैयारी की थी। जेल विभाग ने 13 अगस्त 2024 को जारी किए गए आदेश में कहा था कि प्रदेश में गांधी जयंती (2 अक्टूबर 2024) के दिन से मप्र सुधारात्मक सेवाएं और बंदीगृह अधिनियम 2024 को लागू किया जाएगा। यह आदेश सरकार की प्रबंधन संबंधी तैयारियों में कमी के चलते टालना पड़ा था और फिर नए दूसरे नोटिफिकेशन में एक जनवरी 2025 से इसे लागू करने के का कहा गया था। लेकिन अभी भी यह कानून लागू नहीं किया गया है।

# प्रबंध समिति: महाकाल व कॉरिडोर को बनाएंगे वूमन फ्रेंडली, 1100 महिला कर्मचारियों को देंगे ट्रेनिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए अकेली आ रही हैं तो यह खबर आपके काम की है। मंदिर परिसर और कॉरिडोर को वूमन फ्रेंडली बनाया जाएगा। इसके लिए मंदिर की 1100 महिला कर्मचारियों को बारी-बारी से 15 दिन तक रोज एक घंटे ट्रेनिंग दी जाएगी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, मप्र पर्यटन बोर्ड, सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट 17 दिसंबर से इसकी शुरूआत करेंगे। पहली बैच में मंदिर की 38 कर्मचारियों को ट्रेनिंग से जोड़ा जाएगा। उप प्रशासक सिम्मी यादव को इसकी नोडल अफसर बनाया है। वे ट्रेनिंग के बाद महिला दर्शनार्थियों का फीडबैक भी लेंगी।

मंदिर परिसर को महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना अंतर्गत ट्रेनिंग दी जाएगी। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल की डॉ. रंजना मिश्रा ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर में कार्यरत महिला कर्मचारियों को उज्जैन में महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल के तहत महिला अनुकूल संवेदनशील कॉरिडोर बनाने पर ट्रेनिंग दी जाएगी।

इसमें उन्हें सिखाएंगे कि अकेली महिला के दर्शन-पूजन के लिए आने पर उन्हें किस प्रकार का सहयोग दें। ऐसी महिलाएं तो ब्रेस्ट फीडिंग करवाती हैं, उन्हें कैसे मदद की जा सके। बुजुर्ग महिलाएं जिन्हें पैदल चलने में परेशानी आती है, उन्हें दर्शन के साथ प्रसाद लेने में भी गुड फील हो, इस तरह का वातावरण बनाया जाएगा।





### खुद महसूस किया, महिलाओं से अच्छा व्यवहार नहीं होता

महिलाओं के लिए ट्रेनिंग का मसौदा लेकर आई मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल की डॉ. रंजना मिश्रा ने कहा कि उन्होंने खुद महसूस किया कि परिसर में महिलाओं के साथ किस प्रकार का व्यवहार किया जाता है। वे जब प्रसाद लेने गई तो कई लोगों ने आवाज देकर बुलाया कि पांच रुपए में प्रसाद। जब वे प्रसाद लेने आगे बढ़ी तो उन्हें कहा गया कि यह तो 80 रुपए की है। उन्होंने पूछा कि आप तो इसे पांच रुपए की बता रहे थे। जवाब मिला कि यहां तो इसी रेट में मिलेगा। पांच में मिले तो आप कहीं और से ले लीजिए। डॉ. मिश्रा ने कहा कि इसी व्यवहार को सुधारने की जरूरत है। शुरूआत मंदिर की महिला कर्मचारियों से करेंगे। बाद में पुरुष कर्मचारियों को भी सिखाएंगे।

### पहली बैच में 38 महिला कर्मचारियों को देंगे ट्रेनिंग

मंदिर में आने वाली हर महिला भक्त को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ उन्हें दर्शन, पर्यटन में मदद करने के लिए महिला कर्मचारियों को 15 दिन तक ट्रेनिंग दी जाएगी। इसकी शुरूआत 17 दिसंबर से करेंगे। पहली बैच में 38 महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। -सिम्मी यादव, डिप्टी कलेक्टर व सहायक प्रशासक महाकाल मंदिर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार 17 दिसम्बर, 2025 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### निनोरा में जल निगम द्वारा क्लस्टर स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित, परियोजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा सोमवार को परियोजना प्रचार-प्रसार एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत निनोरा में क्लस्टर स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विकासखण्ड उज्जैन के लगभग 20 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर किया गया। इस दौरान श्रीमती पूजा जायसवाल सरपंच ग्राम पंचायत निनोरा एवं उंडासा सरपंच रमेश चंद्र शर्मा उपस्थित थे। इसके पश्चात उपस्थित समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत जल निगम की टीम द्वारा किया गया। इसके पश्चात कन्हैयालाल वर्मा असिस्टेंट मैनेजर कम्युनिटी द्वारा कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी सभी को दिया गया । इसके बाद कार्यक्रम में आईएएस की संपूर्ण जानकारी जितेंद्र वर्मा एवं मनोज खेरवाल द्वारा दी गई।

### कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**उज्जैन।** एडवांस कॉलेज में विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य के साथ ही वर्षभर अनेकों अतिरिक्त गतिविधियां कराई जाती हैं। इसी क्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण कराया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने विक्रम उद्योगपुरी स्थित पंचामृत दूध डेयरी का अवलोकन किया। डेयरी के टेक्नीकल ऑफिसर हार्दिक एवं केवल गोसाई ने विद्यार्थियों को डेयरी उद्योग व उत्पाद संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी व डेयरी निर्मित पदार्थों की कार्य विधि बताई। इस औद्योगिक भ्रमण में संस्था के प्रो. आतिश शर्मा, प्रो. सुमित भार्गव, प्रो. यशी वैरागी, प्रो. ऐश्वर्या उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था निदेशक ने बधाई दी।

### छात्रावास के बालकों को दिया कॅरियर मार्गदर्शन



**उज्जैन।** शासकीय ज्ञानोदय बालक छात्रावास, लालपुर में विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा देने के लिए कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय की प्राचार्य संध्या शर्मा तथा एक्स नेवी संजय कुमार प्रधान ने छात्रावास में निवासरत सभी बच्चों को मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य शर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण तथा निरंतर परिश्रम के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा सही समय पर सही मार्गदर्शन मिलने से विद्यार्थी अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार कॅरियर का चयन कर सकते हैं। वहीं प्रधान ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को सेना, नेवी, एयरफोर्स सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, शासकीय सेवाओं और अन्य करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आत्मविश्वास, देशभक्ति, शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस का महत्व बताते हुए बच्चों को अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया। काउंसलिंग सत्र में विद्यार्थियों ने अपने भविष्य से जुड़े प्रश्न पूछे।

# महाकाल मंदिर के पुजारियों में नाराजगी...



## फिर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का किया गया दुरुपयोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग हर कोई करना चाह रहा है। टेक्नोलॉजी जिस प्रकार लोगों के लिए सहायक हो रहा है, लेकिन बहुत से लोग ऐसे भी हैं जो इसका दुरुपयोग कर करने लग जाते हैं। आए दिन कोई न कोई वीडियो या फोटो ऐसी सामने आती है, जिसका सच्चाई से कोई वास्ता नहीं होता है। महाकाल मंदिर से जुड़ा ऐसा ही एक आपत्तिजनक फोटो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए फर्जी एआई फोटो को बाद अब हंगामा मच गया है। युवक ने एआई तकनीक की मदद से अपने आपको महाकाल मंदिर के गर्भगृह में मौजूदगी दिखाई। सोश्यल मीडिया पर वायरल दो तस्वीरों में युवक



कभी शिवलिंग के पास बैठा दिखाई दे रहा है, तो कभी शिवलिंग के पास पाटे पर बैठा हुआ दिख रहा है, जहां बैठने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारियों को होता है। सोशल मीडिया पर ये तस्वीरें सामने आते ही मंदिर से जुड़े पुजारियों मे नाराजगी जताई है।

### सकारात्मक कार्यों के लिए हो सोशल मीडिया का उपयोग



पुजारियों का कहना है कि मंदिर जैसे पवित्र स्थल को सोशल मीडिया पर सस्ती लोकप्रियता का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा है कि सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक कार्यों के लिए करें न कि धार्मिक स्थलों, परंपराओं और संतों की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए।

### एफआईआर दर्ज करने की भी मांग उठी

महाकाल मंदिर के पुजारी पं महेश पुजारी ने इस कृत्य पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि इस प्रकार के फर्जी फोटो लोगों को भ्रमित कर सकते हैं और देश-दुनिया में देखने वाले लोग युवक को पुजारी समझ बैठेंगे। उन्होंने इसे धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला और मंदिर की गरिमा के खिलाफ बताया। पुजारियों ने शासन-प्रशासन और मंदिर समिति से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की भी मांग उठी है।

**युवक की फर्जी फोटो से मचा हंगामा-** देश के प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए फर्जी एआई फोटो के बाद अब जमकर हंगामा मच गया है। युवक ने एआई तकनीक की मदद से अपने आपको महाकाल मंदिर के गर्भगृह में मौजूद दिखाया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं इन तस्वीरों को लेकर जमकर बवाल मचा हुआ है।

### सीएम हेल्पलाइन मामले में लापरवाही पर मंडी सचिव की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सीएम हेल्पलाइन मामले में लापरवाही पर मंडी सचिव की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं महिदपुर के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने का कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग में लंबित 42 शिकायतों का निराकरण दो दिन में करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसआईआर कार्य की समीक्षा की।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की विभागवार और ब्लॉकवार समीक्षा कर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और लंबित शिकायतों का निराकरण माह की ग्रेडिंग के पहले करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नॉन अटेंडेड शिकायतों के लिए सीएमओ महिदपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। मंडी सचिव और अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के बाद भी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण पर ध्यान ना देने पर कलेक्टर सिंह ने मंडी सचिव की वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

### शहर का सबसे पहला सिनेमा घर

# रीगल टॉकीज का भवन आधा टूटा

**70 साल से अधिक पुराना फिल्मों का इतिहास समाप्त होने को**



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की कई पीढियों को फिल्म दिखाने वाला सबसे पहला रीगल टॉकीज अब लगभग समाप्त होने जा रहा है। इसे आधा तोड़ा जा चुका है और अब दो-चार दिन में पूरा ढह जाएगा। आजादी के बाद से लगभग 60 के दशक से फिल्मों का इतिहास समेटे हुए रीगल टॉकीज पिछले कई दिनों से खड़ा था हालांकि यह पिछले कई सालों से बंद पड़ा था पहले भी यहां परिसर बनाने की योजना चली थी लेकिन बाद में यह मामला ठंडा बस्ते में चला गया था लेकिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने यहां मुख्यमंत्री बने के बाद पहली घोषणा की थी कि इस खुला परिसर और कॉम्पलेक्स बनाया जाए टेंडर और अन्य प्रक्रिया में यहां 2 साल लग गए।

#### पुराने जमाने का सिनेमाई इतिहास खत्म

एक समय था जब उज्जैन शहर में 9 से 10 टॉकीज हुआ करते थे। पहले जहां लोग रीगल जैसे टॉकीज में फिल्में देखने जाते थे, अब वही अनुभव मल्टीप्लेक्स के पास सिमट कर रह गया है। रीगल टॉकीज के टूटने के बाद उज्जैन का फिल्म देखने का पुराना इतिहास समाप्त हो जाएगा।

**सिनेमाघरों की जगह मल्टीप्लेक्स ने लिया स्थान-** अब जहां रीगल टॉकीज और अन्य पुराने सिनेमाघर हुआ करते थे, वहां मल्टीप्लेक्स के आधुनिक सिनेमाघर अपनी जगह बना चुके हैं। हालांकि, शहर के कुछ बुजुर्ग अब भी पुराने सिनेमाघरों की यादें ताजा करते हैं और उन्हें सिनेमा का वो स्वर्णिम युग याद आता है, जब यह टॉकीज शहर के फिल्म प्रेमियों के लिए एक प्रमुख केंद्र हुआ करता था।

### बीएसएनएल की संपत्ति 19 अरब से अधिक की

**उज्जैन।** माली हालत से उबरने के लिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) अपनी संपत्तियाँ बेचेगा। इसके लिए केंद्रीय दूरसंचार मंत्रालय ने बीएसएनएल की मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित 56 अचल संपत्तियों को बेचने को कहा है। मध्य प्रदेश सरकार को भी ऑफर दिया गया है कि ये संपत्तियां उसके सार्वजनिक उपक्रम और स्थानीय निकाय भी खरीद सकते हैं। वैसे तो बीएसएनएल की विक्रय लायक संपत्ति पूरे प्रदेश में लेकिन अकले उज्जैन में बीएसएनएल की एक ही संपत्ति की कीमत 19 अरब से अधिक है। बीएसएनएल ने बेचे जाने वाली अचल संपत्तियाँ भी दी गई हैं, जिन्हें मध्य प्रदेश सरकार किराये पर भी ले सकती है।

### पति को जान से मारने की धमकी दी

## महाकाल के दर्शन कर लौट रही महिला के साथ छेड़छाड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

**दो युवक मौके से फरार हो गए , एक आरोपी को किया गिफ्तार**

बाबा महाकाल के दर्शन कर लौट रही एक महिला के साथ दूसरे समुदाय के कुछ युवकों द्वारा अश्लील टिप्पणी करने और धमकी देने का एक मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब महिला अपने पति और देवर के साथ स्कूटी से घर लौट रही थी। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है, वही एक आरोपी को राउंडअप कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

मामला बेगमबाग से हरिफाटक ब्रिज के बीच महाकाल थाना क्षेत्र का है। पीड़िता अपने पति और देवर के साथ स्कूटी से घर लौट रही थी। इसी दौरान ब्रिज पर रुकने के समय नेवी ब्लू रंग की बिना नंबर की होंडा एक्टिवा पर सवार तीन युवकों ने महिला को अश्लील नजरों से देखते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की। महिला के पति और देवर द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

जब पीड़िता के पति ने पुलिस को इस वारदात की सूचना दी तो तीनों युवक मौके से फरार हो गए। बाद में पीड़िता अपने पति व देवर के साथ थाने पहुंची और पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की कार्रवाई के बाद आरोपियों की पहचान हुई है। तीनों आरोपी उसी क्षेत्र के निवासी हैं, जिनके नाम पासा, अरबाज और सोहेल हैं। इनमें से सोहेल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, अन्य दो की तलाश जारी है। महाकाल थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर बैठक आयोजित

## संशोधन करवाने के लिए बीएलओ से फॉर्म लेकर जमा करा सकते है- संभागायुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संभागायुक्त एवं रोल प्रेक्षक आशीष सिंह ने उज्जैन जिले में किए जा रहे निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण की समीक्षा प्रशासनिक संकुल भवन उज्जैन में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में की। उन्होंने बैठक में बताया कि मतदाता सूची में नाम जोडने का कार्य लगातार जारी है।

गहन पुनरीक्षण में भी मतदाता, बीएलओ से फॉर्म लेकर सही जानकारी भरकर जमा करवा सकते है। इसके साथ ही 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक दावें आपत्ति भी प्रस्तुत किए जा सकेंगे। जिससे मतदाता सूची में नाम जोडने तथा संशोधन का काम भी होगा।



बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रौशन कुमार सिंह , विधानसभा क्षेत्र -216- उज्जैन उत्तर एवं 217 उज्जैन दक्षिण के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, एवं कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया(मार्क्सवादी) के जिला स्तरीय पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप सिंह द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। संशोधित कार्यक्रम अनुसार विभिन्न कार्यवाहियों में गणना पत्रकों से संबंधित कार्यवाही 18 दिसंबर तक की जाएगी। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 26 को किया जाएगा। संशोधित कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 25 दिसंबर को किया जाना है। नवीन मतदाता का नामावली में नाम जोडे जाने एवं मतदाता की व्यक्तिगत जानकारी में संशोधन की प्रक्रिया प्रचलन में है। नाम जुडवाने हेतु फार्म 6 एवं संशोधन हेतु फार्म 8 समुचित दस्तावेज के साथ घोषणा पत्र जमा किया जाना अनिवार्य है।

### चौराहे का नामकरण सहस्त्रबाहु अर्जुन के नाम पर करने की मांग

**उज्जैन।** कलाल समाज ने इंदौर रोड पर तपोभूमि के आगे निमार्णाधीन ब्रिज के अंडर पास पर बन रहे चौराहे का नाम सहस्त्रबाहु अर्जुन चौराहा रखने की मांग की है। इसके साथ ही प्रतिमा भी स्थापित करने की अनुमति देने की मांग की है। कलाल समाज के पदाधिकारियों ने बताया उज्जैन क्षेत्र में कलाल समाज के अराध्य देव सहस्त्र बाहु अर्जुन हैं।

### नेशनल लोक अदालत में समझौते से परिवार टूटने से बचे

# लोक अदालत ने राजीनामा कराकर परिवारों को टूटने से बचाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोक अदालत विवाद के पक्षकारों को समझौते के आधार पर सहज एवं सुलभ न्याय दिलाने का सरल एवं निःशुल्क माध्यम है। लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण से पक्षकारों समय एवं धन की बचत होती है तथा आपसी भाईचारा एवं सद्भाव भी बना रहता है, उक्त बात शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश पूरन चंद्र गुप्ता ने कही।

जिला न्यायालय भवन के मुख्य प्रवेश द्वार पर विशेष न्यायाधीश एवं संयोजक नेशनल लोक अदालत अरविंद प्रताप सिंह चौहान, श्री संजीव कुमार गुप्ता प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय उज्जैन, राकेश कुमार गोयल, अति. प्रधान न्यायाधीश,





कुटुम्ब न्यायालय, सर्वश्री न्यायाधीशगण संजय श्रीवास्तव, विवेक कुमार चंदेल, कपिल नारायण भारद्वाज, अमित कुमार गुप्ता, श्रीमती मंजुल पाण्डेय, संतोष सैनी, पवन कुमार पटेल, हेमंत सविता, विकास चौहान, अश्विन परमार, मनोज कुमार भाटी, न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, ओम सारवान अध्यक्ष मण्डल अभिभाष संघ, पेनल लॉयर्स एवं अतिथिगण के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कर समस्त पीठासीन अधिकारियों को नेशनल लोक अदालत में रखे गए प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण हेतु शुभकामनाएँ दी गई ।

विगत शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में पिछली लोक अदालतों की अपेक्षा इस बार कई हजारों की संख्या में पक्षकारगण, आम नागरिक उपस्थित हुए एवं लांभावित हुए। विशेषकर पारिवारिक प्रकृति के विवादों के साथ-साथ क्लेम, विद्युत चोरी, बाउंस, आपराधिक एवं दीवानी प्रकरणों का काफी संख्या में निराकरण हुआ। पारिवारिक प्रकरणों में अनेक बिछड़े हुए परिवारों को मिलाया गया।

### दुर्घटना क्लेम प्रकरणों में पीड़ित व्यक्तियों को लाखों रूपए की क्षतिपूर्ति राशि के अवॉर्ड भी पारित

मोटर दुर्घटना क्लेम प्रकरणों में पीड़ित व्यक्तियों को लाखों रूपए की क्षतिपूर्ति राशि के अवॉर्ड भी पारित हुए। नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को दी गई समझाईश के आधार पर लगभग 26 परिवार टूटने से बचें। दोनों पक्षों के चेहरों पर खुशियों लौटी, बच्चों को माता-पिता दोनों का प्यार मिलेगा। उज्जैन निवासी प्रियांशी का विवाह नरसिंहगण निवासी भगवत के साथ धूमधाम से हुआ था। भगवत का परिवार सोच वाला था। प्रियांशी के तीन पुत्रियां हुई। इस कारण ससुराल पक्ष ने प्रियांशी को पुत्र न पैदा करने के लिए कोसना शुरू कर दिया। सास बोलती थी तू तो बस बेटियां ही लाई जा रही है। हमारा वंश कैसे चलेगा और इस बात को लेकर सभी प्रियांशी से झगड़ने लगे। आखिरकार प्रियांशी 2024 में अपनी तीन बेटियों के साथ मायके चली आई। यहां माता-पिता ने सहारा दिया। लेकिन आर्थिक तंगी ने परेशान कर दिया। प्रियांशी ने परिवार न्यायालय में भरण-पोषण प्रकरण दर्ज कराया। भगवत ने इंकार किया, कहा कि प्रियांशी अपनी मर्जी से मायके चली गई है। सुनवाई चल रही थी, जब लोक अदालत का अवसर आया। लोक अदालत के सदस्यों ने दोनो पक्षों को बुलाया। उन्होंने प्रियांशी से कहा, बेटी, बेटियां भी तो वंश चलाती है। आज कल जमाना बदल गया है। भगवत को समझाया, पुत्र-पुत्री में भेदभाव न करें, परिवार एकजुट रहना चाहिए। लोक अदालत में काउंसलिंग के बाद दोनों पक्ष सहमत हो गए। भगवत ने वादा किया कि वह कभी पुत्र की चाह नहीं करेगा और सम्मान देगा। साथ ही भरण-पोषण भी करेगा। समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इसके साथ ही प्रियांशी बेटियों के साथ ससुराल लौटी। लोक अदालतें ऐसे ही लाखों परिवारों को नई जिंदगी देती है।इस लोक अदालत में विद्युत अधिनियम संबंधी विशेष न्यायाधीश (शहरी क्षेत्र) संजय श्रीवास्तव द्वारा 60 एवं विद्युत अधिनियम विशेष न्यायाधीश (ग्रामीण क्षेत्र) श्री संतोष सैनी द्वारा 52 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिनमें काफी प्रकरण 02 साल से अधिक अवधि से न्यायालय में लंबित थे।

**आपकी खबरें...**

## महापौर श्री टटवाल ने किया चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण



**उज्जैन।** मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगम अधिकारियों के साथ कोयला फाटक से निजात पूरा एवं खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट तक किये जा रहे रोड चौड़ीकरण के कार्य का निरीक्षण किया।

क्षेत्र के रहवासियों द्वारा स्वयं अपनी स्वेच्छा से अपने मकानों के चिन्हित भाग को हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया है निगम द्वारा यहां पर नाली निर्माण, विद्युत पोल लगाने, रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है, कोयला फाटक कार्य में डीएलसी रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है 100 मीटर क्षेत्र में डीएलसी का कार्य पूर्ण होकर सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा जिससे उक्त मार्ग पर आवागमन संचालन प्रारंभ होगा साथ ही खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट होते हुए मकानों को हटाने का कार्य पूर्ण हो चुका है वर्तमान में नाली निर्माण एवं विद्युत पोल लगाने के कार्य प्रारंभ किए जाएंगे इसी के साथ वार्ड क्रमांक 51 अंतर्गत कायाकल्प अभियान अंतर्गत महानंदा नगर बी सेक्टर में किए जा रहे डामरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

# शहर में ई-रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ रही, रूट भी निर्धारित नहीं

### सवारी बैठाने के लिए जहां मर्जी हो वहां सड़क पर ई-रिक्शा खड़ा कर यातायात व्यवस्था बिगाड़ रहे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



शहर में ई-रिक्शा की की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है नौसिखियों के हाथ में इनकी कमान होने से हमेशा यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। सवारी बैठाने के लिए जहां मर्जी हो वहां सड़क पर यह ई-रिक्शा खड़ा कर यातायात व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। महाकाल मंदिर की तरफ जाने वाले मार्ग की संकरी गलियों में ई रिक्शा की वजह से हमेशा जाम लगा रहता है। इनका रूट भी निर्धारित नहीं किया गया है। इसकी वजह से यह कहीं भी खड़े होकर ट्रैफिक व्यवस्था को चौपट कर रहे हैं महाकाल क्षेत्र में हमेशा जाम की स्थिति बनती है साथ ही कार सहित अन्य चौपाइयां वाहन भी महाकाल मंदिर की तरफ की संकरी गलियों से होकर निकल रहे हैं। इसलिए इन मार्गों पर हमेशा जाम लगा रहता है। ई-रिक्शा की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है । लेकिन ना तो इन ई-रिक्शा का रूट निर्धारित किया गया है ना ही इनकी मनमानी पर कोई लगाम कसी जा रही है खास बात तो यह है कई ई-रिक्शा की कमान नौसिखियों के हाथ में है इस वजह से यात्रियों की जान भी जोखिम में है। कई तो नशे में धूत होकर ई-रिक्शा चलाते हैं। सड़क पर स्टंट करते हुए भी पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों को पकड़कर उनको सबक सिखाया था लेकिन उसके बाद भी इनकी हरकतों से यह बाज नहीं आ रहे हैं इसके अलावा इनको किस रूट पर संचालित करना है इसका कोई निर्धारण नहीं किया जा रहा है। ई-रिक्शा को दो शिफ्ट में चलाने की व्यवस्था शुरू की गई थी लेकिन वह व्यवस्था भी फेल साबित हुई।वर्तमान में ई रिक्शा की संख्या हजारों में है ओर यह थमने की जगह बढ़ती जा रही है, जिसके कारण शहर में सड़कों की चाल बिगड़ती जा रही है ओर आम जनमानस जाम के कारण हर रोज परेशान हो रहे है।

#### सड़कों की बिगड़ रही चाल

जिस संख्या में ई-रिक्शा का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है उसके बाद भी आरटीओ विभाग यह नहीं समझ पा रहा है कि इनकी संख्या बढ़ने से शहर में क्या हालात होगें? वैसे शहरी परिवहन सेवा में संचालित वाहनों के लिए रूट का निर्धारण करना आरटीओ का काम है जिससे सड़कों की चाल बिगड़ न सके, लेकिन ई-रिक्शा व ऑटो का संचालन हो रहा है। वैसे शहर की ट्रैफिक सुधार के लिए करोड़ो की राशि खर्च कर तमाम काम किए जा रहे है, कुछ दिनों पहले ही कई जगह चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल भी लगाए गए हैं।लेकिन सवाल यह है कि जब वाहनो का संचालन ही मार्ग के हिसाब से नहीं होगा तो फिर ट्रैफिक सुधार कैसे होगा?

## श्री सिन्हा के भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर कायस्थ समाज में हर्ष- मंगेश

### श्री सिन्हा को भेजा भगवान श्री चित्रगुप्त व बाबा महाकालेश्वर के दर्शन हेतु आमंत्रण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय नेता, बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री कायस्थ रत्न नितीन नवीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने पर उज्जैन कायस्थ समाज के उज्जैन उत्तर विधानसभा के अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा भारत द्वारा भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

उज्जैन कायस्थ समाज के उज्जैन उत्तर विधानसभा के अध्यक्ष मंगेश श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज से आने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सिन्हा को खाकचोक स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त जी मंदिर एवं विश्व प्रसिद्ध श्री बाबा महाकालेश्वर के दर्शन करने आने का आमंत्रण भेजा। मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि श्री सिन्हा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से उज्जैन के कायस्थ समाज में खुशी की लहर हैं। समस्त समाजजनों ने कहा कि श्री सिन्हा पर भगवान श्री चित्रगुप्तजी एवं बाबा महाकाल का सदा आशीर्वाद बना रहे।

मंगेश श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का जन्म 23 मई, 1980 को रांची (झारखंड) में हुआ। इनके पिता स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा पटना पश्चिम से 4 बार विधायक रहे। नितिन नवीन स्वयं 5 बार से लगातार बिहार विधानसभा के सदस्य हैं। पहली बार 2006 में पटना पश्चिम सीट से विधायक चुने गए। उसके बाद 2010, 2015, 2020 और 2025 में बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार विधायक चुने गए। 2010 से 2013 तक भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर रहे। 2016 से 2019 तक बिहार भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का पद संभाला।

2019 में सिक्किम राज्य भाजपा संगठन प्रभारी का पद संभाला। 2021 में बिहार सरकार में सड़क निर्माण विभाग मंत्री का पदभार संभाला। 2021 से 2024 तक छत्तीसगढ़, भाजपा के सह-प्रभारी रहे।

2024 में बिहार सरकार में विधि विभाग और शहरी विकास एवं आवास मंत्री का पद संभाला। जुलाई 2024 से वर्तमान तक छत्तीसगढ़, भाजपा के प्रभारी का पदभार संभाल रहे हैं। वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण और शहरी विकास एवं आवास मंत्री के पद पर हैं। 14 दिसंबर, 2025 को उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

## लाड़ली बहनों का अपमान करने वाले मंत्री विजय शाह का फूंका पुतला



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

लाड़ली बहनों के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक एवं स्त्री-विरोधी शब्द बोलने वाले भाजपा के मंत्री विजय शाह का महिला कांग्रेस द्वारा पुतला दहन किया गया वहीं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की।

महिला कांग्रेस की पूर्व शहर अध्यक्ष सोनिया ठाकुर एवं पूर्व जिलाध्यक्ष स्वाति सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की लाड़ली बहना योजना, जो प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता से जुड़ी है, उसी योजना की लाभार्थी बहनों के लिए रतलाम में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शाह द्वारा अत्यंत आपत्तिजनक, अमर्यादित एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया, जो न केवल महिलाओं के स्वाभिमान का घोर अपमान है, बल्कि एक जनप्रतिनिधि द्वारा की गई गंभीर असंवेदनशीलता एवं मानसिक हिंसा भी है। यह बयान महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध है, संविधान द्वारा प्रदत्त समानता व सम्मान के अधिकार का उल्लंघन है, तथा भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। सोनिया ठाकुर, स्वाति सिंह के साथ ही उषा मालवीय, सीमा पटेल, गीताबाई सहित अन्य महिलाओं ने विजय शाह का पुतला दहन करते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा तथा मांग की कि मंत्री विजय शाह के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए तथा संबंधित वीडियो/ऑडियो साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच प्रारंभ की जाए। महिलाओं की गरिमा भंग करने जैसे गंभीर अपराध में सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## म.प्र.प्रेस क्लब के 33वें स्थापना समारोह में प्रतीश मेहता म.प्र.रत्न अलंकरण से सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



भोपाल में मध्यप्रदेश प्रेस क्लब की स्थापना के 33 वर्ष पूर्ण होने पर रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार मे आयोजित मेरा मध्यप्रदेश में नौ नवरत्न व सात मध्यप्रदेश श्री का गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य आतिथ्य के रूप मे मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायाधीश जिन्होंने श्रीराम मंदिर पर अपना महत्वपूर्ण फैसला सुनाया था एवं जूनापीठाधीश्वर महामंडलेश्वर ध्यान शेलेषानंद गिरी महाराज के साथ प्रेस क्लब अध्यक्ष नवीन आनंद जोशी एवं महासचिव शिशिर उपाध्याय मंचासिन थे। अत्यंत ही गरिमामय समारोह एवं विशिष्ट जनों की उपस्थिति में

प्रदेश तथा देश दुनिया में मध्यप्रदेश की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले नो प्रदेश नवरत्न सम्मान एवं सात मध्यप्रदेश श्री के अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया। जूरी व्दारा चयनित नो नवरत्न हस्तियों में उज्जैन के मूल निवासी सुप्रसिद्ध संदेश प्रद वेबसिरिज कोटा फेक्ट्री सिजन तीन एवं हांफ सी.ए.ओर एस.के.सर की क्लास के युवा निर्देशक प्रतिश लव मेहता के साथ ही सुशील दोषी पद्मश्री क्रिकेट विश्लेषक, गायिका कलापिनी कोमकली, फिल्म निर्देशक देवेन्द्र मालवीय, कत्थक नृत्यांगना अमृता जोशी,फेशन डिजाइनर मुमताज खान, वरिष्ठ पत्रकार जयदीप कर्णिक ,टीवी पत्रकार दिनेश गोतम ओर न्यूज एडिटर सोनल भारद्वाज शामिल थे।

वही मध्यप्रदेश श्री अलंकरण से एयर कंमोडोर आशुतोष चतुवेर्दी,प्रो.संजय व्दिवेदी,देश की प्रथम महिला क्रिकेट अंपायर चित्रा वाजपेई,एलएनसीटी समुह की कुलाधिपति पुनम चोकसे, आयुवेर्दाचार्य डॉ.शिवदयाल बर्डे, आईएफएस सीओ निदेशक ऋषिराज सिंह सिसौदिया, और युवा ग्लोबल स्कालर अभिषेक गोयल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उज्जैन के संभागीय अध्यक्ष महेन्द्र सिंह बेस भी उपस्थित थे।

## स्कूल के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर किया जागरूक



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत नगर निगम की सहयोगी संस्थाओं आईईसी एजेंसी द्वारा शहर में स्वच्छता की गतिविधियां संचालित की जा रही है जिसके क्रम में मंगलवार को स्वच्छता की पाठशाला अभियान अंतर्गत शहर के विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान की जानकारी दी गई।

अभियान अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 सरस्वती शिशु मंदिर, वार्ड क्रमांक 49 अंतर्गत कालिदास मांटेसरी स्कूल, वार्ड क्रमांक 43 विजयराजे स्कूल, वार्ड क्रमांक 25 सन ब्लूम कान्वेंट स्कूल इत्यादि स्कूलों में आईईसी टीम के सदस्यों द्वारा पहुंचकर स्कूल के विद्यार्थियों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण एवं शहर की स्वच्छता अभियान के विभिन्न मापदंडों की जानकारी दी गई।

इसी के साथ वार्ड क्रमांक 49 स्थित कालिदास मांटेसरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ट्रेजर बाजार स्थित मंगलवार को लगने वाले हाट बाजार में पहुंचकर दुकानदारों से पॉलिथीन का उपयोग न करने एवं स्वच्छता रखने की बात कही गई साथ ही अपने हाथों में स्वच्छता का संदेश लिखी तख्तियां थामे प्लास्टिक हटाओ प्रकृति बचाव के नारे लगाते हुए रैली भी निकाली गई। एवं कागज से बने पेपर बैग हाट बाजार में आने वाले नागरिकों, दुकानदारों को वितरित किए गए एवं कहा कि पॉलीथिन का उपयोग पूर्णतया बंद करना है अन्यथा जप्त करने के साथ चालानी कार्यवाही होगी।

**THE PANCHMAHAL DISTRICT CO-OPERATIVE MILK PRODUCER'S UNION LTD.**
**LUNAWADA ROAD, P. B. NO. 37, GODHRA-389001**
**E TENDER NOTICE**
**(Tender Reference GD/T-ARC/2025-26/45)**
The Tender is Invited by THE PANCHMAHAL DISTRICT CO-OPERATIVE MILK PRODUCERS' UNION LTD. for the appointment of agency for **1. ARC of Pest Control Service at Taloja (Mumbai) and Ujjain Plant** The interested bidders / agencies may download the tender documents from **website tenders.nprocure.com** from **17/12/2025 to 24/12/2025**. Last date of submission online **31/12/2025** and last date of hard copy submission **02/01/2026**. The Dairy reserves the rights to reject any or all tenders or accept any tender without assigning any reason thereof.
**MANAGING DIRECTOR**
**PDCMPUL-GODHRA**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंध के आधार पर भगवान सिंह पिता श्री मोहन सिंह निवासी उज्जैन (म.प्र.) से उनके द्वारा पूर्व अनुबंधीत स्वामी धर्मेंद्र सिंह पिता श्री गोकुल सिंह एवं कन्हैयालाल पिता श्री तुलसीराम आदि निवासी-ग्राम जमालपुरा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से क्रय अनुबंधित कृषि भूमि सर्वे नम्बर-134/2/1 रकबा 0.400 हेक्टयर एवं सर्वे नम्बर-99/4 रकबा 0.140 हेक्टयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.540 हेक्टयर ग्राम जमालपुरा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-137 में स्थित है, को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा अब शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार हो या कोई परिवारिक विवाद आदि हो तो ऐसे संबंधीत विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-16.12.2025

**राजेन्द्र जैन पोरवाड, एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन, Mob.: 99930 79516-94250 94349**

### जाहिर सूचना

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी जगन्नाथ पिता केसा जी जाति बलाई अ.जा. वर्ग निवासी कृषक ग्राम तुलाहैडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन द्वारा अपने हक हिस्से की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 146/1 रकबा क्रमश 0.16 हेक्टर मे से विक्रीत रकबा 0.10 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम तुलाहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में होकर उक्त भूमि का सौदा चिठठी के आधार पर क्रय कर भूमि स्वामी ने बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।
यह कि उक्त भूमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो-
इतिदिनांक 16.12.2025

**दिलीप सिंह पिता गणपत सिंह जी पता राजोदा, इंदौर म.प्र. मो.9575000781**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1328/2/3 रकबा 0.550 हेक्टर स्थित ग्राम नरवर तहसील व जिला उज्जैन को 1- मानवेन्द्रसिंह पिता श्री देवीसिंहजी, जाति राजपूत, 2- जयराजकुमारी पुत्री श्री देवीसिंहजी, जाति राजपूत, निवासीगण ग्राम नरवर तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार ने टोकन बयाना राशि भी अदा कर दी है। मेरे पक्षकार को नियत अवधि मे उपरोक्त भूमि का शेष विक्रयमूल्य अदा कर अपने हित मे रजिस्ट्री करवायी जाना शेष है।
अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुवा हो या किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था, बैंक किसी विभाग या किसी ऋण दात्री संस्था को कोई आपत्ति हो तथा इक्वीटेबल मार्टगेज की हुई हो या उस पर किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टेक्स, मेंटेनेन्स बकाया हो तो ऐसे संबंधित व्यक्ति सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकाशन ककी अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति नहीं मानी जावेंगी।
इति दिनांक 16-12-2025 स्थान - उज्जैन

**हुसैन मलोलावाला एंडवोकेट DF-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**फोन नम्बरः 9826534221, 8839920862**

### जाहिर सूचना प्रकाशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दशरथ सिंह पिता गट्टुसिंह, जाति राजपूत, निवासी-ग्राम केसरिया तहसील खाचरौद जिला उज्जैन ने मृतक श्यामलाल पिता भैरू के वारिसान श्रीमती चंदाबाई बेवा श्यामलाल बलाई व चंचल पिता श्यामलाल बलाई, पुनित पिता श्यामलाल बलाई द्वारा संरक्षक माता चंदाबाई व नंदराम पिता बगदीराम बलाई, सुन्दरलाल पिता भैरूलाल बलाई, राधाबाई पिता भैरूलाल पति तोलाराम बलाई व ममता पिता भैरूलाल पति गौरव सभी निवासीगण-ग्राम केसरिया तहसील खाचरौद जिला उज्जैन के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि शामलाती व पुश्तैनी कृषि भूमि सर्वे नंबर 551/2 रकबा 0.23 हे. स्थित ग्राम केसरिया तहसील व जिला उज्जैन को मेरे पक्षकार ने खरीदने का सौदा तय करके अनुबंधं पत्र सम्पादित करवा लिया हैं बयाना राशि भी अदा कर दी गई हैं। शेष राशि विक्रय पत्र के सम्पादन के समय दिनांक 01/01/2026 को अदा करके मेरे पक्षकार के हित में विक्रयपत्र का सम्पादन करवा लिया जायेगा। यदि किसी आम व खास को कोई आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में दिनांक 01/01/2026 के पूर्व मय प्रमाण के उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद आपकी कोई आपत्ति व दस्तावेज मान्य नही किये जावेगे और मेरा पक्षकार अपने हित में दिनांक 01/01/2026 को विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लेवेगा ।
इति दिनांक 16/12/2025

**ठा. मनोहर सिंह सोलंकी एडवोकेट कार्यालय : 31/1, माली मंदिर के पीछे दूधतलाई रोड़ मालीपुरा उज्जैन**
**मोबा. 94254-59178**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री मनीष चौहान पिता श्री लल्लूसिंह चौहान, निवासी-30 रविशंकर नगर उज्जैन (म. प्र.) के मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-3121/2/1/1 (S) रकबा 0.1430 हेक्टर एवं 3121/2/2 (S) रकबा 0.4420 हेक्टर कुल किता 02 कुल रकबा 0.5850 हेक्टर ग्राम कस्बा उज्जैन तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री कमल आंजना पिता श्री लक्ष्मणसिंह आंजना, निवासी ग्राम पालखेडी तहसील व जिला उज्जैन से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर क्रय अनुबंधीत श्री कमल आंजना के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हों। इति दिनांक-16.12.2025

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं. -94259-46659**

**स्थान परिवर्तन**
नया स्थान : शॉप नं 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेन्ट्स, एम.आई.जी. रोड, इन्दौर
**नवकार फार्मेसी मेडीकल शॉप**
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले

### जाहिर सूचना प्रकाशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण। रिहाना बी पति शकील खां 2- साजिद खां पिता शकील खां गोदी पिता सत्तार खां निवासीगण खाकरीपूरा तराना तह. तराना जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व व आधिपत्य का मकान स्थित होकर तथा उपरोक्त मकान मेरे पक्षकारगण के एकल स्वामित्व व आधिपत्य का मकान है। उक्त मकान मेरे पक्षकार कमांक 1 द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा क्रय किया गया हैं। आरिफ खां पित्ता शकील खां का उपरोक्त मकान में कोई स्वत्य आधिपत्य नही है। ना ही उपरोक्त आरिफ खां को उपरोक्त मकान को दान,बिक्री, गिरवी द्वारा अंतरित या भारग्ररत करने का कोई अधिकार है। इस कारण यदि कोई व्यक्ति या संस्था मेरे पक्षकारगण की उपरोक्त संपत्ति को किसी भी प्रकार से क्रय करता है अथवा भारग्रस्त करता है तो उक्त दस्तावेज मेरे पक्षकारगण के स्वत्व के मुकाबले शून्यवत मानी जावेगी। इस कारण ऐसी जाहिर सूचना देना आवश्यक हुई है।
अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के उपरोक्त मकान को मेरे पक्षकारगण की अनुमति व सहमति के बिना किसी प्रकार से बिक्री, दान, गिरवी द्वारा अंतरित या भारग्रस्त ना करें। सूचित हो।
दिनांक 16/12/2025

**राहुल देवडा, एडवोकेट कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन, मोबाईल नं.-8827633925**

खास न्यूज

## रामघाट पर रात में चाकू लेकर घूम रहा था बदमाश

**उज्जैन।** रामघाट पर सोमवार-मंगलवार रात 1 बजे बदमाश चाकू लेकर घूम रहा था। रात्रि गश्त कर रही महाकाल पुलिस को सूचना मिली तो क्षिप्रा किनारे पहुंची। बदमाश की तलाश शुरू की गई। बदमाश पुलिस को देख गणगौर दरवाजा की ओर भाग निकला था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव ने बदमाश की तलाशी ली तो उसकी कमर में पेंट के अंदर रखा धारदार चाकू बरामद हो गया। पूछताछ में बदमाश का नाम रिजवान शाह निवासी बेगमबाग होना सामने आया। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। विदित हो कि क्षिप्रा नदी रामघाट पर हजारों श्रद्धालु आस्था का नहान करने दिन-रात पहुंचते है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ बदमाशों द्वारा सामान चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता है। चाकू के साथ गिरफ्त में आया बदमाश भी श्रद्धालुओं के साथ वारदात की फिराक में रामघाट पर घूम रहा था।

## जीजा पर जानलेवा हमला करने वाला साला पकड़ाया

**उज्जैन।** छोटी मायापुरी में 10-11 दिसंबर की रात बहन को लेने आये जीजा धर्मेन्द्र गेहलोत पर चाकू से रिश्ते में लगने वाले साले रोहित गोस्वामी ने जानलेवा हमला कर दिया था। धर्मेन्द्र को गंभीर हालत में पत्नी शिवानी और ससुराल वाले अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था। 5 दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने चाकू मारने वाले रोहित गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उससे हमले में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। एसआई आनंद सोनी ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। घायल धर्मेन्द्र का उपचार अब भी जारी है। जानलेवा हमले के बाद पुलिस जांच में सामने आया था कि धर्मेन्द्र ने शिवानी से कुछ माह पहले प्रेम विवाह किया था और पंवासा में निवास करने लगा था। शिवानी का परिवार दोनों के विवाह पर राजी हो गया था। घटनावाले दिन शिवानी अपने माता-पिता के घर आई थी। उसे लेने रात में धर्मेन्द्र पहुंचा था। चाकू मारने वाला रोहित शिवानी के मामा का लड़का है, वह अपनी ही बहन से एकतरफा प्यार करता था, रोहित शिवानी के प्रेम विवाह प्रेम विवाह से नाराजा था। इसी के चलते उसने जीजा की हत्या का प्रयास किया है।

## 11 साल बाद गिरफ्त में आया अपहरण का आरोपी

**उज्जैन।** बिरलाग्राम थाना क्षेत्र से वर्ष 2014 में 15 वर्षीय बालिका के लापता होने पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था। 11 साल बाद लापता बालिका 26 साल की उम्र में 2 बच्चों के साथ दतिया में मजदूरी करते मिली। जिसे दस्तयाब करने के बाद बयान दर्ज किये तो सामने आया कि उसे नरसिंहगढ़ का रहने वाला अर्जुन जाटव बहला-फुसलाकर साथ ले गया था। उसने शारीरिक शोषण किया। 2 संतान होने के बाद छोड़कर भाग निकला था। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि अपहृत बालिका के बयान अपहरण के मामले में दुष्कर्म की धारा का इजाफा किया और एक टीम नरसिंहगढ़ रवाना की गई, जहां ग्राम आमगांव थाना गाडरवारा से आरोपी अर्जुन को गिरफ्तार कर लाया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 599-3 | 569-0 |
| मेन बाजार | | 223-7 | 135-9 |
| कल्याण नाइट | | 138-2 | 458-7 |
| मिलन डे | | 110-2 | 450-9 |
| मिलन नाइट | | 689-3 | 190-0 |
| मधुर डे | | 277-6 | 669-1 |
| मधुर नाइट | | 128-1 | 235-0 |
| शुभांक | 3 | 8 | 9 |

## टेलरिंग का काम करने वाले वृद्ध की मिली लाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

ग्राम बलेड़ी में सोमवार रात वृद्ध की लाश मिलना सामने आया था। जिसकी पहचान भाई द्वारा की गई। वृद्ध ने जहरीला पदार्थ खाया था और घर से उज्जैन जाने का बोलकर निकला था।

इंगोरिया थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम बलेड़ी से 65 साल के वृद्ध की लाश मिली थी। प्रारंभिक जांच में जहरीला पदार्थ खाना सामने आया था। शव को अस्पताल पहुंचाने के बाद पहचान के प्रयास शुरू किये गये। रात में पता चला कि मृतक बलेडी का रहने वाला मोहनलाल पिता गोवर्धनलाल गेहलोत है। भाई अशीष ने अस्पताल पहुंचकर पहचान की और बताया कि टेलरिंग का काम करते थे। घर से उज्जैन जाने का बोलकर निकले थे, उसके बाद वापस नहीं लौटे थे। आशंका जताई गई कि आर्थिक परेशानी के चलते वृद्ध ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।


### जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार श्रीमती कमलाबाई पति स्व. देवनारायण जी मीणा, उम्र 75 साल निवासी शुजालपुर तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. की होकर मेरी पक्षकार के नाम पर मेरे पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक मकान आष्टा रोड फ्रीगंज शुजालपुर मंडी मे स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 27 बाय 52 कुल 1404 वर्गफिट होकर उक्त मकान के संबंध मे घनश्याम पिता देवनारायण मीणा के द्वारा दिनांक 25.4.2018 को एक फर्जी वसीयतनामा उपपंजीयक कार्यालय शुजालपुर मे कमांक एम पी 389582018 ए-3276731 का फर्जी निष्पादित कराया है उक्त वसीयतनामा घनश्याम के द्वारा मेरी पक्षकार की वृद्धावस्था का फायदा उठाते हुए तथा बिना जानकारी के एवं धोखो मे रख कर एवं मेरी पक्षकार के अन्य वारिसानो को किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नही देकर फर्जी वसीयतनामा निष्पादित कराया है मेरी पक्षकार द्वारा कोई वसीयतनामा घनश्याम के पक्ष मे उक्त मकान के संबंध मे नही कराया गया है यदि उक्त वसीयतनामा मेरी पक्षकार स्वंय निरस्त करती है मेरी पक्षकार पर उक्त वसीयतनामा बंधनकारी नही है ना ही मेरी पक्षकार के अन्य किसी वारिसानो पर बंधनकारी है। तथा घनश्याम पिता देवनारायण के द्वारा अपने पक्ष फर्जी वसीयतनामा संपादित कराया गया है वह वसीयतनामा शून्य घोषित किया जाता है आज दिनांक से उक्त वसीयतनामा मेरी पक्षकार पर बंधनकारक नही है।

भवदीय

विकास सक्सेना एडवोकेट

शुजालपुर


# मासूम की हत्या करने वाले दरिंदे ने किया भागने का प्रयास

## घटनास्थल तक लंगड़ता हुआ चला, 2 दिन की रिमांड पर पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



हैवानियत में नाकाम मासूम की नृसंश हत्या करने वाले दरिंदे ने मंगलवार को पुलिस वाहन से कूदकर भागने का प्रयास किया, उसका एक पैर टूट गया। पुलिस उसे लंगड़ाती हालत में घटनास्थत तक तस्दीक के लिये लेकर पहुंची। जहां से कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया है।

खाचरौद के जूना शहर काजी गली से कक्षा दूसरी में अध्ययन करने वाली 9 वर्षीय बालिका को 13 दिसंबर की शाम लहूलुहान हालत में रतलाम मेडिकल कॉलेज उपचार के लिये भेजा गया था। बालिका की रविवार-सोमवार रात मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने पता चला था कि छत से गिरने पर बालिका घायल हुई थी। लेकिन डॉक्टरी रिपोर्ट से खुलासा हुआ था कि बालिका के सिर और चेहरे पर किसी ठोस वजनी वस्तु से वार किया गया है।

पुलिस ने तत्काल मामले की जांच को गति देते हुए बालिका को अस्पताल लेकर जाने वाले और छत से गिरने की घटना बताने वाले पड़ोसी रियाज पिता शब्बीर खां को हिरासत में लिया और सख्त पूछताछ शुरू की। रियाज बालिका को बोरी में बंद कर मोगरी से पीटा कबूल कर लिया था। सोमवार शाम उसे गिरफ्तार किया गया और मामले का खुलासा किया गया। रियाज दरिंदा होना सामने आया तो लोगों को आक्रोश फूट पड़ा था।

पुलिस ने स्थिति संभाली और आरोपी को थाने चौकी पर शिफ्ट किया। मंगलवार सुबह आरोपी को पुलिस घटनास्थल की तस्दीक के लिये जूना शहर काजी गली लाया जा रहा था, लेकिन दरिंदे से पुलिस वाहन से कूदकर भागने का प्रयास किया, जिसके चलते उसका एक पैर टूट गया। पुलिस उसे लंगड़ाती हालत में घटनास्थल तक लेकर आई। एसआई ईश्वर जोशी ने बताया कि आरोपी से घटनास्थल की तस्दीक के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

### पुलिस के साथ अस्पताल स्टॉफ हुआ भावुक

घटनाक्रम समाने आने के बाद बालिका की हालत देख पुलिस के साथ अस्पताल स्टाफ भी भावुक हो गया था। बालिका की चेहरा बुरी तरह से जख्मी था। उसकी मौत होने के बाद शव रतलाम से खाचरौद लाया गया था, परिवार को बिखलता देख पुलिस की आंखे भी नम हो गई थी। पडोसी रियाज की दरिंदगी सामने आने पर लोग भी काफी आक्रोशित थे। मंगलवार को दरिंदे को घटनास्थल लाया गया तो भारी पुलिस बल को मौजूद करना पड़ा।

### फास्ट ट्रेक कोर्ट में होगी सुनवाई

थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद बालिका की हत्या से जुड़े सभी साक्ष्यों को एकत्रित किया जा रहा है। 30 दिनों में विवेचना पूरी कर चार्जशीट न्यायालय में पेश की जायेगी। फास्ट ट्रेक कोर्ट में मामले की सुनवाई होगी। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने का प्रयास किया जायेगा।

## बदमाश ने किया वृद्धा से आभूषण लूटने की प्रयास

### मारपीट कर छीना पर्स, अस्पताल में चल रहा उपचार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



नगर निगम परिसर में मंगलवार दोपहर 80 साल की वृद्धा के साथ बदमाश द्वारा आभूषण लूटने का प्रयास किया। नाकाम होने पर मारपीट कर पर्स छीना और भाग निकला। वृद्धा के घायल होने पर चरक अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

फाजलपुरा में रहने वाली रामीबाई पति स्व. अम्बाराम गोयल 80 साल नगर निगम में वृद्धा पेंशन योजना के तहत जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पहुंची थी। जहां से वापस घर लौटते समय गेट पर एक बदमाश ने रोका और आरोप लगाया कि सरिया चोरी किया है। कैमरे में दिखाई दी है, रामीबाई ने आरोप को गलत बताया तो बदमाश उन्हे हाथ पकड़कर जबरदस्ती निगम के पीछे पार्किंग क्षेत्र में ले गया, जहां उसने वृद्धा के गले से मोती की माला, जिसमें सोने का पेंडल और कॉन के टॉप्स छीनने का प्रयास किया। वृद्धा ने विरोध किया तो बदमाश ने पर्स छीन लिया और मारपीट कर भाग निकला। महिला के पोते गौरव गोयल ने बताया कि घटना का पता चलते ही नगर निगम पहुंच गये थे दादी को उपचार के लिये चरक अस्पताल ले जाया गया। घटनास्थल के पास झाड़ियों से दादी का पर्स मिला है। जिसमें कुछ रूपये रखे थे वह बदमाश ले गया है। नगर निगम परिसर में लगे कैमरे बंद होने पर बदमाश का पता नहीं चल पाया है। मामले की शिकायत कोतवाली थाना पुलिस को दर्ज कराई है। थाना प्रभारी दीनबंधूसिंह तोमर ने बताया कि वृद्धा के साथ मारपीट होने का मामला दर्ज किया गया है। आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे है। जल्द बदमाश का पता लगा लिया जायेगा।

# कृषि उपज मंडी में 1 के बदले दे रहे थे 90 रूपये का प्रलोभन

### सट्टा खाईवाली की सूचना पर दबिश, 2 हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



चिमनगंज कृषि उपज मंडी में कुछ लोगों द्वारा 1 के बदले 90 रूपये देने का प्रलोभन देकर सट्टा खाईवाली की जा रही थी। सूचना मिलने पर रात में पुलिस ने दबिश मारी। 2 युवको को हिरासत में लिया गया, पूछताछ में कमीशन पर करने की बात कहीं। पुलिस ने दोनों युवको के साथ सट्टा खाईवाली करने वाले पर प्रकरण दर्ज किया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि सूचना मिलने पर सीएसपी पुष्पा प्रजापति और टीम के साथ कृषि उपज मंडी में दबिश दी गई थी, जहां से नितिन पिता भंवरलाल मालवीय 27 साल निवासी पानी की टंकी के पास ढांचा भवन हाल मुकाम मायापुरी और गौतम पिता ईश्वर योगी निवासी ग्राम नजरपुर ढाबाला थाना घट्टिया को पकड़ा गया। उनके पास से सट्टा पर्ची के साथ 4 हजार 910 रूपये नगद बरामद किये गये। दोनों को थाने लाकर पूछताछ की गई तो उन्होने सट्टा खाईवाली का काम भरत पिता गोविंद नाथ निवासी दरगाह मंडी द्वारा किया जाना बताया। दोनों ने कबूल किया कि वह कमीशन पर सट्टा लगवाते थे और 1 रूपये के बदले लोगों को सट्टा खुलने पर 90 रूपये देते थे। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों युवको के साथ सट्टा खाईवाली का संचालन करने वाले के खिलाफ धारा 49 बीएएस और 4 (क) में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## नकली दवा के 4 कारोबारियों को 3 साल की सजा सुनाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नकली दवा बनाने और कारोबार करने वाले 4 आरोपियों को 9 साल बाद न्यायालय ने सजा सुनाते हुए 6 लाख के अर्थदंड से दंडित किया गया। 21 सितंबर 2016 में खाद्य एवं औषधि प्रसाधन द्वारा मामले की जांच कर प्रकरण दर्ज कराया गया था।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि खाद्य औषधि प्रसाधन द्वारा 2016 में सिमको आर्गेनिक्स के खिलाफ शिकायत मिलने पर जांच की थी। जांच अधिकारी औषधि निरीक्षक लोकेश गुप्ता, अल्केश यादव, अजय ठाकुर ने नागझिरी स्थित पहुंचकर संतोष कुमार धींग से एलोपैथिक औषधि निर्माण के लायसेंस मांगे थे। नहीं दिखाने पर तलाशी ली गई थी। जिस पर एलोपैथिक औषधि जिसके निर्माता सॉफ्ट मेडिकेप्स लिमिटेड इंड्रस्टियल ऐरिया जिला देवास तथा एलोपैथिक औषधि पैकिंग में उपयोग की जा रही प्रिंटेट एल्युमिनियम लेबल फाईल मात्रा 2.6 किलोग्राम के साथ औषधि पैकिंग मशीन को जप्त किया था। उक्त एलोपैथिक औषधियों का निर्माण आरोपी राजेन्द्र शर्मा मेसर्स सॉफ्ट मेडिकेप्स लिमिटेड के द्वारा करवाया जा रहा था। आरोपी प्रवीण शाह, मेसर्स अल्पा ऐलानिटीकल लेबोरेटरी के द्वारा उक्त औषधियों जांच रिपोर्ट अधिनियम के विपरीत फार्म 39 में जारी की गई थी। आरोपी शांतीलाल मेसर्स शांतीलाल एण्ड को, शॉप बैंगलोर के द्वारा ऐलोपेथिक औषधियों के विक्रय की अनुज्ञपत्ति के प्रतिकूल फर्म सिमको आर्गेनिक्स को उक्त ऐलोपेथिक औषधियां लगभग 24 लाख रुपए की बेची की गई थी। प्रकरण में पश्चातवर्ती जांच धरम सिंह कुशवाह औषधि निरीक्षक के द्वारा की गई।

खाद्य एवं औषधि निरीक्षक के द्वारा आरोपीगण के विरूद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की विभिन्न धाराओं में परिवाद प्रस्तुत किया था। लम्बी सुनवाई के बाद 16 दिसबंर को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी.सी. गुप्ता द्वारा फैसला सुनाते हुए संतोष कुमार धींग निवासी शिवाजी पार्क कालोनी देवासरोड, राजेन्द्र पिता छंगाराम श्र्मा निवासी विजयनगर इंदौर, प्रवीण शाह निवासी एबीरोड पिडबेंगर इंदौर और शांतिलाल निवासी बैंगलोर को धारा 18 (सी), 27 (बी) 2, 18 (सी), 27 (बी) 2, औषधि प्रसाधन अधिनियम में 3 साल की सजा के साथ 6 लाख रूपये अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में प्रभारी उप निदेशक (अभियोजन) राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के मार्ग दर्शन में विशेष लोक अभियोजक उमेश सिंह तोमर द्वारा पैरवी की गई।

## 8 बदमाशों को 6 माह के लिये किया गया जिलाबदर

**उज्जैन।** कानून व्यवस्था को बनाये रखने के साथ आमजन की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों में शामिल 8 बदमाशों को 6 माह के लिये जिले की राजस्व सीमा से बाहर रहने के आदेश जारी किये है।

जिलाबदर किये गये बदमाशों में निलेश उर्फ नीलू संगत पिता लक्ष्मीनारायण निवासी वाल्मीकि कॉलोनी, हर्षद उर्फ बंटी कल्याणी पिता दिनेश निवासी महानंदा नगर, सावन, पिता सुनील उर्फ पप्पा लोट निवासी दिल्ली दरवाजा भैरवगढ़, सागर पिता जगदीश लश्करी धोबी मोहल्ला, निकास चौराहा, मेहरबान, पिता बापू बागरी निवासी मियाखेड़ी थाना नरवर, माखन सिंह पिता उदयसिंह राजपूत निवासी मोचीखेड़ा महिदपुर, यश उर्फ बारीक पिता राकेश राजोरिया निवासी प्रकाश नगर नागदा और सुमित उर्फ टारजन पिता शोभाराम दायमा निवासी ग्राम मिंडक्या शामिल है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि जनसुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा निर्णायक कार्रवाई की गई है। जिले में अपराध नियंत्रण, भयमुक्त वातावरण और नागरिकों के जीवन व संपत्ति की सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास कर रही है। आदेश के बाद जिलाबदर बदमाश जिले की सीमा में मिले तो उनके खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की कार्रवाई की जायेगी।

# गोल्ड ट्रांसफर का झांसा देकर कराया 11 लाख का आरटीजीएस

### मामला पहुंचा माधवनगर थाने, राजगढ़ के व्यक्ति की तलाश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मणप्पुपुर गोल्ड फायनेंस कंपनी के साथ 11 लाख की धोखाधड़ी का मामला मंगलवार को माधवनगर थाने पहुंचा। राजगढ़ के शातिर ने लोन ट्रांसफर का झांसा देकर 11 लाख का आरटीजीएस कराया और भाग निकला।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि मणप्पुरम गोल्ड फायनेंस की मैनेजर संध्या द्वारा शिकायती आवेदन देकर बताया गया कि 3-4 दिनों से राजगढ़ निवासी राम गोपाल उनके यहां आ रहा था। उसने आईआईएफएल में चल रहे लोन को चुकाने और वहां रखा गोल्ड उनके यहां ट्रांसफर करने की बात कहीं थी। उसके द्वारा 11 लाख रूपये का लोन देने की बात कहीं। उसने कुछ रसीदे भी दिखाई, जिसे देखने के बाद तय किया गया कि उसने 11 लाख का लोन देकर आईआईएफएल में रखा गोल्ड उनके यहां ट्रांसफर करा लिया जाये। मंगलवार को उसे 11 लाख का ट्रांजेक्शन ऑनलाइन किया गया। रामगोपाल ने गोल्ड ट्रांसफर के लिये आईआईएफएल चलने की बात कहीं, जहां उसके खाते में किये गये आरटीजीएस के रूपये वहां जमा कराकर गोल्ड ट्रांसफर के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने को कहा। उसके साथ आईआईएफएल बैंक पहुंचा जाता उससे पहले रामगोपाल भाग निकला। थाना प्रभारी भारती के अनुसार मामले में जांच शुरू गई है। मणप्पुपुर गोल्ड फायनेंस कंपनी ने इस बात की तस्दीक भी नहीं की है कि रामगोपाल द्वारा आईआईएफएल में गोल्ड रखा भी है या नहीं।

उसके द्वारा दिखाई गई दस्तावेजी रसीद सही है या गलत, सिर्फ बातों के आधार पर 11 लाख का ट्रांजेक्शन कर दिया गया। फायनेंस कंपनी की मैनेजर द्वारा जिसे खाते में आरटीजीएस करना बताया है, उसे होल्ड कराने के लिये बैंक को पत्र लिखा गया है। जांच के बाद मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी की जायेगी।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01 श्रीमती सौरमबाई पति श्री गरसिंह. 02-श्री संतोष पिता श्री गरसिंह, दोनो जाति कलोता, दोनो कृषक ग्राम बंगरेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-103/2 रकबा 2.2600 हेक्टर, 104/2 रकबा, 2.0000 हेक्टर एवं 107/2 रकबा 0.8500 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 5.1100 हेक्टर जो कि ग्राम बंगरेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबे 5.1100 हेक्टर मेसे 2.0000 हेक्टर (10 बीघा) को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामीयो से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवांना शेष है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेड़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामीयो से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक-16.12.2025

**राजकुमार प्रजापत, एडवोकेट**
**कार्यालय-अ-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन (म.प्र.) मो. नं. -94259-46659**



### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती चंचल पोरवाल पति श्री रवि पोरवाल निवासी 91/1 श्रीकृष्ण कालोनी उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का एक पलेट क0 307 "ओम सांई ओम मल्टी पलेटेड टाउनशीप में निर्मित अपार्टमेंट "सिल्वर ए" की तीसरी मंजिल पर स्थित अलखधाम नगर के पीछे उज्जैन जो आर०सी०सी० की छत का बना हुआ है जिसका बिल्टअप एरिया 38.64 वर्गमीटर तथा सुपर बिल्टअप एरिया 50.19 वर्गमीटर का है. जिसकी चर्तुःसीमा पूर्व की ओरः फ्लेट कमांक 308 (शामलाती वॉल), पश्चिम की ओरः-ओपन, उत्तर की ओर तल मंजिल पर टाउनशिप का रास्ता, दक्षिण की ओरः कारीडोर 7 फीट चौडा, उक्त फ्लेट को कय करने का अनुबंध किया है, तथा बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है।

यदि उपरोक्त वर्णित फ्लेट पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार हक व हिस्सा, हो या उपरोक्त फ्लेट कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त, प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त फ्लेट के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो अथवा फ्लेट विक्रय बाबत किसी को आपत्ति हो तो, इस जाहिर सूचना प्रकाशन से तीन दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें, बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 16/12/2025

स्थान उज्जैन

**राजेंद्रकुमार जैन (पालरेचा) एडवोकेट एवं नोटरी 51.**
**दादाभाई नौरोजी मार्ग, स्नेह दीप, खाराकुंआ**
**मोबा. नं. 94250-91124, 8959999299**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेतागण रवि पिता संतोष जाति बलाई निवासी ग्राम फतेहाबाद जिला उज्जैन म.प्र. कृषक ग्राम बिरगोदारणधीर तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 60/2/1 रकबा 0.6000 है., ग्राम बिरगोदारणधीर तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र., विनोद पिता संतोष जाति बलाई, सोरमबाई पति भगीरथ जाति बलाई निवासी ग्राम फतेहाबाद जिला उज्जैन म.प्र. कृषकगण ग्राम बिरगोदारणधीर तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 60/2/2 रकबा 0.6000 हे., ग्राम बिरगोदारणधीर तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र., को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशी भी विक्रेतागण को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी।

सूचित हो ।

दिनांक : 16/12/2025

**लोकेन्द्र पटेल (अभिभाषक ), 161, राधाकृष्णा कॉलोनी बडनगर जिला, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 7999800300**

# विश्वास भी विलगाता है



क्या विश्वास (आस्था) की स्वीकृति से हम स्वयं को समझ पाते हैं? होता ठीक इसके विपरीत है। विश्वास चाहे धार्मिक हो या राजनीतिक, स्वयं को समझने में बाधक बनता है। वह एक ऐसे आवरण का कार्य करता है, जिससे हम खुद को देखते हैं। तो क्या हम बिना विश्वास के अपने को देख सकते हैं? दरअसल, जब ऐसा कोई विश्वास न हो, जिसके साथ हमारे मन ने तादात्म्य कर रखा हो, तब इस तादात्म्य से मुक्त होकर मन खुद का, जैसा वह है, अवलोकन कर सकता है और तभी अपने-आप को समझने की शुरूआत होती है।

हमारे कितने सारे विश्वास हैं? जितना ज्यादा व्यक्ति बुद्धिवादी होता है, जितना ही अधिक सुसंस्कृत होता है और जितना अधिक ह्यआध्यात्मिकद्ध होता है, यदि आप मुझे इस शब्द का प्रयोग करने दें, उतनी ही कम उसमें समझने की क्षमता होती है। जो अधिक विचारशील, सजग और सतर्क हैं, वे संभवतः कम विश्वासी होंगे। कारण यह है कि विश्वास बांधता है, दूसरों से अलग-थलग करता है और हम देखते हैं कि आर्थिक व राजनीतिक, दोनों ही स्तरों पर, सारे विश्व में यही हो रहा है।

तथाकथित आध्यात्मिक जगत की भी यही स्थिति है। मान लीजिए, आप विश्वास करते हैं कि ईश्वर है और मैं विश्वास करता हूं कि ईश्वर नहीं हैः अथवा आप विश्वास करते हैं कि प्रत्येक वस्तु व व्यक्ति पर राज्य का पूर्ण नियंत्रण होना चाहिए और मैं निजी स्वामित्व व उससे संबंधित बातों पर विश्वास करता हूं; आप यह विश्वास करते हैं कि उद्धार करने वाला केवल एक है और उसके माध्यम से ही आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं और मैं ऐसा विश्वास नहीं करता। इस प्रकार आप और मैं अपने-अपने विश्वासों, मतों द्वारा अपने-अपने दावे का आग्रह कर रहे हैं। फिर भी हम दोनों प्रेम, शांति, मानव एकता, एक जीवन की चर्चा करते हैं। इस चर्चा का भला अर्थ ही क्या है, क्योंकि वास्तव में यह विश्वास ही तो अलगाव की प्रकिया है। आप ब्राह्मण हैं, मैं नहीं हूं; आप ईसाई हैं और मैं मुसलमान हूं या कुछ और। आप भाईचारे की बात करते हैं और मैं भी उसी भ्रातृत्व की, प्रेम और शांति की बात करता हूं। वास्तविकता यह है कि हम एक-दूसरे से अलग हो गए हैं, हम अपने आप को विभाजित करते जा रहे हैं। वह व्यक्ति, जो शांति चाहता है, जो एक नवीन विश्व का, सुखी संसार का निर्माण करना चाहता है, निस्संदेह किसी प्रकार के विश्वास व मत में उलझकर अपने को पृथक नहीं करेगा। क्या यह स्पष्ट है? हो सकता है, यह शाब्दिक रूप से ही स्पष्ट हुआ हो, लेकिन यदि आप इसके महत्व, यथार्थ और सत्य को समझ लें, तो यह अपना कार्य करना शुरू कर देगा।



सम्पादकीय

## प्रदूषण बेहिसाब

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र प्रदूषण और कोहरे की बेहद घातक मार झेल रहा है। जहां प्रदूषण अपने पिछले रिकॉर्ड तोड़ने पर आमादा है, वहीं कोहरे की वजह से दुर्घटनाओं का सिलसिला शुरू हो गया है। अकेले दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर 30 से ज्यादा वाहन टकरा चुके हैं और कई लोगों की मौत हुई है। सरकार अपने स्तर पर सावधानी बरतने की सलाह दे रही है, तो भारत में सिंगापुर उच्चायोग ने भी दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले अपने नागरिकों को संभलकर रहने की सलाह दी है। मास्क अब मजबूरी हो गए हैं। आंकड़ों को देखें, तो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समीर एप के अनुसार, सोमवार, दोपहर 2 बजे राष्ट्रीय राजधानी में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 437 था। पूरी राजधानी में प्रदूषण समान रूप से पसरा और ठहरा हुआ है। आशंका यह भी है कि आंकड़े जो बताए जा रहे हैं, असली हाल उससे कहीं बदतर है। हवा में तेजी नहीं है और न बारिश के आसार हैं। पूरा माहौल जहरीला हो गया है। ठंड, प्रदूषण व कोहरा, तीनों के दुष्परिणामों से अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। दिल्ली में सरकार ने अनेक इंतजाम किए हैं, पर मौसम इतना खराब है कि जल्दी राहत की उम्मीद नहीं है।

लोगों को अपने स्तर पर सतर्क रहने की सलाह बार-बार दी जा रही है। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने और बहुत संभलकर वाहन चलाने के लिए कहा जा रहा है। विशेषज्ञ यह मानते हैं कि जहां तक जरूरी हो, लोग अपने घर से ही काम करें और जहां तक संभव हो, बच्चों को ऑनलाइन ही पढ़ाया जाए। यह बताने की जरूरत नहीं कि खराब मौसम या प्रदूषण का सर्वाधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है। प्रदूषण अचानक जान नहीं लेता, लेकिन लोगों को धीरे-धीरे मौत की ओर ले जाता है। क्या सब लोग इस बात को जानते हैं? क्या लोग अपने स्तर पर प्रदूषण रोकने की कोई न कोई कोशिश करते हैं? इतने प्रदूषण के बावजूद कितने लोग हैं, जो पर्यावरण या खुद अपनी सेहत को लेकर फिक्रमंद हैं? गौर करने की बात है कि ऐसे अनेक सवालों का अंबार लग गया है और किसी के पास कोई फौरी जवाब नहीं है। जहां सड़क यातायात पर असर पड़ा है, वहीं हवाई यातायात भी प्रभावित हुआ है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुई हैं। दिल्ली में छाई धुंध की वजह से 61 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं और 400 से अधिक उड़ानों में देरी हुई है।

### दीपावली पर्व का विश्व सांस्कृतिक विरासत घोषित होना

## भारतीय सनातन मूल्यों की स्वीकार्यता व सम्मान का विषय



योगेन्द्र माथुर

प्रकाश पर्व दीपावली को यूनेस्को द्वारा मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया जाना न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में फैले अप्रवासी भारतीयों के लिए भी अत्यंत हर्ष व गौरव की अनुभूति का विषय है। यह भारत की युग युगीन पर्व परंपराओं, मानवता के कल्याण की कामना व प्रार्थना से जुड़े अनुष्ठानों एवं दुनिया के एक बड़े वर्ग की आस्था, श्रद्धा व विश्वास के सम्मान का क्षण है। अतः इस महत्वपूर्ण समय में हमारा उत्साहित, रोमांचित और गौरवान्वित होना स्वाभाविक है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) विश्वभर में मानवता के लिए असाधारण महत्व की मानी जाने वाली सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों की पहचान, संरक्षण और संवर्धन को प्रोत्साहित करने का प्रयास करता है। यह उद्देश्य विश्व सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर संरक्षण संबंधी सम्मेलन नामक अंतर्राष्ट्रीय संधि में निहित है, जिसे यूनेस्को ने 1972 में अपनाया था।

विश्व धरोहर की अवधारणा को असाधारण बनाने वाली बात इसका सार्वभौमिक अनुप्रयोग है। विश्व धरोहर स्थल दुनिया के सभी लोगों के हैं, चाहे वे किसी भी भूभाग पर स्थित हों। यूनेस्को की परिभाषा के अनुसार सांस्कृतिक विरासत में वे प्रथाएं, ज्ञान, अभिव्यक्तियां, वस्तुएँ और स्थान शामिल हैं, जिन्हें समुदाय अपनी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा मानते हैं।

अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में वे परंपराएं, कलाएं, अनुष्ठान और अभिव्यक्तियां शामिल होती हैं जिन्हें पीढी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया जाता है जो समुदायों को अपनी पहचान देती है, जैसे त्योहार, नृत्य, संगीत, मौखिक परंपराएं और पारंपरिक शिल्प आदि। दीपावली दुनिया के बड़े वर्ग की आस्था, श्रद्धा व विश्वास की अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण पर्व है। सनातन सहित सिख, जैन व बौद्ध मतावलंबी इस पर्व को विभिन्न संदर्भों में मनाते हैं।सनातन धर्म परम्परा में दीपावली पर्व मनाए जाने के अनेक प्रसंग हैं। लेकिन मूलतः दो प्रसंग महत्वपूर्ण हैं।

मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम वनवास के दौरान लंका विजय कर जब पुनः अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों में हर्ष और उल्लास का वातावरण था। उन्होंने अपनी इस भावना का प्रकटन प्रकाश से किया था। घर-घर दीप प्रज्ज्वलित कर प्रकाश और मंगलगान किया गया। दूसरा प्रसंग है समुद्र मंथन से उत्पन्न लक्ष्मी के आवाहन का। देव-दानवों के सामूहिक समुद्र मंथन से चौदह रत्नों की प्राप्ति हुई जिनमे सबसे महत्वपूर्ण रत्न लक्ष्मी का आविर्भाव भी हुआ। इसी लक्ष्मी के अपने घर आवाहन का पर्व है दीपावली। लक्ष्मी अर्थात श्री, ऐश्वर्य, वैभव किसे नही चाहिए। लेकिन लक्ष्मी को तो प्रकाश पसन्द है। अतः लक्ष्मी के आकांक्षियों द्वारा अपने घर-आँगन को दीप देपन कर प्रकाशमान किया जाता है ताकि उनके यहाँ लक्ष्मी का शुभ प्रवेश हो और उनके जीवन का दुख-दारिद्र्य रूपी अंधकार दूर हो सके।

दीपावली पर्व है प्रकाश का। दीपावली पर्व है हर्ष और उल्लास का। मनुष्य जब खुशियाँ पाता है तो प्रकाश करता है, रोशनी करता है, दीप प्रज्ज्वलित करता है। कार्तिक अमावस की गहन तमस की रात्रि में प्रज्ज्वलित वामन आकार का दीप प्रतीक है विराट सरोकार का। यह प्रज्ज्वलित दीप हमें प्रेरणा देता है अंधकार से संघर्ष करने की। यह दीप जानता है उसके त्याग का कोई मोल नहीं है। किसी कवि ने लिखा है,

रात भर दिए ने अंधेरे से संघर्ष किया,
सुबह उठकर लोगों ने
उगते सूरज को ही सलाम किया।

तब भी यह दीप जलता है आत्म कुंठा के अंधकार को भगाने के लिए। यह जलता है त्याग का प्रकाश फैलाने के लिए। यह दीप जलता है दुख-दारिद्र्य का अंधियारा मिटाने के लिए। यह दीप जलता है सुख-समृद्धि का उजियारा फैलाने के लिए। यह दीप जलता है परोपकार व सदाचार का पथ आलोकित करने के लिए। दीपक का यह संघर्ष ही तो मानवता का संघर्ष है। संघर्ष अन्याय, अत्याचार व अनाचार के विरुद्ध। भगवान श्री राम ने भी तो यही किया था। समुद्र मंथन से लक्ष्मी का आविर्भाव भी 14 वें क्रम पर हुआ था। उससे पहले तो गरल (विष) भी प्रकट हुआ था जिसे भगवान शिव ने कंठ में ग्रहण किया था, विश्व कल्याण के लिए, मानवता के कल्याण के लिए।

दीपावली पर्व संदेश देता है अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का, असत्य पर सत्य की जीत का और मृत्यु से अमृत अर्थात अमरता की ओर बढ़ने का।

ॐ असतो मा सद्गमय।
तमसो मा ज्योतिर्गमय।
मृत्योर्मा अमृतं गमय।

व्यापक संदर्भ में दीपावली पर्व एक है लेकिन निमित्त अनेक हैं। ये सभी संदर्भ मानव मात्र को सर्व कल्याण की उदात्त भावना से जोड़ते हैं।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःखभाग भवेत ।।

यूनेस्को की दिल्ली में आयोजित अंतर सरकारी समिति के 20 वें सत्र में दीपावली को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित किया जाना एक दृष्टि से भारतीय सनातन मूल्यों की स्वीकार्यता व सम्मान का भी विषय है।

यूनेस्को का यह महत्वपूर्ण आयोजन दिल्ली के लाल किले में सम्पन्न हुआ जिसमें दुनिया के 194 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और यूनेस्को के वैश्विक प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। भारत ने इस आयोजन की पहली बार मेजबानी की।

अब तक भारत की 15 प्राचीन परंपराएं, कलाएं व सांस्कृतिक आयोजन यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं। इस सूची में 1.कुंभ मेला ( हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन व नासिक ), 2.रामलीला ( उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड व बिहार ), 3.योग ( मुख्य केंद्र ऋषिकेश हरिद्वार, कर्नाटक, हरियाणा, पुणे महाराष्ट्र ), 4.नवरोज ( पारसी समुदाय का त्योहार, मुंबई, गुजरात, अंतराष्ट्रीय स्तर पर ईरान व मध्य एशिया), 5.कुदियाकट्टम, ( केरल ), 6.कालबेलिया नृत्य, (पुष्कर, जोधपुर, अजमेर-राजस्थान ), 7.चौह छऊ नृत्य ( सरायकेला-झारखंड, पुरुलिया-पश्चिम बंगाल, मयूरभंज-उड़ीसा), 8.बौद्ध चैत्य नृत्य ( महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, सिक्किम के बौद्ध मठ), 9.वैद्यकीय परंपराएं-आयुर्वेदिक ज्ञान ( केरल, कर्नाटक, उत्तराखंड, बनारस-उत्तरप्रदेश), 10.रंजीतगढ़ ढोल ( पंजाब विशेषकर रंजीतगढ़ ), 11.गरबा ( गुजरात ) 12.साइंत लोक नाट्य परंपरा ( उत्तरप्रदेश ) 13.मुदियेत्तू ( केरल ) 14. मुखौटा कला ( पश्चिम बंगाल, झारखंड, उड़ीसा की मुखौटा निर्माण परंपरा ), 15.दुर्गा पूजा उत्सव ( कोलकाता )। दीपावली सहित अब यह संख्या 16 हो गई है।

हालांकि भारत की युग युगीन प्राचीनता,

## आखिरी नंबर



डॉ. सुरेश मिश्रा

ओ दिन शहर कुछ अजीब रहे। सड़क पर भीड़ रहे, दफ्तर खुलल रहे, टीवी पर नेता लोग गला फाड़-फाड़ के बोले, बाकिर हवा में चुप्पी लटक रहल रहे। सरकारी बिल्डिंग के बाहर लंबी लाइन लागल रहे। सब खड़ा रहे–बिना बोले। बस इहे कहल गइल रहे कि आज सबके काम के फैसला होई। का फैसला? केहू ना जानत रहे। लोग आँख झुकाके खड़ा रहे, जइसे आँख उठाइब भी गुनाह हो।

लाइन में खड़ा ऊ आदमी बार-बार जेब छू रहल रहे। जेब में एगो मुड़ा-कुचला कागज रहे। ना त आदेश, ना अजी–बस दिल के बात, जे ऊ कई रात जाग-जाग के लिखले रहे। घर से निकलते बेरा मेहरारू पूछली–आज जल्दी आईं? ऊ मुस्किया के कहलस–आ जाईं। लइका पूछलस–पक्का? ऊ लइका के माथा सहला के हँस दिहलस, बाकिर ऊ हँसी में भरोसा कम, डर जादे रहे।

दरवाजा धीरे-धीरे खुलत रहे। नाम पुकारल जात रहे। एक-एक आदमी भीतर जात रहे। बाहर खड़ा लोग और तना जात रहे, जइसे रीढ़ में सरकारी डंडा डाल दिहल गइल हो। भीतर से ना आवाज, ना हल्ला। बाहर निकले वाला आदमी लोग चुपचाप निकल जात रहे–चेहरा पर अजीब थकान, जइसे कुछ बहुत भारी छोड़ के आइल होखे। लाइन घटत रहे, आदमी के नंबर नजदीक आवत रहे।

जब ओकर नाम पुकारल गइल, ऊ कागज निकाल के भीतर घुस गइल। अंदर खाली मेज, कुर्सी, आ दीवार पर देश के फोटो। केहू कुछ पूछल ना। ऊ चुपचाप कागज मेज पर रख दिहलस। बाहर सांझ उतर रहल रहे। रात बीत गइल, दरवाजा खुलल, बाकिर ऊ बाहर ना निकलल। घर में पूरी रात टीवी बोलत रहल। बिहान अखबार आइल–खबर रहे, सब सामान्य बा। बस लाइन आज छोट हो गइल रहे आ एगो घर हमेशा खातिर खामोश।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17 दिसंबर 2025 बुधवार
सूर्योदय - 07:05 सूर्यास्त 17:41
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - त्रयोदशी 26:33 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र - विशाखा 17:11 उपरांत अनुराधा
योग - सुकर्मा 14:16 उपरांत धृति
करण - गर
चन्द्रमा - तुला में है। 10:26 पर वृश्चिक में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 25 तारिख

**मेष-** धनार्जन सुगम होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**मिथुन-** शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क-** आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है।व्यवसाय ठीक चलेगा।

**सिंह-** फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कन्या-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**तुला-** किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं।

**वृश्चिक-** घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**धनु-** बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**मकर-** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी।

**कुंभ-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

**मीन-** धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## हेल्दी फूड्स

सात रंगों के है सात चक्र सात रंगों की सात रोशनी,
लाल, नारंगी, पीला, हरा,नीला, जामुनी और बैंगनी,
प्राणिक ऊर्जा जीवन चक्र इन्हीं सातों रंगों का है मेल,
प्रतिदिन करना होगा हमें भोजन में नित इनका तालमेल ।
चलो आज खोलते हैं तन्दरूस्त सेहत का न्यू चैप्टर,
जानते हैं कुछ हेल्दी फूड्स फॉर हेल्दी बॉडी फैक्टर,
धरा पर मानव को प्रकृति ने दिया ये ₹आनंद₹ खजाना,
अनाजों फलों-सब्जियों बीजों मेवों में है अमृत सुहाना ।
संतरा, सेब, केला, जामुन, ब्लूबेरी, अमरूद और अनार,
सभी अति आवश्यक विटामिन्स की फलों में है भरमार,
चुकंदर, गाजर, ब्रोकली, टमाटर, खीरा, पालक व केले,
विभिन्न प्रकार के खनिज लवण इनमें स्वाद में अलबेले ।
सप्त धान ज्वार, गेहूँ, चावल, मूँग, उड़द, तिल व बाजरा,
इनकी अलग-अलग उपयोगिता व स्वास्थ्य से जुड़ाव गहरा,
आगे है मेथी, तुलसी, पुदीना, धनिया, सौंफ, जीरा, राई,
हल्दी, कालीमिर्च, दालचीनी, लौंग, इलायची खाओ भाई ।
प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट वसा खनिज लवण व विटामिन्स,
शामिल करें संतुलित आहार में आप इनको प्रतिदिन,
भोजन में सभी तत्वों के सम्मिश्रण से दिखेगा असर,
रोगप्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ेगी कोशिकाओं के अन्दर ।

मोनिका डागा

## बिटिया की विदाई

नन्हें दोनों हाथों से
कंकू के छापे
अपने पिता को लगा कर
फिर लिपट के रोती
विदा होते ही सबकी आँखों की
कोर में आँसू आ ठहरते
और आना/जल्द आना
सुखी रहना
कह ढुलक जाते आँसू
रिश्ता
आँखों और आंसुओ के
बीच मन का होता
जो डबडबाई से नैना
अंदर से मन को रुलाता
पिता से पूछ कर बिदा होती
लगने लगता आसुंओं का
बांध फूट गया हो
सारी बातें
बचपन से लेकर बड़े होने की
घूमने लगती आँखों के सामने
बिदा के बाद
घर आने पर
खाना बिना आँसू गिरे खाया हो
ये कभी भी ना हुआ
दर्द का सच
पिता कुछ ज्यादा ही महसूस करता
रोता मन कैसे कहे
बिटिया की विदाई का दर्द
कंकू के छापे
जिन्हें देखकर
आँसुओं से डबडबाने
लगते सूने नयने



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

## सर्दियों में हॉट कोको पीने मिलते हैं जबरदस्त ये फायदे

सर्दियों के मौसम में जैसे-जैसे तपमान गिरता है, ठंड भी बढ़ने लगती हैं। इस मौसम में शरीर धीमा हो जाता है और दिमाग भी थोड़ा सुस्त सा महसूस करता है। इस दौरान एक गर्म कप हॉट कोको केवल स्वाद ही नहीं, बल्कि हेल्थ को बूस्ट करती है। कोको में मौजूद फ्लेवोनॉल्स, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अन्य कंपाउंड्स इसे एक ऐसा ड्रिंक बनाते हैं जो शरीर और दिमाग दोनों को ही अंदर से एनर्जी प्रदान करता है। कई स्टडीज में पाया गया है कि हॉट कोको केवल एक चॉकलेट ड्रिंक नहीं, बल्कि मेटाबॉलिज्म, हार्ट हेल्थ, ब्रेन फंक्शन और ओवरऑल वेलनेस को सपोर्ट करने वाला एक नेचुरल टॉनिक है। कोको पाउडर को पानी में घोलकर पीने से मेटाबॉल्जिम सबसे बेहतर होता है। यह कॉलेस्ट्रॉल लेवल को सुधरता है और स्टेम सेल हेल्थ को भी सपोर्ट मिलता है। आप एक से दो चम्मच कोको पाउडर का सेवन कर सकते हैं। आइए आपको बताते हैं कोको पाउडर ड्रिंक के फायदे।

ब्रेन और बॉडी के लिए क्यों फायदेमंद है हॉट कोको?

हॉट कोको शरीर के मेटाबॉलिज्म को सक्रिय कर ऊर्जा बढ़ाने में सहायता करता है। इसमें मौजूद फ्लेवोनॉल्स ब्लड सकुर्लेशन को सुधारते हैं, जिससे दिमाग तक पर्याप्त ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचते रहते हैं। इसी कारण यह



ड्रिंक मूड बेहतर करने, तनाव कम करने और ध्यान बढ़ाने में मददगार मानी जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, कोको ड्रिंक दिल की सेहत, कोलेस्ट्रॉल के संतुलन और ब्लड शुगर नियंत्रण में भी फायदेमंद है। शोध बताते हैं कि नियमित रूप से कोको का सेवन करने से पेट और कमर की अतिरिक्त चर्बी घट सकती है और शरीर की बनावट में भी सुधार हो सकता है।

### कोको ड्रिंक पीने के फायदे

- शुद्ध कोको में फ्लेवोनॉल्स होते हैं,इसका सेवन करने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। यह दिल की सेहत बेहतर करता है और स्टेम सेल सपोर्ट में मदद मिलती है।
- कोको ड्रिंक पीने से टोटल कोलेस्ट्रॉल कम होता है। इसे पीने से बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है।
- ब्लड ग्लूकोज को बेहतर तरीके से कंट्रोल करने में मदद मिलती है।
- अगर आप नियमित रुप से कोको ड्रिंक पीते हैं, तो बॉडी कंपोजिशन बेहतर होगा, कमर की चर्बी भी कम होगी और ओवरऑल वेलनेस में सुधार आएगा।

### कोको ड्रिंक पीने का सही तरीका

- हमेशा हाई-क्वालिटी, अनस्वीटेंड कोको पाउडर का ही उपयोग करें।
- एक कप गरम पानी में लगभग 2 चम्मच कोको पाउडर घोलें।
- इसमें चीनी न डालें या फिर कम मात्रा में हल्की चीनी डाल लें।
- कोको ड्रिंक में दूध की बजाय पानी बेहतर रहता है क्योंकि इससे कैलोरी कम होती हैं।
- इसको आप दिन में एक बार, खासकर सुबह या दोपहर के समय लें, ताकि एनर्जी और फोकस दोनों बेहतर बने।

धर्म-आस्था

## सनातन धर्म की देव पूजन परम्परा में नैवेद्य का महत्व



डॉ. शारदा मेहता
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संस्कृति में देव पूजन में नैवेद्य का अत्यधिक महत्व है। देवालयों में आरती के समय नैवेद्य लगाया जाता है। इस नैवेद्य को भक्त दर्शनार्थियों के मध्य प्रसाद रूप में वितरित किया जाता है। विभिन्न देवताओं को अलग-अलग प्रकार के नैवेद्य समर्पित किए जाते हैं-

1 श्रीगणेशजी- श्रीगणेशजी को मोदक विशेष रूप से प्रिय हैं। इन्हें इसीलिए मोदक का नैवेद्य लगाया जाता है। मोदक विभिन्न खाद्य सामग्रियों से निर्मित किए जाते हैं और उनकी आकृतियां भी भिन्न-भिन्न होती हैं। इन्हें पंचामृत, नारियल और सभी प्रकार के ऋतुफल समर्पित किए जाते हैं। श्रीगणेशजी को तुलसी नहीं चढ़ाई जाती है। इन्हें दुर्वा चढ़ाई जाती है।

2 शंकरजी- इन्हें सभी प्रकार के मिष्ठान्न का नैवेद्य अर्पित करते हैं। उज्जैन में महाकाल स्वरूप शंकरजी को लड्डू का नैवेद्य लगाया जाताहै। इस नैवेद्य के पैकेट मन्दिर के काउंटर पर विक्रय हेतु उपलब्ध रहते हैं। शंकरजी को भांग विशेष प्रिय है। फूलों में धतूरा और ऑक के पुष्प उन्हें चढ़ाए जाते हैं। भाँग से श्रृंगार भी किया जाता है। नारियल और पंचामृत तथा अभिषेक का विशेष महत्व है। ऋतुफल भी अर्पित किए जाते हैं।

3 हनुमानजी- हनुमानजी को सभी प्रकार की मिठाइयों का नैवेद्य लगाया जाता है किन्तु भुने चने, चिरोंजी, गुड़, नुक्ती इन्हें विशेष प्रिय हैं। नारियल भी



इन्हें अर्पित किया जाता है। इन्हें सिन्दूर का चोला चढ़ाया जाता है। रक्तवर्ण के पुष्प इन्हें विशेष प्रिय हैं।

4 श्रीकृष्ण भगवान- इन्हें माखन मिश्री विशेष प्रिय है। सभी प्रकार के मिष्ठान्न का नैवेद्य इन्हें अर्पित किया जाता है। नाथद्वारा में श्रीनाथजी, सावरियाजी आदि वैष्णव सम्प्रदाय के मंदिरों में लड्डू और ठोड़ का नैवेद्य विशेष महत्वपूर्ण है। श्रीकृष्ण को तुलसी सर्वाधिक प्रिय है। तुलसी पत्र की माला इन्हें समर्पित की जाती है। नैवेद्य में पंचामृत भी महत्वपूर्ण है।

5 श्रीराम-सीता और लक्ष्मणजी- इन्हें सभी प्रकार के मिष्ठान्न और ऋतुफल का नैवेद्य लगाया जाता है। ऋतु फल समर्पित करते समय निम्नलिखित श्लोक बोला जाता है- इदं फलं मया देव स्थापितं पुरतस्तव।
तेन मे सफलावाप्तिर्भवेज्जन्मनि जन्मनि।।

6 विष्णुजी- श्रीराम, श्रीकृष्ण, श्रीसत्यनारायण भगवान ये सभी श्री विष्णुजी के ही अवतार हैं। इन्हें पंचामृत हलवा, तुलसी पत्र, नारियल, ऋतुफल समर्पित किए जाते हैं। नैवेद्य लगाते समय निम्नांकित श्लोक बोला जाता है-

शर्करा खण्ड खाद्यानि दधि क्षीर घृतानि च।
आहारं भक्ष्यभोज्यं च नैवेद्य प्रतिगृह्यताम।।

नैवेद्य लगाते समय प्रतिदिन निम्नांकित पंक्तियाँ का भी उच्चारण किया जाता है-

प्राणाय स्वाहा। अपानाय स्वाहा।
समानाय स्वाहा। उदानाय स्वाहा।
व्यानाय स्वाहा।

7. श्री लक्ष्मीजी- सभी प्रकार के मिष्ठान्न, पान, नारियल, खीर और घर में बनने वाले समस्त पकवानों का नैवेद्य के थाल को माता लक्ष्मीजी को समर्पित किया जाता है। इस नैवेद्य में तुलसी दल भी सम्मिलित किया जाता है। साल की धानी और शकर पट्टी का भी विशेष महत्व है। लक्ष्मीजी नैवेद्य की सुगन्ध ग्रहण कर खाद्य सामग्री को स्वादिष्ट बना देता है। नैवेद्य समर्पित करते समय निम्नांकित श्लोक बोलना चाहिए-

नैवेद्यं गृह्यतां देवि! भक्ति मे ह्यचलां कुरु।
ईप्सितं मे वरं देहि परत्र च परां गतिम्।।

8 नवरात्रि की नौ देवियां- इन नौ देवियों को चना, चिरोंजी, मिश्री, मूँगफली दाने, हलवा, खीर, पूरी आदि का नैवेद्य लगाया जाता है। कुछ देवियों को कुष्माण्ड, मदिरा का भोग भी लगाते हैं। नारियल तथा ऋतुफल तो सभी के लिए आवश्यक है।

9 वैष्णव देवी- इनके नैवेद्य में परमल धानी, सूखे सेवफल, चिरोंजी आदि का प्रमुख स्थान है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1800 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700 प्याज महाराष्ट्र 1600 से 2000 प्याज लोकल 1000 से 1600 एवरेज 500 से 800 गोल्टा 800 से 900 गोल्टी 400 से 500 लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारिक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2250-2950, चना काबली- 3026-8251, चना बड़ा- 4749-5790, बटला- 2400-4150, राई- 6260, सोयाबीन- 1875-5551, राजमा- 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना-स्टेण्डर्ड- 1,31,900, रवा- 1,31,800 चांदी-टंच- 1,88,200 पाट- 1,88,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मुंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण का आयोजन

**महिदपुर।** म.प्र शासन की मंशानुसार म.प्र में पशुओं में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन दिनांक 17/12/25 से दिनांक 23/12/25 तक किया जाना है जिसमें वि.ख महिदपुर के गौसेवक व मेत्री का द्वितीय परीक्षण दिनांक 15/12/25 को शा.पशु चिकित्सालय. महिदपुर में आयोजित किया गया जिसमें पशुपालन के तीन स्तंभ नस्ल सुधार ,पशु सुधार व पशु पोषण के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ अरविंद कुमार मथानिया पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी एवं डॉ उदयवीरसिंह प्रभारी पशु चिकित्सालय महिदपुर एवं कमल प्रजापत, तूफानसिंह पंवार, धर्मेंद्रसिंह राजपूत, शैतानसिंह, चेतन डोडिया, गणपत लाल प्रजापत, गोविंदसिंह, किशोर वर्रा, राहुलसिंह, राजाराम, विकास माली, बने सिंह, गौसेवक एवं मेत्री उपस्थित रहे। अभियान के दौरान पशुपालकों के पास 05 से 09 संख्या तक गोवंशीय व भेस वंशीय पशु हे उनसे संपर्क कर अभियान को सरल बनाना है।

## डॉ. विजय छजलानी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया गया सम्मानित



**महिदपुर।** मध्यप्रदेश स्टेट टीबी एसोसिएशन, भोपाल द्वारा महिदपुर निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विजय छजलानी को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं टीबी मरीजों की आजीवन सेवा के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें संस्था के अध्यक्ष जयपाल सचदेव एवं मानद सचिव डॉ. मनोज वर्मा द्वारा आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. विजय छजलानी इंदौर जिले के पूर्व जिला क्षय अधिकारी रह चुके हैं और उन्होंने लगभग 12 वर्षों तक इस पद पर रहते हुए टीबी उन्मूलन के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उल्लेखनीय है कि डॉ. विजय छजलानी, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक स्व. आनंदीलाल छजलानी के सुपुत्र हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ टीबी नियंत्रण और उन्मूलन से जुड़ी अनेक योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया। गरीब एवं जरूरतमंद टीबी मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराने वाली निक्षय मित्र योजना का शुभारंभ भी उनके ही कार्यकाल में हुआ, जो आज टीबी उन्मूलन अभियान की एक महत्वपूर्ण पहल मानी जाती है। वर्तमान में भी डॉ. विजय छजलानी इंदौर स्थित बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने चिकित्सक नगर में अपने निवास पर टीबी मरीजों का निःस्वार्थ भाव से उपचार कर रहे हैं। मरीजों के प्रति उनका यह निरंतर सेवा भाव और टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में दिया गया योगदान ही उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान का पात्र बनाता है। इस सम्मान प्राप्ति पर नगर के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, जैन समाज सहित महिदपुर क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने डॉ. विजय छजलानी एवं छजलानी परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## ब्राह्मण महापंचायत को लेकर बैठक आयोजित, महापंचायत पत्रिका का विमोचन



**ब्यावरा।** आगामी 21 दिसंबर को होने वाले ब्राह्मण महापंचायत को लेकर शहर के परशुराम मंदिर पर ब्राह्मण समाज द्वारा बैठक आयोजित कर महापंचायत पत्रिका का विमोचन किया गया। ब्राह्मण समाज कार्यकारी अध्यक्ष गिरिराज शर्मा बालाजी ने बताया कि आगामी 21 दिसंबर को मंदसौर के हाई पट्टी मंडी प्रांगण, सीतामऊ में होगी सुबह 11 बजे ब्राह्मण समाज द्वारा महापंचायत आयोजित की जाएगी। महापंचायत में मुख्य मांगे इडब्लूएस आरक्षण में वृद्धि, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा और पुजारियों का मानदेय सहित ?ब्राह्मण समाज के विभिन्न मुद्दों और मांगे शामिल रहेगी। महापंचायत पत्रिका विमोचन के दौरान विप्र सेना के जिलाध्यक्ष द्वारकाप्रासाद आचार्य, भागवताचार्य सतीश नागर, अजय तिवारी, कामेश महाराज, अशोक दुबे, बृजेश त्रवेदी, मुरारीलाल शर्मा, रमेश चन्द्र शर्मा, जयंत शर्मा, अशोक तिवारी, घनश्याम पराशर, सुरेश शर्मा सहित अन्य समाज बंधु मौजूद थे।

## विधानसभा क्षेत्र महिदपुर के समस्त मतदान केंद्रों पर ASD सूची का वाचन

**महिदपुर।** निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा क्षेत्र 213 महिदपुर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण SIR कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं का डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण हो गया है। रजिस्ट्रिकत अधिकारी एवं एसडीएम ने पटाया की कुल 2,22,328 मतदाताओं में से सभी 2,22,328 का डिजिटलाइजेशन मतदान केंद्रों के बीसीओ द्वारा ऑनलाइन किया गया है। आयोग के निर्देश पर दिनांक 7, 8 एवं 9 दिसंबर को मृत, शिफ्ट एवं अनुपस्थित मतदाताओं का वाचन बीसीओ एवं बीएलए जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान केंद्रों पर की गई है। महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में 3842 मृत 6027 शिफ्ट 1486 अनुपस्थित 79 अन्य एवं नो मैपिंग के 1525 मतदाता चिन्हित हुए है।

किसानों ने कम मुआवजे का आरोप लगाया

# भूमि अधिग्रहण पर राज्यपाल को ज्ञापन किसानों ने इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खातेगांव



ग्राम पीपल्यानानकार के किसानों ने राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने रेलवे और बायपास सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण में कम मुआवजा मिलने का आरोप लगाया। यह ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार अवधेश यादव को दिया गया।

किसानों ने ज्ञापन में बताया कि रेलवे और बायपास निर्माण के लिए उनकी कृषि भूमि अधिग्रहित की गई है। हाईवे निर्माण में लगभग 5 एकड़ और रेलवे परियोजना में लगभग 7.5 एकड़ भूमि ली गई है। किसानों का कहना है कि अधिग्रहित भूमि पर पक्के मकान, ट्यूबवेल और अन्य संसाधन भी थे, जिनका उचित मुआवजा नहीं दिया गया।

किसानों का आरोप है कि अधिग्रहित भूमि का बाजार मूल्य लगभग 80 लाख रुपए प्रति एकड़ है। इसके विपरीत, उन्हें केवल 6 से 7 लाख रुपए प्रति एकड़ का मुआवजा मिला है। यह राशि वास्तविक बाजार मूल्य से काफी कम है, जिससे वे नई भूमि खरीदने में असमर्थ हैं।

### खेती ही परिवार की आजीविका

किसानों ने बताया कि खेती ही उनके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन है, और भूमि छिन जाने से उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट आ गया है।

किसानों ने मांग की है कि रेलवे और बायपास के बदले उन्हें गांव के आसपास और प्रधानमंत्री सड़क पर स्थित उपजाऊ भूमि उपलब्ध कराई जाए। यदि भूमि देना संभव न हो, तो मुआवजा बाजार मूल्य के आधार पर दिया जाए, ताकि वे वैकल्पिक भूमि खरीद सकें।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने प्रभावित परिवारों के दो सदस्यों को रेलवे में नौकरी देने, अवयस्क सदस्यों की देखभाल करने और बच्चों की शिक्षा का खर्च वहन करने की भी मांग की है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि उनकी मांगों पर शासन द्वारा विचार नहीं किया गया, तो वे इच्छा मौत की अनुमति मांगने को विवश होंगे।

ग्रामीणों ने यह सुझाव भी दिया कि गांव से नया बायपास बनाने के बजाय पुराने मार्ग का ही चौड़ीकरण किया जाए, जिससे अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता न पड़े। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रभावित किसान परिवारों के सदस्य उपस्थित थे। उन्होंने शासन से न्यायोचित निर्णय लेने की अपील की।

## लेफ्टिनेंट विजय सिंह सिसोदिया के आगमन पर डीजे के साथ भव्य जुलूस व ऐतिहासिक स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



भारतीय सेना में अधिकारी बने लेफ्टिनेंट विजय सिंह सिसोदिया के नगर आगमन पर रविवार को सुसनेर नगर में डीजे के साथ भव्य स्वागत जुलूस निकाला गया। यह जुलूस नगरवासियों के उत्साह, देशभक्ति और गौरव का प्रतीक बना। पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और लोग अपने वीर सपूत के स्वागत के लिए सड़कों पर उमड़ पड़े। जुलूस की शुरूआत आगर रॉड से हुई जो नगर के मुख्य मार्गों से होता हुआ आगे बढ़ा। डीजे पर देशभक्ति गीत गूंजते रहे, वहीं भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण देशप्रेम से ओतप्रोत हो गया। नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर, फूल-मालाओं से लेफ्टिनेंट सिसोदिया का स्वागत किया। कई स्थानों पर मंच बनाकर सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उनका सम्मान किया। नगरवासियों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों के बाहर खड़े होकर जुलूस का स्वागत किया। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह देखने को मिला। युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर सेना के सम्मान में नारे लगाए। यह दृश्य नगर के लिए अत्यंत गर्व और भावनाओं से जुड़ा रहा। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट विजय सिंह सिसोदिया ने नगरवासियों के स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे सुसनेर क्षेत्र का है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र सेवा के लिए आगे आने और कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर कोई भी युवा अपने सपनों को साकार कर सकता है।

उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट विजय सिंह सिसोदिया सुसनेर तहसील के ऐसे पहले युवा हैं, जिन्होंने भारतीय सेना में अधिकारी बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साधारण परिवार से निकलकर इस मुकाम तक पहुंचना उनकी संघर्षशीलता और लगन का प्रमाण है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे नगर और क्षेत्र में गर्व की भावना है। जुलूस के समापन पर नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और सुरक्षित राष्ट्र सेवा की कामना की। यह आयोजन सुसनेर के इतिहास में गौरवपूर्ण क्षण के रूप में लंबे समय तक स्मरणीय रहेगा।

## विशाल हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों के लिए कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**सारंगपुर।** आगामी 4 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन की सफल आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से ग्राम मऊ स्थित माँ दुर्गा गौशाला परिसर में कार्यकताओं की एक बडी और महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के सैकडों कार्यकताओं, विभिन्ना संगठनों के पदाधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया और सम्मेलन को अभूतपूर्व सफलता दिलाने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं में विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यह सम्मेलन केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि हिन्दू संस्कृति, एकता और राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने का एक महाअभियान है। बैठक में सम्मेलन स्थल की व्यवस्था, भोजन, पार्किंग, सुरक्षा, और आमंत्रण चावल वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। सम्मेलन के विभिन्ना कार्यों को सुचारू रूप से संपन्ना करने के लिए अलग-अलग समितियों (जैसे प्रचार समिति, व्यवस्था समिति, स्वागत समिति) का गठन किया गया और उन्हें जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। यह लक्ष्य निर्धारित किया गया कि सम्मेलन में आस-पास के सभी गाँवों से अधिकाधिक संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया और उन्हें घर-घर जाकर लोगों को सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

## मंडलोई कपिलेश्वर गौ शाला समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष

**सारंगपुर।** कपिलेश्वर को सेवा ट्रस्ट समिति की आवश्यक बैठक रविवार को आयोजित की गई, जिसमें सभी ट्रस्टी ने सर्वसम्मति से पुनः अभिभाषक संघ अध्यक्ष पीएस मंडलोई को कपिलेश्वर गौ सेवा समिति ट्रस्ट अध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ नवीन कार्यकारणी का भी गठन किया। जिले की सबसे व्यवस्थित गौशालाओं में गिने जाने वाली श्री कपिलेश्वर गोशाला सारंगपुर में ट्रस्ट की एक बैठक आयोजित कर आगामी कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। जिसमें पिछले कार्यकाल में श्रेष्ठ कार्यक्षमता के कारण पुनः अध्यक्ष के रूप में पीएस मंडलोई को एवं सचिव के पद पर ओमप्रकाश राठी को चुना गया।

## उन्हेल में संभागीय पत्रकार मिलन समारोह संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उन्हेल



उन्हेल प्रेस क्लब सोसायटी द्वारा संभागीय पत्रकार मिलन समारोह राज सज्जन मांगलिक परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन प्रेस क्लब के नवनियुक्त अध्यक्ष नंदलाल यादव थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक सतीश मालवीय ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनसंपर्क अधिकारी अरुण कुमार राठौर, विशाल सिंह हाड़ा , उदय सिंह चंदेल, भूपेंद्र दलाल, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, कैलाश सनोलिया, धर्मेंद्र भाटी ,भेरूलाल टांक, पंकज मारु ,शंकर पटेल, बालू खींची ,शांतिलाल हलकारा ,राजकुमार जैन राजेंद्र राठौड़ थे।

प्रेस क्लब समिति उन्हेल के द्वारा संभाग स्तरीय पत्रकार एवं सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संभागीय जनसंपर्क अधिकारी राठौर ने सिहंस्थ 2028 को लेकर पत्रकार साथियों से आग्रह किया की सिहंस्थ की सकारात्मक छवि निर्माण में उनकी अहम भूमिका रहने वाली है। सिहंस्थ के दौरान 65 से 70 करोड़ के लगभग श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। सभी पत्रकारों से सहयोग का आहान किया। मध्य प्रदेश अधिमान्यता पत्रकार कैलाश सनोलिया ने ग्रामीण पत्रकारों को अधिमान्यता दिलाने की बात कही।

सीईओ जिला पंचायत ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक

# कार्य नहीं करने वाले तथा कार्य में लापरवाही करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे द्वारा सोमवार जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की पंचायतवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दुबे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत पीएम जनमन के लंबित आरोन के 285, बमोरी के 982, चांचौडा के 71, गुना के 1158 एवं राघौगढ़ के 524 हितग्राहियों के आवास आगामी पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित उपयंत्री एवं ब्लॉक समव्यक प्रधानमंत्री आवास को दिये गए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पीएम जनमन के प्रगतिरत 3020, आवास प्लस के प्रगतिरत 15932 आवासों को पूर्ण कराने तथा 28165 हितग्राहियों के समग्र पंजीयन कराने के निर्देश भी दिये गए। उन्होंने पीएम जनमन अंतर्गत ही हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त प्रदान करने संबंधी कार्यवाही किये जाने के निर्देश सभी सीईओ जनपद पंचायत को दिये गए।

सीईओ जिला पंचायत श्री दुबे द्वारा जिन ग्राम पंचायतों के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आवास योजना के कार्यों में रुचि न लेना या लापरवाही से कार्य किया जा रहा है, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कराये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने बैठक अनुपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश योजना प्रभारी जिला पंचायत गुना को दिये।

सीईओ जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे ने मनरेगा योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए ₹एक बगिया माँ के नाम₹ अंतर्गत सिपरी पोर्टल पर लेबर पर आरोन में 116.05 लाख के विरुद्ध 4.11 लाख का व्यय, बमोरी में 113.08 लाख के विरुद्ध 3.02 लाख का व्यय, चांचौडा में 125.16 लाख के विरुद्ध 3.07 लाख का व्यय, गुना में 114.41 लाख के विरुद्ध 1.93 लाख का व्यय एवं राघोगढ़ में 142.74 लाख के विरुद्ध 1.09 लाख का व्यय किया गया है। इसी प्रकार सामग्री पर आरोन में 153.49 लाख के विरुद्ध 47.87 लाख का व्यय, बमोरी में 150.93 लाख के विरुद्ध 51.95 लाख का व्यय, चांचौड़ा में 163.40 लाख के विरुद्ध 35.84 लाख का व्यय, गुना में 153.29 लाख के विरुद्ध 36.82 लाख का व्यय एवं राघोगढ़ में 138.58 लाख के विरुद्ध 36.93 लाख का व्यय किया जाना पाया गया। जिस पर सीईओ श्री दुबे ने कहा कि यदि कल शाम तक 100 प्रतिशत लेबर की प्रगति नहीं आती है तो संबंधितों की एक-एक दिवस की वेतन काटी जावे। उन्होंने लंबित 53393 हितग्राहियों की समग्र ई-केवायसी कराने के निर्देश दिये। साथ ही एसएनए पोर्टल पर लंबित 402.8 लाख के भुगतान की कार्यवाही पूर्ण कराने तथा जल गंगा संवर्धन के प्रगतिरत कार्यों को भी समय-सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश समस्त जनपद सीईओ साहेबान को दिये।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 26 दिसंबर से



**महिदपुर रोड।** नगर के बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक श्री राम हनुमान मंदिर में आगामी 26 दिसंबर शुक्र वार से 1 जनवरी गुरुवार तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मंदिर निर्माण समिति द्वारा नगर वासियों के सहयोग से मंदिर परिसर में रखा गया है। श्रीमद् भागवत कथा का आयो जन प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे के बीच में होगा श्रीमद् भागवत कथा पंडित सुनील कृष्ण व्यास (बेरछा वाले) के मुखारविंद से होगी श्री राम हनुमान मंदिर सेवा समि ति के सदस्यों ने नगर सहित आस पास के गांवों के श्रद्धालुओं से श्रीमद् भागवत कथा आयोजन में शामिल होकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।

## विहिप, बजरंगदल ने निकाली हिंदू शौर्य जागरण मशाल यात्रा



**गुना।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल द्वारा हिंदू शौर्य जागरण मशाल यात्रा गत देर शाम सीसीआई पार्क आंबेडकर भवन चौराहा से निकली गई। यहां से प्रारंभ होकर हनुमान चौराहा, तेलघानी चौराहा, जयस्तंभ चौराहा से होकर लक्ष्मीगंज शास्त्री पार्क पर पर यात्रा का समापन हुआ। जिसमें दीपक भार्गव प्रांत सह प्रचार प्रसार प्रमुख, सुरेश शर्मा प्रांत सत्संग प्रमुख, विभाग संगठन मंत्री वीर सिंह, विभाग मंत्री दिलीप सिंह कुशवाह, जिला मंत्री राकेश शर्मा, जिला सहमति राजेंद्र सिंह कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ओझा, जिला से मंत्री रामप्रसाद मार साहब, जिला संयोजक बृजेश प्रजापति, नगर मंत्री गौरव कुशवाहा का मार्गदर्शन सभी कार्यकताओं को प्राप्त हुआ। विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल हर वर्ष हिंदू शौर्य दिवस मनाता आ रहा है जो कि पूरे भारत में मनाया जाता है। कार्यक्रम में जिला गुना एवं गुना नगर के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नगर संयोजक कार्यकर्ताओं एवं प्रशासन के सभी विभागों का आभार व्यक्त किया गया।

## गौरवशाली क्षण श्री दादा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित



**खाचरोद।** मध्य प्रदेश मलखंब एसोसियन के द्वारा (प्रथम) राज्य स्तरीय ग्रामीण मलखंब खेल प्रतियोगिता श्री जय महावीर व्यायाम शाला माधवपुरा (रुणीजा) जिला उज्जैन द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गई,इस अवसर पर श्री मध्य प्रदेश मलखंब एसोसियन के द्वारा गुरु श्री कल्याण प्रसाद शर्मा के शिष्य श्री लक्ष्मीनाथ व्यायाम शाला संचालक श्री प्रहलाद शर्मा दादा को 51000 रुपए एवं गुरु श्री रामलाल खामोरिया के शिष्य श्री सिद्धू पहलवान सागीत्रा 51000 रुपए की राशि लाइफटाइम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय एवं मध्य प्रदेश मलखंब एसोसियन के अध्यक्ष सोनू गहलोत एवं मध्य प्रदेश मलखंब एसोसियन सचिव ओमप्रकाश त्रिवेदी मलखंब कोच विश्वामित्र अवार्ड श्री मोहनलाल बंबोरिया विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर मलखंब कोच कन्हैयालाल मामोडिया सरपंच सत्यनारायण नागर सरपंच कौटिल्य सिंह राठौड़ गजनी खेड़ी देवेंद्र सिंह राठौड़ ठिकाना रुणीजा ईश्वर सिंह राठौड़ पूर्व जनपद सदस्य सुनील यादव व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में यह सम्मान किया गया । आभार श्री जय महावीर व्यायाम शाला संचालक एवं गुरु श्री नंदकिशोर नागर ने किया।

In The Court Of I Additional Judge to Court of Civil Judge Class I, Tehsil Tarana, District Court Ujjain Presiding Officer: : श्रीमती संगीता शुक्ला

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक**

(MJC SUC/0000004/2025)

**राजेन्द्रसिंह राजपूत -------- आवेदक**

Vs

**भगवानसिंह--------- अनावेदक**

**Process Id-/2025**

**पेशी दिनांकः 22/12/2025**

**प्रेषिती–**

(1) सर्व साधारण द्वारा आम जनता

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्रसिंह राजपूत ने मृतक देवीसिंह निवासी तिलावद तहसील माकडोन जिला उज्जैन के बैंक ऑफ इंडिया शाखा तराना के लॉकर क्रंमाक 000032 हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22 दिसम्बर 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 दिसम्बर 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 15 दिसम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**(श्रीमती संगीता शुक्ला)**

**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, तराना न्याया. के प्रथम अति. न्यायाधीश तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें–** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## दतिया में बीच सड़क पर फायरिंग, फिर खुद को शूट कर लिया



**दतिया।** दतिया में मंगलवार शाम एक शादीशुदा युवक ने बीच सड़क पर 17 वर्षीय छात्रा को गोली मार दी। फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शाम करीब 5 बजे की है। गोली लगने से घायल छात्रा को दतिया के जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए ग्वालियर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गोंदन थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा के मुताबिक, गोंदन निवासी 25 वर्षीय मानवेंद्र यादव ने बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा का रास्ता रोक कर वारदात को अंजाम दिया। छात्रा कमलापुरी गांव की रहने वाली है। लड़की ने बताया कि वह हर मंगलवार को शाहपुर हनुमान मंदिर दर्शन के लिए जाती थी। शाम करीब 5 बजे जब वह सहेलियों के साथ लौट रही थी, तभी आरोपी मानवेंद्र यादव ने उसका रास्ता रोक लिया और बिना कोई बातचीत किए कट्टा निकाल कर उस पर फायर कर दिया। दतिया जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पदस्थ डॉक्टर कल्पित अग्रवाल ने बताया कि लड़की को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। गोली छात्रा के सीने को चीरते हुए निकल गई, जिससे उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे तुरंत ग्वालियर रेफर कर दिया गया। टीआई प्रदीप शर्मा ने बताया कि छात्रा को गोली मारने के बाद आरोपी मानवेंद्र यादव ने अपनी गर्दन में गोली मार ली थी। मौके पर पहुंचे लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस दोनों को लेकर इंदरगढ अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने मानवेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

## लुधियाना सेंट्रल जेल में झड़प, बंदियों ने अफसर पीटे



**लुधियाना।** लुधियाना के ताजपुर रोड स्थित सेंट्रल जेल में मंगलवार रात करीब 7 बजे कैदियों के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई। इसी दौरान अधिकारी रूटीन चेकिंग के लिए जेल के अंदर पहुंचे, तो कैदियों ने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया गया। हमले की सूचना मिलते ही जेल सुपरिंटेंडेंट कुलवंत सिद्धू मौके पर पहुंचे और हालात शांत करने की कोशिश की। इसी दौरान एक कैदी ने जेल सुपरिंटेंडेंट के सिर पर ईंट मार दी, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मामले की जानकारी जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर तक भी पहुंच गई है। उन्होंने जेल अधिकारियों से पूरी स्थिति की रिपोर्ट तलब की है। वहीं, पुलिस कमिश्नर स्वप्न शर्मा समेत वरिष्ठ अधिकारी जेल परिसर में मौजूद हैं और हालात पर नजर रखी जा रही है। उधर, जेल से रिहा होकर बाहर आए एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एक बैरेक के करीब 200 से 250 कैदियों ने पुलिस वालों पर हमला किया है। यह व्यक्ति किसी केस में अंदर था और उसकी मंगलवार को ही जमानत हुई है। पहले दिन में हुआ झगडा, शाम दोबारा भिडे कैदी जानकारी के अनुसार, ताजपुर रोड स्थित सेंट्रल जेल में पहले दिन के समय में कैदियों में लड़ाई हुई थी। इसके बाद शाम के समय दोबारा से लडाई हुई। अभी यह पता नहीं चला कि लडने वाले कैदी कौन थे। इसी बीच शाम को करीब 7 बजे अधिकारी रूटीन चेकिंग के लिए अंदर गए। इसी दौरान कैदियों ने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। हमले की बात सुनकर जेल सुपरिंटेंडेंट कुलवंत सिद्धू मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मामला शांत करने की कोशिश की। रात होते ही पुलिस और जेल प्रशासन के आला अधिकारियों की गाडियों का जेल के बाहर तांता लग गया। कई वरिष्ठ अधिकारी लगातार जेल के अंदर और बाहर आते-जाते देखे गए। इसके साथ ही एम्बुलेंस और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की भी सूचना है।

## मोहाली में स्पा सेंटर पर पुलिस का छापा, 8 युवतियां हिरासत में



**मोहाल।** मोहाली के ढकोली के पीर मुछल्ला इलाके में पुलिस ने देर रात ए-वन लग्जरी स्पा सेंटर पर छापा मारा। इस कार्रवाई में स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार के अवैध धंधे का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस को इस स्पा सेंटर के संबंध में लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों की पुष्टि के बाद सोमवार देर रात पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 8 युवतियों और 3 युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में हिरासत में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल तहसीलदार को मौके पर बुलाया। तहसीलदार की उपस्थिति में संबंधित बिल्डिंग को सील कर दिया गया। पुलिस अब इस अवैध कारोबार के पीछे शामिल अन्य लोगों और किसी बड़े नेटवर्क की सक्रियता की भी जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए गए सभी लोगों से पूछताछ जारी है। इसके साथ ही, स्पा सेंटर के संचालक और प्रॉपर्टी मालिक की भूमिका की भी जांच की जा रही है, जिनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अभिभाषक संघ शुजालपुर निर्वाचन, नामांकन खारिज होने पर उच्च न्यायालय में लगाई याचिका

दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर

अभिभाषक संघ शुजालपुर के निर्वाचन की प्रक्रिया तहत मंगलवार को नाम वापसी का अंतिम दिन था, नाम वापसी पश्चात अध्यक्ष पद के लिए चार अभ्यार्थी चुनाव मैदान में है। उधर कोषाध्यक्ष पद के लिए एक ही अभ्यार्थी होने से यह पद निर्विरोध निर्वाचित होगा। इस निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिए बनाए गए निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी द्वारा इस बार मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के नियमों व दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है। इन नियमों के चलते अभिभाषक संघ वर्तमान अध्यक्ष का नामांकन निरस्त कर दिया गया था, जिसके विरोध में उक्त अभिभाषक ने उच्च न्यायालय इंदौर में याचिका दायर की है, जिस पर बुधवार को बहस होना संभावित है।




अभिभाषक संघ शुजालपुर निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश पाटीदार ने बताया कि नामवापसी के बाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के लिए सचिन सबनीस, कैलाश यादव, महिपाल सिंह राजपूत, आनंद कुमार बडोने कुल 4 प्रत्याशी है। उधर उपाध्यक्ष पद के लिए सीधा मुकाबला दिलीपसिंह गुर्जर व प्रीतमसिंह राणा के मध्य होगा। कोषाध्यक्ष पद के लिए कैलाश सरोठिया एक मात्र अभ्यार्थी नामवापसी के बाद शेष बचे जो कि निर्विरोध निर्वाचित होगें। बार एसोसिएशन शुजालपुर के सह सचिव पद के लिए चार उम्मीदवार इसहाक खान, चांदसिंह राजपूत, हेमंत मेवाडा, बनवारी अहिरवार, पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए जीवन बामनिया, अर्पित जैन, मांगीलाल परिहार व कृष्णमोहन यादव अपनी किस्मत आजमा रहे है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभिभाषक संघ के लिए मतदान 23 दिसम्बर को प्रात: 10.30 से शाम 4 बजे तक होगें एवं मतदान उपरांत मतगणना कर परिणामों की घोषणा की जाएगी।

### उच्च न्यायालय में पहुंचा मामला

अभिभाषक संघ चुनाव प्रक्रिया इस बार पुरी तरह मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के नियमों व दिशा निर्देशों के पालन में की जा रही है। निर्वाचन अधिकारी ने अभ्यार्थी अजयपाल का नाम राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रेषित फोटोयुक्त मतदाता सूची में नहीं होने के कारण यह नाम निर्देशन पत्र अस्वीकार कर दिया था। अभिभाषक अजयपाल वर्तमान में बार एसोसिएशन अध्यक्ष है और अपना नाम निर्देशन पत्र अस्वीकार किए जाने के विरोध में उच्च न्यायालय में याचिका लगाई है। उधर निर्वाचन अधिकारी की और से भी उच्च न्यायालय में केवीएट दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि अभिभाषक संघ शुजालपुर की निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर कोई मामला आता है तो उन्हे भी सुना जाए। इस मामले में बुधवार को दोनों पक्षों के बीच बहस होना संभावित है। उधर अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवर होने से अभिभाषक संघ के चुनाव रोचक होने के आसार है।

# शाम होते ही पसर जाता है अंधेरा, एक डीपी के भरोसे पूरा गांव

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बीच ग्राम पंचायत मोरटा बर्डी के रहवासी बिजली संकट की दोहरी मार झेल रहे हैं। सर्दी में बार-बार बिजली गुल होने से नाराज महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में जमकर विरोध दर्ज कराया। महिलाओं ने डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द अतिरिक्त डीपी (ट्रांसफार्मर) लगाने की मांग की।



### सर्दी में जल्दी होती है रात

ज्ञापन सौंपते हुए महिलाओं ने बताया कि सर्दी के मौसम में दिन छोटे होते हैं और शाम 6 बजे तक अंधेरा छा जाता है। ऐसे समय में जब बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तब ओवरलोड के कारण डीपी फेल हो जाती है। महिलाओं ने कहा, साहब! ठंड में शाम को जल्दी खाना बनाना पड़ता है, बच्चे भी इसी समय पढ़ते हैं, लेकिन बिजली न होने से घर में अंधेरा रहता है। न बच्चे पढ़ पा रहे हैं और न ही हम ठंड से बचने के लिए हीटर या अन्य उपकरण चला पा रहे हैं।

### एक डीपी पर पूरे गांव का लोड

ग्रामीणों ने बताया कि मोरटा बर्डी क्षेत्र में आबादी बढ़ने के बावजूद बिजली के इंतजाम पुराने हैं। वर्तमान में केवल एक ही डीपी लगी है, जो लोड नहीं सह पाती।

बार-बार ट्रिपिंग होने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब होने का डर भी बना रहता है। वहीं महिलाओं ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सुविधाएं नदारद हैं, लेकिन बिलों में कोई कमी नहीं है। ओवरलोड और फाल्ट के बावजूद रीडिंग ज्यादा दिखाई जा रही है, जिससे भारी-भरकम बिल आ रहे हैं।

### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीण महिलाओं ने प्रशासन को स्पष्ट कर दिया है कि यदि इस कंपकपाती ठंड में उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ और नई डीपी नहीं लगाई गई, तो वे कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन और चक्काजाम करने को मजबूर होंगी। फिलहाल अधिकारियों ने समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया है।

## लखनऊ में 3 साल की बच्ची से रेप, पिता ने दौडाकर पकडा



**लखनऊ।** लखनऊ में तीन साल की मासूम से परचून की दुकान चलाने वाले युवक ने रेप किया। मासूम घर के बाहर बैठी थी। तभी बहाने से घर के अंदर लेकर गया और उसके साथ गलत हरकत करने लगा। अपने पिता की आवाज सुनकर मासूम भागकर बाहर आई। इसके बाद घटना की जानकारी हुई। गाजीपुर थाना क्षेत्र के लवकुश नगर के रहने वाले पीड़ित के पिता ने बताया कि वह हलवाई का काम करते हैं। पत्नी घरों में खाना बनाने का काम करती हैं। दोनों अपने काम से निकले हुए थे। घर पर तीन साल की बेटी थी। जो घर के बाहर ठंड की वजह से आग से हाथ ताप रही थी। तभी घर के सामने दुकान चलाने वाला युवक बच्ची को अपने घर लेकर चला गया। इसी दौरान पिता घर पहुंचे और बेटी को आवाज लगाई। पिता की आवाज सुनकर मासूम रोते आरोपी के घर से बाहर आई। पिता को बताया कि आरोपी युवक ने मारा है। इस पर उसके परिजनों से शिकायत करने की बात कहकर बच्ची को समझा दिया। कुछ देर बाद मां लौटी तो बच्ची ने दर्द होने की बात बताई। मां के जानकारी करने पर गलत हरकत करने की बात सामने आई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना और आरोपी को घर में रोककर रखा। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल के लिए भेजा है। मामले में एसीपी गाजीपुर का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है, कार्रवाई की जा रही है।

# मोहन बड़ोदिया में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**शाजापुर।** शारीरिक अक्षमता अगर मन के हौसलों के आड़े नहीं आती है, तो सफलता कदम चूमती है। इसी जज्बे का प्रदर्शन मंगलवार को मोहन बड़ोदिया स्थित जनपद शिक्षा केंद्र में देखने को मिला। जहां विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ बीआरसी योगेश भावसार, बीएसी ब्रजमोहन कारपेंटर और परमानंद चौहान द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाने का सशक्त माध्यम हैं।

### दौड़, गायन और चित्रकला में दिखाई प्रतिभा

प्रतियोगिताओं के दौरान दिव्यांग बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों ने चित्रकला और रंगोली के माध्यम से जहां रंगों का जादू बिखेरा, वहीं खेल मैदान पर भी अपना दमखम दिखाया। आयोजन में 100 मीटर और 50 मीटर दौड़, नींबू रेस, चेयर रेस, और सॉफ्टबॉल थ्रो जैसी स्पर्धाएं हुईं। इसके अलावा सांस्कृतिक गतिविधियों में एकल गायन प्रतियोगिता में बच्चों ने सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिताओं के समापन के बाद अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों और हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम का संचालन एमआरसी अनिल मालवीय ने किया, जबकि आभार नवीन कारपेंटर ने माना। इस अवसर पर इरफान खान, करण भिलाला, गोविंद पाटीदार, प्रकाश सोनगरा, सभाजीत पटेल, रामचंद्र मालवीय, भूरेलाल राठौर, दुर्गाप्रसाद वर्मा, धरम लववंशी, ममता शर्मा, नंदकिशोर बैरागी और सुरेश मालवीय सहित बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चे, उनके अभिभावक और शिक्षक उपस्थित रहे।

## साहब! बच्चे भूखे न रहें इसलिए कर्ज लिया, अब घर चलाना भी मुश्किल, रसोइया बहनों का अल्टीमेटम

**शाजापुर।** हम बच्चों को भूखा नहीं रख सकते, इसलिए कर्ज लेकर मिड-डे मील बना रहे हैं, लेकिन प्रशासन सुध नहीं ले रहा। यह दर्द है उन रसोइया बहनों का जो अपनी गुहार लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची थीं। प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था नहीं सुधरी, तो वे चूल्हा बंद आंदोलन करेंगी। प्रांतीय महिला स्व सहायता समूह महासंघ के बैनर तले बड़ी संख्या में महिलाएं मंगलवार दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचीं। यहां उन्होंने नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महासंघ ने बताया कि 4-5 माह से राशन और पकाने की लागत का भुगतान नहीं हुआ है। आर्थिक तंगी के कारण गुणवत्तापूर्ण भोजन देना मुश्किल हो रहा है। इसके अलावा, पोर्टल पर दर्ज बच्चों की संख्या और वास्तविक भुगतान में भी अंतर आ रहा है, जिससे समूहों को नुकसान हो रहा है। ज्ञापन में एक और गंभीर मुद्दा उठाया गया। स्कूलों में बर्तन खरीदने के लिए राशि जारी नहीं की गई है। हालात यह हैं कि कई स्कूलों में बच्चों को पेपर की पत्तलों डिस्पोजल में खाना परोसना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए ठीक नहीं है।

### 5 रुपये में नहीं करेंगे काम, गौसेवक मैत्री ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**शाजापुर।** जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का जिम्मा संभाल रहे गौसेवक मैत्री ने अपने अल्प मानदेय और भविष्य की सुरक्षा को लेकर मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार दोपहर बड़ी संख्या में गौसेवक मैत्री कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद उन्होंने कलेक्टर ऋजु बाफना के नाम डिप्टी कलेक्टर नेहा गंगारे को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए गौसेवक मैत्री संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि वे अभियान के तहत घर-घर जाकर पशुपालकों से संपर्क करते हैं और डेटा संकलित करते हैं। शासन द्वारा इस कार्य के लिए उन्हें प्रति परिवार महज 5 रुपये का भुगतान किया जा रहा है। गौसेवकों का कहना है कि वर्तमान महंगाई और परिश्रम को देखते हुए यह राशि ऊंट के मुंह में जीरा समान है। उन्होंने मांग की है कि इस प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 40 से 50 रुपये प्रति परिवार किया जाए, ताकि उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिल सके।

## विराट-अनुष्का गुरु दीक्षा की कंठी पहने संत प्रेमानंद से मिले



**मथुरा।** क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ मंगलवार को वृंदावन पहुंचे। दोनों ने केली कुंज आश्रम में संत प्रेमानंद के दर्शन किए। दोनों की इस साल प्रेमानंद जी से यह तीसरी मुलाकात है। दोनों घुटनों के बल महाराज जी के सामने बैठे और सिर झुकाकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान विराट-अनुष्का हाथ जोडकर महाराज जी की बातें सुनते रहे। विराट सिर हिला-हिलाकर महाराज जी की बातें सुनते रहे, मुस्कुराते रहे। विराट और अनुष्का के गले में पहली बार तुलसी माला कंठी दिखी। दोनों ने आज संत प्रेमानंद से दीक्षा ली है। वैष्णव परंपरा में दीक्षा लेने के बाद ही गुरु कंठी माला देता है। हालांकि केलीकुंज आश्रम ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। अनुष्का ने कहा- महाराज जी हम आपके हैं और आप हमारे। इस पर प्रेमानंद जी ने हंसते हुए कहा- हम सब श्रीजी के हैं। खूब आनंद पूर्वक रहो। मस्त रहो। भगवान के आश्रित रहो। अपने काम को भगवान की सेवा समझिए। गंभीर भाव से रहिए। विनम्र रहिए। जिंदगी को उन्नतिशील बनाना है। जब तक भगवान न मिल जाएं, हमारी यात्रा रुकनी नहीं है। हम लौकिक-पारलौकिक सब क्षेत्रों को पार करते हैं। एक बार ठाकुरजी को भी देखें, जिसके हम असली में हैं। उन्होंने कहा- एक बार जी भरकर उसे देख लें। अनंत जन्म व्यतीत हो गए। इसी माया में भ्रमित होते हुए, न जाने किस-किस को अपना बनाया। सब छूटते गए। एक बार जो अपना है, उसको तो देख लें। जो अपना असली पिता है, जिसने मुझे प्रकट किया, जिसने मुझे बनाया, एक बाद उसको तो देखें। एक बार उन्हें देखने की लालसा होनी चाहिए। दीक्षा देने से पहले हम भक्त से कहते हैं कि गोस्वामी हित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु रचित प्रिय मंगल ग्रंथ को आत्मसात करके आइए। हरि का नाम लिए लीजिए। प्रेम के बोल बोलिए। इसके लिए कोई समय तय नहीं होता है, जब लगता है कि भक्त ने बताए हुए नियम फॉलो किए हैं। तब उन्हें दीक्षा दे दी जाती है।

# पहली बार इथियोपिया पहुंचे मोदी

## अली ने नेशनल पैलेस में स्वागत किया, खुद कार चलाकर होटल ले गए थ, द्विपक्षीय बैठक की

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जॉर्डन का दौरा पूरा करने के बाद इथियोपिया पहुंचे हैं। इथियोपिया के पीएम अबी अहमद अली ने नेशनल पैलेस में उनका औपचारिक स्वागत किया है। नेशनल पैलेस में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के दौरान मोदी ने कहा कि इथियोपिया आकर उन्हें बेहद खुशी महसूस हो रही है। पीएम ने कहा कि यह उनका पहला इथियोपिया दौरा है, लेकिन यहां पहुंचते ही अपनेपन का एहसास हुआ।

दूसरी तरफ इथियोपिया के प्रधानमंत्री अहमद अली ने मोदी की सोच की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा यह बात कहते हैं कि अफ्रीका के साथ साझेदारी उसकी जरूरतों के हिसाब से होनी चाहिए। आज भारत और इथियोपिया के बीच नई और मजबूत



साझेदारी की जरूरत है। यह साझेदारी आपसी सम्मान, बराबरी और सहयोग पर आधारित होनी चाहिए, ताकि दोनों देश मिलकर आगे बढ़ सकें।

इससे पहले अहमद अली पीएम मोदी को अदीस अबाबा एयरपोर्ट पर लेने पहुंचे थे। दोनों नेताओं ने एयरपोर्ट पर ही अनौपचारिक बातचीत की। इस दौरान अहमद अली ने मोदी को पारंपरिक कॉफी भी पिलाई। अहमद अली खुद कार चलाकर मोदी को होटल ले गए। उन्होंने रास्ते में मोदी को साइंस म्यूजियम और मैत्री पार्क भी दिखाया। होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने पीएम का स्वागत किया। पीएम ने प्रवासी भारतीयों से मुलाकात भी। इस दौरान एक बच्ची ने सांस्कृतिक नृत्य भी किया।

### इथियोपिया के छात्रों को दोगुनी स्कॉलरशिप मिलेगी

बैठक में मोदी ने कहा कि भविष्य की बड़ी संभावनाओं को साकार करने के लिए एक साफ रोडमैप तैयार किया जाएगा। पीएम मोदी ने बताया कि बैठक में अर्थव्यवस्था, नवाचार, तकनीक, रक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और बहुपक्षीय सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत ने इथियोपिया के छात्रों के लिए भारत में मिलने वाली छात्रवृत्ति को दोगुनी करने का फैसला किया है।

### मोदी बोले- भारत और इथियोपिया हजारों साल पुराने साथी

बैठक के दौरान मोदी ने कहा कि भारत और इथियोपिया के बीच हजारों सालों से संपर्क और आपसी संबंध रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देश भाषाओं और परंपराओं से भरपूर हैं और विविधता में एकता के उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि भारत और इथियोपिया शांति और मानव कल्याण के लिए काम करने वाले लोकतांत्रिक देश हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश ग्लोबल साउथ के साझेदार हैं और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने बताया कि अफ्रीकी संघ का मुख्यालय इथियोपिया में होने से यह देश अफ्रीकी कूटनीति का केंद्र है।

## पाइपलाइन बिछी, लेकिन 8 साल से प्यासे हैं कंठ, बूंद-बूंद से तरसा रही नगरपालिका



**शाजापुर।** साहब! पाइपलाइन बिछे एक जमाना बीत गया, लेकिन हमारे घरों के नल आज भी सूखे हैं। यह दर्द है वार्ड क्रमांक 10 स्थित मंसूरी कॉलोनी की उन महिलाओं का, जो मंगलवार को जनसुनवाई में अपनी फरियाद लेकर पहुंचीं। तपती गर्मी हो या कड़ाके की ठंड, यहां के रहवासी पिछले 8 साल से पीने के पानी के लिए भारी संघर्ष कर रहे हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 10 में विकास के दावे जमीन के नीचे दफन होकर रह गए हैं। मंसूरी कॉलोनी में विडंबना देखिए कि प्रशासन ने 8 साल पहले पाइपलाइन तो बिछा दी, लेकिन उसमें पानी छोड़ना भूल गया। सबर का बांध टूटने पर कॉलोनी की महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं और नगरपालिका के जिम्मेदारों की उदासीन कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर की।

**गुमराह कर रहे जिम्मेदार**-कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं शिकायतकर्ता महिलाओं ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से वे नल कनेक्शन के लिए नगर पालिका के चक्कर काट रही हैं। हर बार उन्हें नया बहाना मिलता है। कभी कॉलोनी को अवैध बता दिया जाता है, तो कभी कहा जाता है कि यह क्षेत्र नगर पालिका की सीमा में ही नहीं आता। सवाल यह है कि यदि कॉलोनी अवैध थी, तो पाइपलाइन बिछाई ही क्यों गई? महिलाओं का आरोप है कि कुछ रसूखदारों के मकान वैध हो गए हैं, लेकिन गरीब परिवार आज भी पानी के लिए तरस रहे हैं। **गंदगी का भी अंबार**-ज्ञापन में महिलाओं ने सिर्फ पानी ही नहीं, बल्कि बदहाल सफाई व्यवस्था का भी जिक्र किया। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि तत्काल नल कनेक्शन दिए जाएं, अन्यथा वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

न्यूज-कॉलम

## चाइनीस मांझे का उपयोग किया तो होगी कार्रवाई-सीएमओ सेन

**पिपलिया मंडी।** नगर परिषद पिपलिया मंडी अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनिल देवरिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन द्वारा व्यापारी बंधुओं तथा आम नागरिकों से अपीलकरी है कि आगामी 14 जनवरी 2026 मकर संक्रांति के पावन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए संज्ञान में आया है की आए दिन पूरे भारतवर्ष में चाइनीस मांझे के उपयोग से कई मासूम लोगों की जान जा चुकी है। चाइनीस डोर एक फाइबर डोर होती है जो बहुत ही नुकीली और मजबूत होती है। जो दिखता तो एक धागे की तरह है लेकिन चलता तलवार की तरह है और त्योहार पर लोग पतंगबाजी का मजा लेते हैं। इस चाइनीस डोर से गर्दन कट सकती है, गहरी चोट आ सकती है और कई बार हादसे इतने गंभीर होते हैं कि यह जिंदगी भी ले सकती है। साथ ही यह चाइनीस डोर पशु-पक्षियों के लिए भी घातक होती है जिसमें पशु-पक्षी उलझकर या तो घायल हो जाते हैं।

## बाल विवाह रोकथाम एवं हिंसा रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान

**नीमच।** कलेक्टर जिला नीमच श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नीमच श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में 15 दिसम्बर को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नीमच में 100 दिवसीय बाल विवाह रोकथाम अभियान व जेंडर आधारित हिंसा रोकथाम अभियान अंतर्गत जागरूकता सह सायबर सुरक्षा सत्र आयोजित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी मबावि नीमच सुश्री अंकिता पंड्या द्वारा बताया गया कि सत्र में सहायक संचालक श्री वैभव बैरागी ने अभियान का उद्देश्य, आवश्यकता व कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार पूर्वक समझाई गई। संस्था जन साहस से मास्टर ट्रेनर विकास अहीर द्वारा बाल विवाह,विवाह की सही उम्र,चाईल्ड हेल्पलाइन,बाल सुरक्षा व जागरूकता संबंधित जानकारी छात्राओं से साझा की।

## एक व्यक्ति की मौत पर ग्रामीणों ने आक्रोश में किया चक्का जाम

**नीमच।** नयागांव के समीप ग्राम सरवानिया मसानी निवासी कालूलाल पिता ऊंकारलाल (उम्र 50 वर्ष) की मौत के मामले को लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने नयागांव फोरलेन पर शव रखकर चक्काजाम किया। घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया और यातायात प्रभावित हुआ। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने और प्रदर्शन कारियों से चर्चा करने में जुटे हुए हैं।

## एटीम कार्ड बदलकर की 50 हजार की ठगी

**मंदसौर।** वाय डी नगर थाना क्षेत्र के कृषि उपज मंडी के सामने सेंट्रल बैंक एटीएम से आरोपी ने बैलेंस चेक करने के बहाने एटीएम कार्ड बदलकर 50 हजार निकाले, मंदसौर वाय डी नगर पुलिस ने फरियादी देवी सिंह सिसोदिया निवासी गुड़भेली की शिकायत पर केस दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू की हैं।

## महापौर प्रहलाद पटेल ने प्रताप करोसिया का किया स्वागत

**रतलाम ।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष श्री प्रताप करोसिया के रतलाम आगमन पर महापौर प्रहलाद पटेल, निगम आयुक्त अनिल भाना ने निगम सभागृह में पुष्पमाला से स्वागत किया। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष प्रताप करोसिया ने इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत किया व सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित को दिये। इस अवसर पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्रसिंह पवांर, कैलाश तोमर सहित विभिन्न संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## यातायात पुलिस ने नियम उल्लंघन पर किया जुर्माना

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक, एवं अति. पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सोनू बड़गुर्जर सूबेदार सुरेश सिसोदिया असी बृजेश परिहार प्रधान आरक्षक सुभाष परमार प्रधान आरक्षक दिनेश यातायात टीम द्वारा 13 दिसम्बर को वाहन चालकों के विरुद्ध 50 चालान और समन शुल्क 24 हजार रुपए वसूल किया गया।जो नाबालिक बच्चे दो पहिया वाहन चलाते पाए गए उनके माता-पिता को थाने पर बुलाकर उन्हें समझाया।

# सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एमरजेंसी केयर बर्न इंजरी ट्रॉमा एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग मैनेजमेंट पर आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. शशी गांधी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्य प्रदेश भोपाल के निदेशानुसार सुंदरलाल पटवा चिकित्सा महाविद्यालय में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स का तीन दिवसीय एमरजेंसी केयर एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग पर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण मुख्यतः एमरजेंसी केयर बर्न इंजरी ट्रॉमा एवं सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग मैनेजमेंट पर आधारित है। प्रशिक्षण हेतु संभाग के चार जिलों मंदसौर, नीमच, आगर मालवा एवं रतलाम से ४० कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर महाविद्यालय पहुंचे। अधिष्ठाता डॉ. शशि गांधी ने उपस्थित प्रशिक्षण अभ्यर्थियों को इस एमरजेंसी केयर ट्रेनिंग का महत्व एवं कम्युनिटी में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता हेतु इसकी आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रशिक्षण के पहले दिन कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को उनके क्लीनिकल रोल, एमरजेंसी केयर में उनका योगदान, फर्स्ट एड, सीपीआर, मेडिकल एवं सर्जिकल इमरजेंसी, फ्रैक्चर, सर्प दंश एवं एनिमल बाइट पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण का प्रथम सत्र महाविद्यालय के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनील कांत गुलेरी द्वारा लिया गया। तत्पश्चात अन्य मेडिकल एवं सर्जिकल इमरजेंसी पर महाविद्यालय के डॉ. अनिल मंगेशकर, डॉ. नयन सिलावट एवं डॉ. संजय रावत द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

पहले दिन के प्रशिक्षण के आखिर में डॉ. सौमित्र सेठिया द्वारा एनिमल बाइट, रेबीज, एवं हीट एवं कोल्ड इंजरी पर सी.एच.ओ को प्रशिक्षित किया गया। एमरजेंसी केयर पर यह प्रशिक्षण अगले दो दिन जारी रहेगा। जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की प्रक्रिया को विस्तार से सुंदरलाल पटवा चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर की महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रिया दरबार द्वारा समझाया जाएगा। प्रशिक्षण के तीसरे दिन समस्त प्रशिक्षणार्थियों को एमरजेंसी केयर हेतु आवश्यक विभिन्न कौशल तकनीक सिखाई जाएंगी। कौशल प्रशिक्षण हेतु महाविद्यालय की स्किल लैब प्रयोगशाला में मौजूद एडवांस्ड "रुह्हस्वक्तहुह्स" का प्रयोग किया जाएगा। महाविद्यालय द्वारा दिया जाने वाला यह प्रशिक्षण समस्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को एमरजेंसी केयर एवं बर्न ट्रॉमा, सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग में दक्ष बनाने में मददगार होगा।



## मुख्यमंत्री ने 113 श्रमिक परिवारों को 2 करोड़ 41 लाख की सहायता प्रदान की

**मंदसौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 7 हजार 227 श्रमिक परिवारों को कुल 107 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरण किया। जिला श्रम अधिकारी श्री प्रकाश डोड़वे ने बताया कि मंदसौर जिले के कुल 113 श्रमिक परिवारों को 2 करोड़ 41 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई। जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबल योजना के हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाइव उद्बोधन देखा एवं सुना। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में संबल योजना को श्रमिक परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार बताते हुए शासन की जनकल्याणकारी सोच को रेखांकित किया।

## महिलाओं पर विवादित बयान देने वाले मंत्री विजय शाह का जलाया पुतला



**मंदसौर।** मंदसौर गांधी चौराहा पर महिलाओं पर देशादित बयान देने वाले भाजपा के मंत्री विजय शाह का जलाया गया पुतला जिला कांग्रेस महिला मोर्चा द्वारा, एवं बताया गया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी उनके इस्तीफे की क्योंकि इस तरह भाजपा के सरकार में मंत्री महिलाओं पर विवादित टिप्पणी लगातार कर रहे हैं पुतला दहन के इस अवसर पर उपस्थित रहने वाली महिला नेत्रियों में राखी सत्रावाला,रफत पयामी,इष्टा भाचावत,सुनीता बंडी,अनीता भदोरिया,वर्षा सांखला,नेहा कनकमल जैन,नमृता सत्रावाला,योगिता बैरागी,रेखा परनाम, जानकी यादव,मीना चौहान,सोनिया जैन,सुनीता माली,पूजा माहेश्वरी,माधवी वर्मा,प्रमिलसिंह राठौर,लता वर्मा ,कमला बुआजी(अमलावद)आदि इस अवसर पर उपस्थित थी ।

# जिले में कई वर्षो से सोसायटियां बंद होकर परिसमापन में थी उन सभी सोसायटियों के पंजीयन निरस्त कर उनका अस्तित्व समाप्त किया जा रहा है

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं मप्र भोपाल के निर्देशानुसार उपायुक्त सहकारिता जिला मंदसौर द्वारा जिले में पहली बार बड़े स्तर पर कार्रवाई की जारी है कई वर्षों से जो सोसाइटियों बंद होकर परी समापन मे थी उन सभी सोसाइटियों के पंजीयन निरस्त कर सहकारिता पटल से उनका अस्तित्व समाप्त किया जा रहा हैं।

जिन सोसाइटियों में यह कार्रवाई होने जा रही है उनमें प्रमुख रूप से दुग्ध उत्पादन सरकारी समिति मर्यादित, मानसाखुर्द, दीपाखेड़ा, भरडावद, निंबाखेड़ी, तीतरोड़, गुड़भेली, अंतरालिया, लड़ाड़ा, लोध, बंजारी, कचनारा फ्लैग, लसुड़िया, कदमाला, तिलहन सहकारी संस्था मर्यादित भालोट, गुर्जरबर्डिया, करजू बडवन, मत्स्य मेरियाखेडी, बसई,असावती, चिलोद पिपल्या उपभोक्ता भण्डार नगरी और मल्हारगढ़, सकवाल बुनकर मंदसौर, बुनकर केलुखेडी, शहरी साख जिला शिक्षक साख, सर्वोदय साख, भूमि विकास बैंक कर्मचारी साख, श्री साईनाथ साख, तिरुपति साख जन जागृति साख, शिवा स्व सहायता समूह, मजदूर साख, शाख महाविद्यालय कर्मचारी श्री राम साख, सहकारिता विभाग कर्म. साख, आंचल साख, पुलिस विभागीय कर्मचारी साख मंदसौर, निर्माण कारगार सहकारी संस्था मर्या मंदसौर, दशपुर श्रमिक कामगार सहकारी संस्था मर्या. मंदसौर, औद्योगिक संस्थाएं मंदसौर, हरिजन रेशम उद्योग आसपुरा, महिला गृह उद्योग दलौदा, मसाला उद्योग दलौदा, विक्रम गृह निर्माण मंदसौर, लघुवेतन कर्मचारी मंदसौर, संजय गृह निर्माण गुर्जरबर्डिया, आदर्श गृह निर्माण मोल्याखेडी. सर्वोदय गृह निर्माण टिगरिया, पुलिस विभाग गृह निर्माण मंदसौर, केशव गृह निर्माण सीतामउ, शास लघुवेतन गृह निर्माण सीतामउ, नगरी गृह निर्माण नगरी आद सभी संस्थाओं के पंजीयन निरस्त किये जाने है।

इस प्रकार सहकारिता के उपायुक्त द्वारा इन संस्थाओं से संबंधित कर्ता-धर्ता और सदस्यों को सूचित किया जा रहा है कि किसी को इस कार्यवाही के संबंध में कोई आपत्ति हो या अपना पक्ष समर्थन रखना हो तो वह एक सप्ताह के भीतर उपायुक्त सहकारिता जिला मंदसौर में उपस्थित होकर कार्यालयीन समय मे अपना पक्ष रख सकते है। इसी माह दिसम्बर 2025 की समय सीमा तय की गई है।



## मंत्री चेतन्य काश्यप ने किया प्रतिभावान दिव्यांग तैराक अब्दुल कादिर का अभिनंदन

**रतलाम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने दुबई में एशियन यूथ पैरा ओलम्पिक तैराकी स्पर्धा में रतलाम, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान दिव्यांग तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी का अभिनंदन किया 7 श्री काश्यप ने अब्दुल के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि 25 वर्ष पूर्व खेल चेतना मेला की शुरूआत जिस उद्देश्य से की गई थे , वो पूरा होता दिख रहा है। अब्दुल ने एशियन यूथ पैरा ओलम्पिक में 3 गोल्ड एवं 1 कांस्य पदक जीतकर दुनियाभर में रतलाम का नाम रोशन किया है। ज्ञातव्य है कि अब्दुल ने खेल चेतना मेला से अपनी प्रतिभा दिखाना प्रारंभ की थी। अब्दुल के अभिनंदन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, क्रीड़ा भारती जिला सचिव अनुज शर्मा, कोच राजा राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

## कुं. रणजीत सिंह ने दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जीता पुरस्कार



**पिपलिया मंडी।** दिनांक 15 दिसंबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी 24 अखबर रोड नई दिल्ली में आयोजित एक दिवसीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित हुए जहां पर संपूर्ण देश के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी उपस्थित थे वहां मध्य प्रदेश का नाम गोरवान्वित करते हुए राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण में पारंगता को ज्ञात करने हेतु प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्न पूछे गए उसमें कुंवर शक्तावत ने पूछे गए प्रश्नों का त्वरित उत्तर देते हुए विजय हासिल की और विजय हासिल करने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय डॉ उदित राज जी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश यादव जी के द्वारा डॉक्टर जोसेफ मर्फी द्वारा लिखी गई पुस्तक "द पावर ऑफ योर सबकॉन्सियस माइंड पुस्तक" को पुरस्कार के रूप में कुंवर शक्तावत को देकर सम्मानित किया गया एवं प्रशिक्षण के पश्चात कुंवर शक्तावत को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया ।

# एसआईआर का अंतिम मौका ना चुके भाजपा कार्यकर्ता- मंत्री चेतन्य काश्यप

## रतलाम विधानसभा में हुए कार्य की समीक्षा

**रतलाम।** रतलाम विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप ने समीक्षा की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से एसआईआर का अंतिम मौका न चुकने और हर पात्र मतदाता का नाम जुड़वाने का आव्हान किया।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, एसआईआर जिला टोली संयोजक नितिन लोढ़ा, विधानसभा संयोजक जयवंत कोठारी, मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, नंदकिशोर पंवार, सोना शर्मा, महामंत्री हेमंत राहोरी, सुबेंद्र सिंह गुर्जर, विवेक शर्मा, संदीप मौर्य, भावना गुर्जर, आयुषी सांखला, भूपेंद्र कावड़िया, निखिल बोरीवाल, आकाश खड़के उपस्थित रहे। मंत्री श्री काश्यप ने भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री से अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली। साथ ही शेष बचे नामों को तलाश कर उक्त व्यक्तियों के फॉर्म भी जमा कराने के निर्देश दिए।

# विधायक परिहार ने झंडी दिखाकर विशाल रैली का शुभारम्भ किया

**'नीमच।** जिले के जीरन के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान पर संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया! कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक दिलीपसिंह परिहार, मण्डल अध्यक्ष मदन गुर्जर ने खिलाड़ियों की रैली को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से झंडी दिखाकर विशाल रैली का शुभारम्भ किया! रैली का समापन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर हुआ जहाँ पर सभी खेल प्रतियोगितायें संपन्न हुई,कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दिलीपसिंह परिहार ने कहा की सभी खिलाडी खेल भावना से खेल खेले और जीवन मे आगे बढ़ें उन्होंने खिलाड़ियों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं के बारे मे भी बताया।मण्डल अध्यक्ष मदन गुर्जर ने कहा सांसद खेल महोत्सव से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है ऐसे आयोजन से खेल प्रतिभाएँ निकलती है। **ये थे मंचासीन-** विधायक दिलीप सिंह परिहार, मण्डल अध्यक्ष मदन गुर्जर, नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश राव तावरे, महामंत्री किशन अहिरवार, दिलीपसिंह चौहान, नगर भाजपा अध्यक्ष राजू मुकाती,कार्यक्रम प्रभारी दिलीप सुथार, प्राचार्य द्वय वी एस चौहान,रघुवीर आमेटा उपस्थित थे।

# जनसुनवाई में अधिकारियों ने तत्परता से सुनी 54 आवेदकों की समस्याएं



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 54 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जनसुनवाई के दौरान मल्?हारगढ़ निवासी नजमा बी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ एवं पट्टा प्रदान किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीईओ जनपद को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सेजपुरीया निवासी अशोक ने अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तहसीलदार मंदसौर शहर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। रलायती निवासी कैलाश ने कृषि भूमि का सीमांकन करने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार गरोठ को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में विद्युत कनेक्शन दिलवाने, मुआवजा राशि दिलवाने, आर्थिक सहायता प्रदान करने, पेंशन प्रकरण का निराकरण करने, संबल योजना का लाभ दिलवाने, भावांतर योजना की राशि दिलवाने एवं राजस्व अभिलेख में सुधार करने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

## भाजपा नेता संतोष चोपड़ा ने अध्यक्ष नितिन नबीन का किया स्वागत



**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संतोष चोपड़ा ने दिल्ली में भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री नितिन नबीन से सौजन्य भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन की मजबूती एवं जमीनी कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। यह भेंट संगठनात्मक दृष्टि से विशेष मानी जा रही है। वरिष्ठता, अनुभव और पुराने संगठनात्मक संबंधों के आधार पर हुआ यह संवाद भाजपा की एकजुटता, अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती का स्पष्ट संदेश देता है।

## नीमच में अनियंत्रित पिक अप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**नीमच।** शहर के बघाना थाना क्षेत्र के एक सड़क हादसे में पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक और समय मौत हो गई। इस सड़क हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। सोमवार देर शाम हुए एक पिकअप वाहन और बाइक टक्कर में बाइक सवार युवक की दुखद मृत्यु हो गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब युवक दिनभर की कड़ी मेहनत और मजदूरी के बाद घर लौट रहा था। इस हृदयविदारक घटना ने एक पत्नी से उसका सुहाग छीन लिया वहीं तीन मासूम बच्चियों के सिर से पिता का साया भी उठ गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और टक्कर मारने वाले वाहन को जब्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना में अमावली महल के रहने वाले 30 वर्षीय सुरेंद्र सिंह राजपूत पिता लक्ष्मण सिंह सोमवार को नीमच शहर में हम्माली का काम करने के बाद घर लौटते समय शाम को एक पिकअप वाहन है बाइक को टक्कर मार दी। सुरेंद्र सिंह को होटल राज पैलेस-लेवडा मार्ग कालका माता मंदिर के समीप सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि सुरेंद्र सिंह बाइक समेत सड़क पर जा गिरने और गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वाहन नीमच की ओर आ रहा था और उसमें सामान लदा हुआ था। दुर्घटना में सुरेंद्र सिंह की समय दुखद मौत हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्जकर मामला जांच में लिया है।

# जिला स्तरीय पुलिस जन सुनवाई शिकायत निवारण शिविर

## एस.पी.ने 54 आवेदकों की सुनवाई की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



नीमच जिला एसपी अंकित जायसवाल द्वारा शिविर में सीएम हेल्पलाइन की 25 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण, जन सुनवाई में आयें लगभग 45 आवेदकों की शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिये निर्देश अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेश जोगा द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम. हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन श्री उमेश जोगा द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में दिनांक 16 दिसम्बर को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. श्री अंकित जायसवाल के समक्ष प्रस्तुत किया।

एस.पी. श्री अंकित जायसवाल द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 25 सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान लगभग 45 फरियादियों द्वारा एसपी श्री अंकित जायसवाल के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई ।



## खाटूश्याम में पैदल दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, महिला श्रद्धालु की मौत, चार गंभीर घायल

**ब्यावरा-राजगढ।** आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्यावरा से करीब दो तीन किलोमीटर दूर खाटू श्याम मंदिर के आगे निमार्णाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज के पास चाचौड़ा थाना अंतर्गत ग्राम बहरावे निवासी खाटू श्याम मंदिर पर पैदल दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओ को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिसमें एक महिला श्रद्धालु सीमाबाई की मृत्यु हो गई जबकि शीतल बाई, रामकुमारी बाई सहित चार श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमे से दो की हालात नाजुक होने के कारण उन्हें भोपाल रेफर कर दिया वही घायल महिला शीतल बाई और एक अन्य महिला का उपचार निजी अस्पताल में किया जा रहा है मृतक सीमाबाई का सिविल अस्पताल ब्यावरा में पोस्टमार्टम किया जा रहा है, बताया जाता है कि आज ग्यारस के अवसर पर हारे का सहारा बाबा खाटूवाले श्याम मंदिर में दूर दराज के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ो श्रद्धालु पैदल नंगे पैर चलकर मंदिर आते हैं और बाबा के दरबार में मत्था टेकते हैं, जगह-जगह से बाबा की निशान यात्रा भी निकल जाती है। तेज रफ्तार कार टक्कर मारने के बाद सड़क के नीचे जा गिरी सिटी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## मेवाड़ा माली समाज में सराहनीय पहल



**बड़नगर।** मेवाडा माली समाज में सेवानिवृत्त शिक्षक एवं समाज सेवी जगदीश चन्द्र धुसरिया की धर्मपत्नी राधाबाई धुसरिया का स्वर्गवास विगत दिवस हृदयगति रुक जाने के कारण हो गया था। यह सूचना जब समाज में सामाजिक मीडिया द्वारा मिली तब समाज के ही मनीष तलाच जो गीता भवन न्यास समिति में नैत्रदान शाखा में सक्रिय सदस्य हैं उन्होंने तुरंत धुसरिया परिवार के सदस्य सूरज धुसरिया से मोबाइल से सम्पर्क कर नेत्रदान हेतु आव्हान किया। इस हेतु सम्पूर्ण धुसरिया परिवार एवं उनके पति जगदीश चन्द्र धुसरिया एवं पुत्र आकाश एवं आशीष धुसरिया के द्वारा नेत्रदान हेतु सहमति दी गई। गीता भवन के दल द्वारा तुरंत घर पहुंचकर कार्य सम्पन्न किया गया और सम्पूर्ण परिवार को इस दुःख की घड़ी में सांत्वना दी गई। मेवाड़ा माली समाज अध्यक्ष द्वारा समाज की और से 13 दिसंबर (शनिवार) को पगड़ी रस्म की गई। समाज के पंचगण तथा इन्दौर,गौतमपुरा व राजस्थान के समाज जन पगड़ी रस्म में उपस्थित हुए। इस हेतु धुसरिया परिवार द्वारा मेवाड़ा माली समाज बड़नगर को 11001 , मेवाड़ा माली समाज गौतमपुरा को 5001, मेवाड़ा माली समाज इंदौर को 5001 गीता भवन न्यास समिति (अन्नक्षेत्र) को 5001दान राशि भेंट की गई। मेवाड़ा माली समाज बड़नगर में मृत्युभोज पर विगत 8 वर्षों से मिठाई बनाना प्रतिबंधित है।

## मोरवाल कॉलोनी में विकास कार्यों की अनदेखी को लेकर चेतावनी




**बड़नगर।** मोरवाल कॉलोनी में प्रस्तावित गार्डन और टीन शेड का निर्माण कार्य किसी एक व्यक्ति की आपत्ति के कारण रोक दिए जाने से नागरिकों में रोष व्याप्त हो गया है। वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद प्रतिनिधि कुशल गेहलोत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता शनिवार को नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में निखिल बरानिया, धर्मेंद्र सिंह राजावत, धर्मेंद्र सेन, सुयश श्रीवास्तव, सुनील परमार, विक्रम नाहर, राधेश्याम, आशीष परमार और पंकज बैरागी सहित अनेक नागरिक शामिल हुए। ज्ञापन में मांग की गई कि टेंडर प्रक्रिया महीनों पूर्व पूर्ण हो चुकी है, ऐसे में किसी एक व्यक्ति की आपत्ति के आधार पर जनहित का कार्य रोकना अनुचित है। कॉलोनी वासियों ने स्पष्ट किया कि अधिकांश निवासियों को इस निर्माण से कोई आपत्ति नहीं है और यह सुविधा सभी के लिए अत्यंत आवश्यक है। पार्षद प्रतिनिधि कुशल गेहलोत ने चेतावनी दी कि यदि दो दिवस में गार्डन और टीन शेड का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो नागरिक नगर पालिका कार्यालय के सामने उग्र धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। जानकारी वार्ड 7 पार्षद प्रतिनिधि कुशल गेहलोत ने दी ।

## शिवराम जाट का स्वागत किया



**इंगोरिया।** वरिष्ठ भाजपा नेता शिवराम जाट को उज्जैन जिला विकास सलाहकार समिति मे सदस्य बनाए जाने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा इंगोरिया चौपाटी पर स्वागत किया। युवा मोर्चा अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह चावड़ा व उनकी टीम द्वारा शिवराम जाट का पुष्पहारों से स्वागत किया गया। इस अवसर परपूर्व मंडल अध्यक्ष भोमसिंह पंवार, अर्जुन सिंह पंवार, देवा जाट, सोनू जायसवाल, वीरेंद्र जाट, राकेश पोरवाल, मनोहर कुमारिया और युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी गोपाल बैरागी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पांचवे वर्ष भी होगा भव्य श्री शतचंडी महायज्ञ, होगी भव्य रामकथा

# मेहनत परिश्रम का परिणाम है भव्य मंदिर कार्य अंतिम चरण में है-सांसद नागर

### योगशाला परिसर में यज्ञ और ट्रस्ट समिति की बैठक में हुए कई निर्णय, पौधारोपण भी किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

माता बिजासन धाम भैंसवामाता में लगातार पिछले चार वर्षों से हो रहे 108 कुंडिया श्री शतचंडी महायज्ञ की भांति इस वर्ष भी पांचवां 108 कुंडिया महायज्ञ चैत्र नवरात्रि में आयोजित किया जाएगा। यज्ञ के सफल संचालन के लिए रविवार को बिजासन धाम स्थित योगशाला परिसर में यज्ञ समिति एवं ट्रस्ट समिति की संयुक्त बैठक का सफल आयोजन सम्पन्ना हुआ। बैठक में पूर्व में हुए यज्ञों के आय व्यय का ब्यौरा रखा गया। वही समिति द्वारा आगामी आयोजन के लिए कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक में नवरात्र में होने वाली रामकथा के लिए प्रसिद्द कथा वाचक प्रेम भूषणजी महाराज वृंदावन द्वारा रामकथा कराए जाने पर सहमति बनी। महायज्ञ में घी आहुति देने वाले करीब अस्सी यजमान जोडो की सहमति समिति को बैठक में प्राप्त हुई, इसके अलावा मंदिर निर्माण में दान देने वाले भक्तों की ओर से भी पांच लाख ओर ग्यारह लाख की राशि मिलने पर सहमति प्राप्त हुई। इसके साथ ही प्रधान यजमान के लिए भी सहमति समिति को सत्यनारायण माहेश्वरी कुरावर के द्वारा सहमति जताई है। बैठक में मौजूद सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि



माता बिजासन के दरबार में आने वाले हर भक्त की हर सुविधा का ध्यान रखना हमारा कर्तव्य हे भक्तों के लिए हर प्रकार की व्यवस्था जुटाने में में ट्रस्ट समिति का सहयोग करूंगा। उन्होंने द्वारा माता बिजासन धाम में चल रहे विभिन्ना विकास कार्यों की सराहना करते हुए आगे भी अपनी ओर से एवं मध्यप्रदेश सरकार की ओर विभिन्ना नए विकास कार्यों हेतु राशि प्रदान करने की बात कही।

बैठक में मौजूद सदस्यों का मार्गदर्शन करते हुए सांसद रोडमल नागर ने कहा कि पिछले चार वर्षों से आप सब जो मेहनत परिश्रम कर रहे हैं उसका ही साथ परिणाम है कि आज माता बिजासन का भव्य मंदिर कार्य जिसमें गर्भ गृह निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। सांसद ने कहा कि यह महायज्ञ धार्मिक चेतना के साथ समरसता का संदेश देता है। मां के दरबार में सब एक है यह कोई ऊंच नीच का भाव नहीं है। इस लिए हम सब मिलकर पुनः सबसे आने वाले पांचवे यज्ञ में शामिल होकर यज्ञ आहुति पर बैठने की अपील करते है। वही ट्रस्ट समिति के सचिव तहसीलदार आकाश शर्मा द्वारा ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित विभिन्ना विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षा व्यवस्था के साथ साफ सफाई की व्यवस्था निजी कंपनी को सौंपने का एवं गेस्ट हाउस को आम भक्तों के लिए निश्चित राशि जमा कर उनको रुकने के लिए तथा सत्संग हाल को शादी समारोह के लिए सुनिश्चित राशि जमा करा कर उनको मुहैया कराने का प्रस्ताव समिति सदस्यों के समक्ष रखा, जिसको समिति द्वारा ध्वनि मत से स्वीकार किया गया। वही यह होने वाली शादियों के लिए विवाह रजिस्ट्रेशन कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का प्रस्ताव रखा गया।

### सादगी से मनाया सांसद का जन्मदिन, माता की पूजा अर्चना की

इस दौरान समिति सदस्यों द्वारा सांसद रोडमल नागर का जन्मदिन सादगी से माता बिजासन की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर मनाया गया। वही सांसद रोडमल नागर द्वारा अपने जन्मदिन पर 65 नीम, बढ, पीपल एवं बेलपत्र के पौधे लगाकर आम जनमानस से भी अपने जन्मदिन पर पौधे लगाने के संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने संदेश दिया कि हमें पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण करना बंद कर दीप जलाने की परम्परा वाली भारतीय संस्कृति को आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, भाजपा नेता निर्मल जैन, शिवचरण परमार, कैलाश नागर, एडवोकेट पर्वत सिंह मंडलोई, समाजसेवी ओमप्रकाश विजयवर्गीय, पन्नाालाल नागर, उमराव सिंह, महेश पण्डाजी, रामचंद्र नागर पण्डाजी, अमृत भिलाला, भगवत भिलाला, कैलाश नागर, गिरवर सिंह पटेल, पटेल भागीरथ नागर, मोहन बरवाल, हेमराज सिंह पटेल, सरपंच भगवान सिंह नागर, कुलदीप नागर, राजेश भंडारी सहित बडी संख्या में समिति एवं ट्रस्ट समिति सदस्य शामिल हुए।

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

# कमिश्नर की अध्यक्षता में कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समन्वय पर हुई विस्तृत चर्चा

अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़।

भोपाल संभाग कमिश्नर संजीव सिंह की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने जिले में किए गए एसआईआर कार्यों की सराहना की। फील्ड स्तर पर बीएलओ द्वारा दिन-रात किए जा रहे कार्यों के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

कमिश्नर संजीव सिंह ने निर्देश दिए कि जो मतदाता पलायन कर चुके हैं, उनका पता लगाकर फॉर्म-6 एवं फॉर्म-8 भरवाए जाएं। नो-मैपिंग क्षेत्रों में नोटिस जारी कर सभी ईआरओ द्वारा सुनवाई सुनिश्चित की जाए। जहां भी विसंगतियां दिखाई दें, उनका तत्काल निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी दो दिन एसआईआर कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान रिकॉर्ड की पुख्ता जांच सुनिश्चित



की जाए। एईआरओ को निर्देशित किया गया कि वे एस आई आर कार्यों की व्यक्तिगत मॉनिटरिंग करें तथा 15 से 20 बूथों का क्रॉस-चेक करें। स्थायी पलायन एवं नो-मैपिंग क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र मतदाताओं की एस आई आर में मैपिंग हो।

बैठक में कमिश्नर संजीव सिंह ने जनप्रतिनिधियों से बीएलओ की संख्या की जानकारी ली तथा समन्वय के साथ एसआईआर प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। सभी ईआरओ एवं एसडीएम को उचित दस्तावेजीकरण पुनः जांच तथा शुद्ध एवं पुख्ता डेटा एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से ज्ञानसिंह गुर्जर, अमित शर्मा, कांग्रेस से राशिद जमील, बसपा से रघुवीर सिंह उपस्थित रहे।



## रियाज का निकाला जुलुस, बालिका को दी श्रद्धांजलि

अवन्तिका ▶▶ खाचरौद

विगत तीन दिवस में हुई दिल दहलानें वाली घटना से पुरा क्षेत्र आक्रोशीत हो गया। इस प्रकार से 9 वर्ष की बालिका का हत्यारा रीयाज का पुलिस द्वारा शासकीय अस्पताल मे मेडीकल कराकर पुरे नगर में जुलुस निकाला गया। ताकि कोई भी ऐसे कुकृत्य करने की सोच न सके। पुलिस एसडीओपी आकांक्षा बैछोटे ने 36 घंटे में पुलिस प्रशासन के अथक प्रयास से हत्यारे को साक्ष्य के साथ गिरफत में लिया। पुलिस थाना में फरीयादी परिवार व समाजजन द्वारा प्रशासन का स्वागत किया गया। इसीप्रकार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश परमार एंव व पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर, नपाध्यक्ष गोविंद भरावा, जनपद अध्यक्ष पृथ्वीराजसिंह पॅवार , महिदपुर दिनेश बोस, आदिजन पुलिस थाने में जाकर प्रशासन से कठोर दंड के रूप में फॉसी की सजा एंव आरोपी के मकान ध्वस्त करने का आग्रह किया गया। पुलिस एसडीओपी द्वारा बताया गया कि निश्चित केस को फास्ट ट्रेंक मे चालान पेश कर आरोपी को सक्त दण्ड का पूर्ण प्रयास किया जायेगा। मकान ध्वस्त की कार्यवाही राजस्व अधिकार क्षेत्र की है जिला कलेक्टर के निदेर्शानुसार कार्य किया जायेगा। बालिका के घर पहुॅचकर कांग्रेसीजन द्वारा श्रद्धांजली दी गई और प्रशासन से उचित सहयोग की बात कही। इसीप्रकार अभिभाषक संघ द्वारा भी इस अनेतिक कार्य के आरोपी के पैरवी नही करने का संकल्प समस्त अभिभाषको द्वारा किया गया।

## नवीन कॉलेज में शिक्षकों की कमी पर गहराया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** शहर के प्रतिष्ठित पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी और अधूरी शिक्षण व्यवस्था को लेकर छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक संकट के विरोध में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के नाम, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

एनएसयूआई कार्यकताओं ने बताया कि महाविद्यालय में लंबे समय से कई विषयों के प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पद रिक्त पड़े हैं। हाल ही में हुए कुछ शिक्षकों के तबादलों ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। वार्षिक परीक्षाएं बेहद नजदीक हैं, लेकिन शिक्षकों के अभाव में पाठ्यक्रम का एक बड़ा हिस्सा अब भी अधूरा है। नियमित कक्षाएं न लगने से छात्रों के परीक्षा परिणाम और भविष्य पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि महाविद्यालय में रिक्त पदों पर तत्काल नियमित शिक्षक या अतिथि विद्वानों की नियुक्ति की जाए। जिन विषयों में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, वहां वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित हो।

प्राथमिक शिक्षा में सुधार पर जोर, कमजोर छात्रों के लिए लगेंगी अतिरिक्त कक्षाएं

# एफएलएन की समीक्षा बैठक में संस्था प्रधानों को सख्त निर्देश, 60 स्कूलों की प्रगति रिपोर्ट जांची गई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान को मजबूत करने के उद्देश्य से सोमवार को शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया। सोमवारिया स्थित एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित संस्था प्रधानों की महत्वपूर्ण बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिन स्कूलों का शैक्षणिक स्तर संतोषजनक नहीं है, वहां अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर बच्चों को पढ़ाया जाए।

### ट्रैकर में पिछड़ने वाले स्कूलों पर विशेष नजर

जनशिक्षा केंद्र उमावि क्रमांक-2 एवं एमएलबी उमावि के अंतर्गत आने वाले स्कूलों की इस बैठक का समन्वय विकासखंड एफएलएन प्रभारी सभाजीत पटेल ने किया। बैठक में विद्यालयवार एफएलएन



शिक्षण की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ शालाओं का स्तर निर्धारित ट्रैकर के अनुसार कम है। अधिकारियों ने ऐसे संस्था प्रधानों को निर्देश दिए कि वे तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त प्रयास करें और कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं आयोजित करें। साथ ही, शिक्षकों को पढ़ाने में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों का भी मौके पर ही निदान किया गया।

### नामांकन और सर्वे कार्यों की भी हुई समीक्षा

बैठक में केवल शैक्षणिक ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। यू-डाइस और एजुकेशन पोर्टल पर विद्यार्थियों व शिक्षकों के नामांकन में आ रहे अंतर को दूर करने, यू-डाइस ड्रॉप बॉक्स के क्रियान्वयन और शत-प्रतिशत असाक्षर सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा ओलंपियाड और हाल ही में हुई अर्धवार्षिक परीक्षाओं के परिणामों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर विकासखंड साक्षरता समन्वयक लोकेश राठौर, जनशिक्षक गोपाल कुंभकार ने भी विभिन्न विभागीय बिंदुओं पर 60 संस्था प्रधानों के साथ प्रगति का अंकन किया। पूरी बैठक का अनुवीक्षण बीएसी जगदीश भावसार द्वारा किया गया।



## भैंसवामाता मंदिर की दान पेटी से निकले साढ़े नौ लाख रुपये

### 47 पटवारियों ने की गिनती

**सारंगपुर।** तहसीलदार आकाश शर्मा के आदेशानुसार नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान एवं हल्का पटवारी केएल फुलेरिया के नेतृत्व में भैंसवामाता के दरबार में स्थित दान पेटी में आई दान राशि की गणना 47 राजस्व पटवारियों ने की। पटवारी फुलेरिया ने बताया कि गणना के बाद कुल राशि 9 लाख 54 हजार 550 रुपये निकली जिससें मंदिर ट्रस्ट के खाते में जमा कराया जाएगा। इस कार्य में पटवारी रामबाबू देशवाली, सुरेंद्र मेढा, आत्माराम वर्मा, अतुल सक्सेना, विपुल सक्सेना, रितु सक्सेना, हंषा पंचोली, गगन बोरिया, ब्रज परमार एवं अन्य पटवारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि यह दान पेटी 12 सितंबर को खुली थी और अब तीन माह के बाद खुलने पर साढ़े 9 लाख रुपये की राशि निकली है।

## नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारिणी का विस्तार

### सुनील मंडलोई अध्यक्ष मनोनीत

**बड़नगर।** नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को रखी गई। जिसमें नवीन कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए समाज अध्यक्ष



सुनील मंडलोई को मनोनीत किया गया है। मंडलोई ने इस दौरान अपनी नवीन कार्यकारिणी का विस्तार भी किया है । जिसमें संरक्षक प्रो. मदनलाल शर्मा, भरतलाल शर्मा, परामर्शदाता रविदत्त पौराणिक, कैलाश शर्मा, पुरुषोत्तम अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष - देवेंद्र प्रसाद शर्मा, दिनेश चन्द्र शर्मा, प्रमोद भट्ट, मनीष पटेल, अशोक शर्मा, सचिव- बद्रीलाल शर्मा, सह सचिव - शिवप्रसाद मंडलोई, संगठन सचिव- धर्मेंद्र शर्मा, प्रचार सचिव सतीश शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रशांत व्यास, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्निहोत्री, सहकोषाध्यक्ष विकास शर्मा, नवयुवक संगठन अध्यक्ष सुशील शर्मा को मनोनीत किया गया । साथ ही नवीन कार्यकारिणी में सम्मानित सदस्य पं. जगदीश शर्मा, उदय अग्निहोत्री, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, सतीश शर्मा, द्वारका प्रसाद शर्मा, श्याम व्यास, दिनेश शर्मा, पं. मदनमोहन शास्त्री, दिनेश अग्निहोत्री जलोदिया, अरविंद व्यास, राजेश शर्मा, जगदीश व्यास, दिनेश व्यास, परमेश्वर अग्निहोत्री, चेतन पटेल, महेश भट्ट, लोकेन्द्र अग्निहोत्री, नारायण शर्मा, अजय शर्मा, अर्जुन शर्मा, नारायण शर्मा, धीरज शर्मा, नितिन शर्मा, शरद शर्मा, निरंजन पटेल, संजय शर्मा लिये गये । मनोनयन पर समाजजनों व इष्ट मित्रों ने बधाई प्रेषित की ।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की 75वी पुण्य तिथि बनाई



**तराना।** देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 75वी पुण्य तिथि पर उमिया धाम तराना और सरदार पटेल चौराहा पर समाज के वरिष्ठ जनो द्वारा माल्या अर्पण किया सरदार पटेल को नमन किया उनके पथ पर आगे बढ़ने और समाज को एक जुट रहकर देश के निर्माण मे अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प लिया। उमिया धाम के अध्यक्ष माखनलाल पालोत्रा पाटीदार सामूहिक सम्मेलन के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाटीदार उमिया धाम के सचिव मदनलाल पाटीदार उमियाधाम मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह पाटीदार समाज के वरिष्ठ ईश्वरसिंह पाटीदार सत्यनारायण पाटीदार सरदार पटेल युवा सगठन के अध्यक्ष श्याम पालोत्रा संतोष पटेल, ओमप्रकाश पाटीदार पपु पाटीदार विशाल पाटीदार दिनेश पाटीदार गोरीशंकर पाटीदार गंगाराम पाटीदार जगदीश चंद्र पाटीदार दाढ़ी विष्णु पाटीदार बद्रीलाल पाटीदार जगदीश चंद पाटीदार आदि समाज जन उपस्थित रहे।

## बिट्ठलनाथ जी की जयंती अवसर पर संकीर्तन प्रभातफेरी

**खिलचीपुर।** सुबह तेज ठंड के बीच श्री कृष्ण के अनन्य भक्त बिट्ठलनाथ जी की जयंती के अवसर पर नगर के प्रमुख मार्गों से संकीर्तन प्रभात फेरी सुमधुर भजन गाते निकाली गई ।जिसमे वैष्णव जन सहित , महिलाएं शामिल थी। प्रभात फेरी बडी हवेली श्री कल्याणराय श्रीनाथ मंदिर से बिट्ठलनाथ जी के चित्र पर एवं झंडे की पूजा अर्चना की ।प्रभात फेरी श्रीकृष्ण गोविन्द हरे मुरारी की धुन से शुरू की जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती छोटे मंदिर पहुंची यहाँ पर सभी वैष्णव आरती में शामिल हुए वही सुमुधार गीत गाते हुवे वैष्णव जन , महिलाएं चल रही थी प्रभात फेरी का समापन बड़ी हवेली में श्रीनाथ जी की आरती की तत्पश्चात श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त बिट्ठलनाथ जी के चित्र पर सभी भक्तो ने पूजा अर्चना की इस मोके पर सभी भक्तों को जलेबी प्रसाद का वितरण किया गया ।इस अवसर पर ,विट्ठलदास चौधरी,, रमेशचंद्र गुप्ता ,गोपाल राठौर, राजेन्द्र करोडिया , रमेश सेन, आयुष गुप्ता, पूनम मिस्त्री, जगदीश गुप्ता, आशु सिंगी सहित वैष्णव जन ,युवा महिलाए मौजूद थे।

आज के समय में भारी-भरकम लहंगे की जगह महिलाएं सिल्क के लहंगों को प्राथमिकता दे रही हैं। इसकी वजह क्या है, आज हम इसी पर बात करेंगे।

# महिलाओं की पसंद बन रहे सिल्क के लहंगे...



एक समय तक शादी-विवाह और फेस्टिव सीजन में भारी और कढ़ाई वाले लहंगे महिलाओं की पहली पसंद रहे हैं लेकिन बदलते फैशन ट्रेंड और लाइफस्टाइल के साथ अब महिलाओं की पसंद भी बदल रही है। आज के समय में भारी-भरकम लहंगों की जगह सिल्क के लहंगे तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। न सिर्फ आम महिलाएं, बल्कि कई बॉलीवुड और टीवी अभिनेत्रियां भी खास मौकों पर सिल्क लहंगों को चुनती नजर आ रही हैं।

हाल ही में कई अभिनेत्रियों को सिल्क के लहंगे पहने देखा गया था, जिसमें वो कमाल की लग रहीं हैं। अब ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर क्यों महिलाएं भारी लहंगों को छोड़कर सिल्क के लहंगों का चयन कर रही हैं। तो आइए जानते हैं कि आखिर सिल्क के लहंगे क्यों बनते जा रहे हैं महिलाओं की पहली पसंद।

## हल्का और आरामदायक

सिल्क के लहंगों की सबसे बड़ी खासियत यही होती है। सिल्क के लहंगे भारी कढ़ाई वाले लहंगों की तुलना में हल्के होते हैं, जिससे इन्हें लंबे समय तक पहनना आसान रहता है। इसे पहनकर आपको कभी थकान नहीं होती है। शादी के मौके पर आप इसे रातभर पहनकर रख सकती हैं, और आपको थोड़ी उलझन भी नहीं होगी।

## मिलता है रॉयल लुक

भारी-भरकम लहंगे पहनने के बाद लुक कॉमन ही रहता है, जबकि अगर आप सिल्क फैब्रिक के लहंगे पहनेंगी तो आपका लुक रॉयल लगेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि सिल्क फैब्रिक अपने आप में ही रिच लुक देता है, जिसे ज्यादा हैवी वर्क की जरूरत नहीं होती। इसपर जो जरी का काम होता है, उसी की वजह से इसका लुक काफी रॉयल लगता है।

## आसान मूवमेंट

शादी या फंक्शन में चलना-फिरना और डांस करना सिल्क लहंगे में ज्यादा आरामदायक होता है। खासतौर पर अगर लंबे समय तक बैठना हो तो सिल्क का लहंगा ज्यादा बेहतर माना जाता है, क्योंकि ये लहंगा काफी हल्का होता है। आप चाहें तो सिल्क के लहंगे में एकदम हल्की वाली केनकेन लगवा सकती हैं, ताकि आपको दिक्कत भी न हो और लहंगे में वॉल्युम भी आ जाए।

## दोबारा स्टाइल किया जा सकता है

ये भी सिल्क के लहंगे की सबसे खासियत होती है कि सिल्क लहंगे को अलग-अलग ब्लाउज और दुपट्टे के साथ दोबारा भी पहना जा सकता है। जबकि आप भारी-भरकम लहंगे को उसी के मैचिंग वाले ब्लाउज और दुपट्टे के साथ कैरी कर सकती हैं।

यही कुछ वजहें हैं जिनके कारण कई अभिनेत्रियां मिनिमल और क्लासी लुक के लिए सिल्क लहंगे को चुन रही हैं। इसी की वजह से ये ट्रेंड और मजबूत हुआ है।

# ये नुस्खा गायब कर देगा आपके चेहरे के पुराने दाग-धब्बे!

चेहरे के पुराने दाग-धब्बे अक्सर हमारी खूबसूरती और आत्मविश्वास दोनों को प्रभावित करते हैं। धूप, मुंहासे, पिग्मेंटेशन, हार्मोनल बदलाव और गलत स्किन केयर की वजह से ये निशान समय के साथ गहरे हो जाते हैं। महंगे ट्रीटमेंट और केमिकल प्रोडक्ट्स हर किसी के लिए संभव नहीं होते, ऐसे में लोग सुरक्षित और असरदार घरेलू नुस्खों की तलाश करते हैं।

आयुर्वेद और घरेलू उपायों में मौजूद कुछ प्राकृतिक चीजें त्वचा की रंगत सुधारने, दाग-धब्बे हल्के करने और स्किन को नेचुरल ग्लो देने में मदद कर सकती हैं। सही तरीके से और नियमित उपयोग करने पर ये उपाय त्वचा को नुकसान पहुंचाए बिना धीरे-धीरे असर दिखाते हैं। आज हम एक ऐसे आसान घरेलू नुस्खे के बारे में बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप चेहरे के पुराने दाग-धब्बों को हल्का कर सकते हैं और स्किन को फिर से साफ, निखरी और हेल्दी बना सकते हैं।



## जरूरी चीजे

इस घरेलू नुस्खे को तैयार करने के लिए आपको केवल तीन आसान और प्राकृतिक चीजों की जरूरत होगी। एक चम्मच ताजा एलोवेरा जेल लें, जो त्वचा को रिपेयर करने और दाग-धब्बे हल्के करने में मदद करता है। इसके साथ आधा चम्मच नींबू का रस मिलाएं, जो नेचुरल ब्लीच की तरह काम करता है और पिग्मेंटेशन कम करता है। अंत में एक चम्मच गुलाब जल डालें, जो त्वचा को ठंडक देता है और नमी बनाए रखने में सहायक होता है। ये तीनों चीजें आसानी से घर पर मिल जाती हैं और केमिकल-फ्री होती हैं।

## इस्तेमाल का तरीका

सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल, नींबू का रस और गुलाब जल अच्छे से मिला लें। अब चेहरे को किसी माइल्ड फेसवॉश से धोकर साफ और सूखा लें। तैयार मिश्रण को उंगलियों की मदद से चेहरे के दाग-धब्बों पर हल्के हाथों से लगाएं। इसे 15 से 20 मिनट तक लगा रहने दें। समय पूरा होने पर सादे पानी से चेहरा धो लें। बेहतर परिणाम के लिए इस उपाय को हफ्ते में 3 से 4 बार अपनाएं।

## सावधानी

इस नुस्खे में नींबू का रस शामिल है, जो संवेदनशील त्वचा पर जलन पैदा कर सकता है। इसलिए चेहरे पर लगाने से पहले हाथ पर पैच टेस्ट जरूर करें। अगर जलन, खुजली या लालिमा महसूस हो तो इसका इस्तेमाल तुरंत बंद कर दें। इस नुस्खे को रात के समय लगाना ज्यादा सुरक्षित रहता है और लगाने के बाद धूप में निकलने से बचें। दिन में इस्तेमाल करने पर सनस्क्रीन लगाना न भूलें।


## फायदे

इस घरेलू नुस्खे के नियमित इस्तेमाल से चेहरे के पुराने दाग-धब्बे धीरे-धीरे हल्के होने लगते हैं। एलोवेरा त्वचा को अंदर से पोषण देता है और नई स्किन सेल्स बनने में मदद करता है। नींबू का रस स्किन टोन को साफ करता है, जबकि गुलाब जल चेहरे को फ्रेश और ग्लोइंग बनाता है। कुछ ही हफ्तों में त्वचा ज्यादा साफ, मुलायम और निखरी हुई नजर आने लगती है।

# आईब्रो की ग्रोथ बढ़ाने के देसी नुस्खे, जो सिर्फ 1 महीने में दिखाएंगे असर!

आयुर्वेद और घरेलू उपचारों में इस्तेमाल होने वाले प्राकृतिक तेल, बीज और पत्तियां आईब्रो के रोमछिद्रों को पोषण देकर नए बाल उगाने में मदद करते हैं। इन देसी उपायों की खासियत यह है कि इनमें साइड इफेक्ट का खतरा कम होता है और इन्हें लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि घरेलू नुस्खों को आजमाने के लिए धैर्य जरूरी है, क्योंकि आईब्रो की ग्रोथ धीरे होती है। अगर आप नियमित रूप से ये घरेलू उपाय अपनाते हैं, तो कुछ ही हफ्तों में आईब्रो घनी और नेचुरल दिखने लगती हैं।

**नारियल तेलः** नारियल तेल आईब्रो ग्रोथ के लिए सबसे आसान और सुरक्षित घरेलू उपाय माना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन ई और फैटी एसिड्स आईब्रो के हेयर फॉलिकल्स को गहराई से पोषण देते हैं। रात को सोने से पहले उंगली या कॉटन बड से आईब्रो पर हल्की मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और कमजोर बालों को दोबारा उगने में मदद मिलती है। नियमित इस्तेमाल से आईब्रो के बाल मजबूत और चमकदार दिखने लगते हैं।



**अरंडी का तेलः** अरंडी के तेल में मौजूद ओमेगा-9 फैटी एसिड और प्रोटीन बालों की जड़ों को एक्टिव करते हैं। यह पतली और जगह-जगह से खाली आईब्रो को भरने में मदद करता है। रात में बहुत कम मात्रा में अरंडी का तेल लगाकर हल्की मालिश करें और सुबह सादे पानी से धो लें। यह उपाय सप्ताह में 3-4 बार करना ज्यादा असरदार रहता है।

**प्याज का रसः** प्याज का रस सल्फर से भरपूर होता है, जो बालों के नए रोमछिद्रों को सक्रिय करता है। कॉटन की मदद से ताजा प्याज का रस आईब्रो पर लगाएं और 20-30 मिनट बाद हल्के फेसवॉश से साफ कर लें। शुरूआत में हल्की जलन हो सकती है, इसलिए सेंसिटिव स्किन वाले पहले पैच टेस्ट जरूर करें।

**एलोवेरा जेलः** एलोवेरा जेल आईब्रो की ग्रोथ के साथ-साथ त्वचा को ठंडक और नमी भी देता है। इसमें मौजूद एंजाइम्स और विटामिन्स बालों की जड़ों को मजबूत बनाते हैं। दिन में एक बार ताजा एलोवेरा जेल आईब्रो पर लगाकर छोड़ दें, धोने की जरूरत नहीं होती। यह उपाय खासतौर पर ड्राई और सेंसिटिव स्किन वालों के लिए फायदेमंद है।

**विटामिन ई कैप्सूलः** विटामिन ई बालों के झड़ने को कम करने और नई ग्रोथ बढ़ाने में मदद करता है। एक कैप्सूल को काटकर उसका तेल आईब्रो पर लगाएं और 5 मिनट हल्की मालिश करें। इसे रात में लगाकर छोड़ देना ज्यादा अच्छा माना जाता है। नियमित उपयोग से आईब्रो के बाल घने और मजबूत नजर आने लगते हैं।

**थ्रेडिंग से ब्रेक लेंः** बार-बार आईब्रो शेप करवाने से बालों की जड़ें कमजोर हो जाती हैं और ग्रोथ रुक सकती है। अगर आप आईब्रो ग्रोथ बढ़ाना चाहते हैं तो कम से कम 4झ6 हफ्तों तक थ्रेडिंग या वैक्सिंग से ब्रेक लें। इस दौरान देसी नुस्खों का इस्तेमाल करें, ताकि बालों को नेचुरली बढ़ने का मौका मिल सके।

# Sport

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी दो मुकाबलों से पहले टीम इंडिया के स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल की तबीयत खराब हो गई। इसकी वजह से उन्हें बाहर होना पड़ा है। बीसीसीआई ने उनकी जगह 31 वर्षीय शाहबाज अहमद को टीम में शामिल किया है।

# द. अफ्रीका के खिलाफ बाकी दो टी20 मैचों से बाहर हुए अक्षर पटेल

## इस ऑलराउंडर को किया गया शामिल



**लखनऊ।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी पांच टी20 मैचों की सीरीज के आखिरी दो मुकाबलों से पहले भारतीय टीम को तगड़ा झटका लगा है। स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल तबीयत खराब होने की वजह से सीरीज से बाहर हो गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि वह लखनऊ में टीम के साथ हैं और मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। अक्षर की जगह चयन समिति ने शाहबाज अहमद को टीम में शामिल किया है।

## तीसरे टी20 में नहीं खेले थे अक्षर

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में अक्षर पटेल नहीं खेले थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बताया था कि उनकी तबीयत ठीक नहीं है जबकि बुमराह निजी कारणों से परिवार के पास लौट गए थे। अब बीसीसीआई ने स्पष्ट कर दिया है कि लखनऊ और अहमदाबाद में खेले जाने वाले मुकाबलों से अक्षर पूरी तरह बाहर हो गए हैं। फिलहाल वह मेडिकल टीम की निगरानी में हैं।

## शाहबाज अहमद को मिला मौका

अक्षर पटेल के बाहर होने के बाद चयन समिति ने शाहबाज अहमद को टीम में शामिल किया है। 31 वर्षीय ऑलराउंडर ने भारत के लिए 2022 में डेब्यू किया था। उसके बाद से वह टीम का हिस्सा नहीं थे। अब उनकी वापसी हुई है। अब तक खेले दो टी20 मैचों में शाहबाज ने दो विकेट अपने नाम किए हैं जबकि तीन वनडे मैचों में उनके नाम तीन विकेट दर्ज हैं।

## भारत 2-1 से चल रहा आगे

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज में मेजबान टीम दो मुकाबले जीतकर 2-1 की बढ़त से आगे चल रही है। सूर्यकुमार यादव की अगुआई में भारतीय टीम ने पहला और तीसरा मुकाबला जीता था जबकि दूसरे मैच में मेहमानों को जीत मिली। अब भारतीय टीम की नजर चौथे मुकाबले पर है। यह मैच 17 दिसंबर को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत अगर यह मैच जीत लेता है तो 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर सीरीज अपने नाम करने में कामयाब होगा। इस सीरीज का आखिरी मुकाबला 19 दिसंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

# एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में शामिल हुए मो. सिराज, तारा सुतारिया संग किया डांस

**पुणे।** पंजाबी म्यूजिक स्टार एपी ढिल्लों का 'वन ऑफ वन टूर' इन दिनों देशभर में जबरदस्त चर्चा में है। अपने इसी टूर के तहत 14 दिसंबर को पुणे में उनका कॉन्सर्ट हुआ जहां क्रिकेट और बॉलीवुड के कई सितारे इसमें शामिल हुए। इस दौरान एपी ढिल्लों से स्टेज पर तारा सुतारिया के साथ खूब डांस किया। इतना ही नहीं, उन्होंने मंच से ही कॉन्सर्ट में मौजूद क्रिकेटर मोहम्मद सिराज का भी नाम लिया।

## सिराज का नाम आते ही मचा शोर

कॉन्सर्ट के दौरान सबसे ज्यादा शोर तब सुनाई दिया, जब एपी ढिल्लों ने मंच से भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज का नाम लिया। जैसे ही उन्होंने सिराज का जिक्र किया, वहां मौजूद फैंस जोर-जोर से हूटिंग करने लगे। तालियों, सीटियों और नारों से पूरा ग्राउंड किसी क्रिकेट स्टेडियम जैसा लगने लगा। इस दौरान का वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## तारा सुतारिया ने किया डांस

इस बेहतरीन शाम में तब और रंग भर गया, जब बॉलीवुड एक्ट्रेस तारा सुतारिया की अचानक एंट्री हुई। एपी ढिल्लों के साथ स्टेज शेयर करते हुए उन्होंने एक गाने पर परफॉर्म किया, जिसे देखकर ऑडियंस खुशी से झूम उठी। तारा की मौजूदगी ने कॉन्सर्ट का ग्लैमर लेवल कई गुना बढ़ा दिया। बाद में तारा ने इस पल की झलक सोशल मीडिया पर भी शेयर की, जिस पर फैन्स के साथ-साथ उनके करीबी लोगों की प्रतिक्रियाएं भी देखने को मिलीं।

# कौन हैं कार्तिक शर्मा, छक्कों का नया सौदागर! जिसे सीएसके ने 14.20 करोड़ में खरीदा



**अबू धाबी।** आईपीएल 2026 की नीलामी में राजस्थान के 19 साल के क्रिकेटर कार्तिक शर्मा ने चमक बिखेरी है। उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा। इसी के साथ वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी भी बन गए। उन्होंने प्रशांत वीर की बराबरी की, जिन्हें कुछ ही मिनट पहले सीएसके ने ही 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। कार्तिक अपनी सिक्स हीटिंग स्किल के लिए जाने जाते हैं।

कार्तिक राजस्थान के भरतपुर जिले से ताल्लुक रखते हैं। यहीं जन्मे और पले-बढ़े कार्तिक ने कम उम्र में ही क्रिकेट को अपना लक्ष्य बना लिया था। घरेलू क्रिकेट में वह राजस्थान की ओर से रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जैसे बड़े टूनामेंट खेल चुके हैं। इसके अलावा वह स्थानीय लीग में उदयपुर लेकसिटी वॉरियर्स का भी प्रतिनिधित्व करते रहे हैं।

## लोअर ऑर्डर का खतरनाक फिनिशर

कार्तिक की सबसे बड़ी पहचान है- निडर बल्लेबाजी और लंबे छक्के। वह लोअर ऑर्डर में उतरकर मैच का रुख पलटने की क्षमता रखते हैं। अब तक खेले गए 12 टी20 मुकाबलों में उन्होंने 164 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 334 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 28 छक्के निकले, जो उनकी आक्रामक सोच और क्लीन हिटिंग का साफ सबूत है।

कार्तिक सिर्फ आंकड़ों के खिलाड़ी नहीं हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में राजस्थान की टीम को नॉकआउट तक पहुंचाने में उनकी फिनिशिंग ने अहम भूमिका निभाई। दबाव में शांत रहना और आखिरी ओवरों में बड़े शॉट खेलने की उनकी काबिलियत ने चयनकताओं और फ्रेंचाइजियों का ध्यान खींचा।

कार्तिक की प्रतिभा पर सिर्फ घरेलू क्रिकेट ही नहीं, बल्कि बड़े नामों की भी नजर पड़ी है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन और भारतीय ऑफ स्पिनर आर अश्विन जैसी हस्तियों ने उनके खेल की खुले मंच से तारीफ की है। इतना ही नहीं, उन्हें जेएसडब्ल्यू ग्रुप का भी समर्थन हासिल है, जो युवा प्रतिभाओं को तराशने के लिए जाना जाता है।

इंग्लैंड ने एडिलेड टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा करते हुए एक बदलाव किया है। तेज गेंदबाज गस एटकिंसन की जगह जॉश टंग को शामिल किया गया है।

# एडिलेड टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया में बदलाव: इन दो दिग्गजों की टीम में वापसी



**एडिलेड।** 2025-26 एशेज सीरीज के तीसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया को बड़ी राहत मिली है। कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस चोट से उबरकर टीम में लौट आए हैं। यह मुकाबला 17 से 21 दिसंबर के बीच एडिलेड ओवल में खेला जाएगा। कमिंस पहले दो टेस्ट स्ट्रेस इंजरी के कारण नहीं खेल पाए थे, जिनमें उनकी अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ ने कप्तानी संभाली थी।

कमिंस के साथ-साथ अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन की भी प्लेइंग इलेवन में वापसी हुई है। लियोन ने ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे टेस्ट में हिस्सा नहीं लिया था। इन दोनों दिग्गजों को शामिल करने के लिए माइकल नेसर और ब्रेंडन डॉगेट को टीम से बाहर रखा गया है। खास तौर पर नेसर का बाहर होना चौंकाने वाला रहा, क्योंकि उन्होंने ब्रिस्बेन टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट झटके थे।

चोट से उबरने के बावजूद उस्मान ख्वाजा को तीसरे टेस्ट के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन ने ओपनिंग में ट्रेविस हेड और जेक वेदराल्ड की जोड़ी पर भरोसा बनाए रखने का फैसला किया है। कमिंस ने चयन पर बात करते हुए कहा कि ख्वाजा समेत बाहर किए गए सभी खिलाड़ी फैसले को खेल भावना के साथ स्वीकार कर रहे हैं।

## कमिंस का बयान- टीम भावना पहले

पैट कमिंस ने कहा, 'वह (ख्वाजा) एक टीम मैन हैं और टीम को जो चाहिए, वह करेंगे। सिर्फ ख्वाजा ही नहीं, ब्यू वेबस्टर तीनों टेस्ट से बाहर रहे हैं। नेसर पांच विकेट लेकर आ रहे हैं और डॉगेट ने पहले दो टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन किया। सभी टीम के माहौल में शानदार रहे हैं। एशेज जीतने के लिए हमें पूरी स्क्वॉड की जरूरत होती है।' कमिंस ने यह भी साफ किया कि जरूरत पड़ने पर ख्वाजा की टीम में वापसी का रास्ता खुला हुआ है।

## इंग्लैंड ने किया एक बदलाव

उधर, इंग्लैंड ने एडिलेड टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा करते हुए एक बदलाव किया है। तेज गेंदबाज गस एटकिंसन की जगह जॉश टंग को शामिल किया गया है। बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लिश टीम इस मुकाबले में हर हाल में जीत की तलाश में उतरेगी, क्योंकि वह सीरीज में 2-0 से पिछड़ चुकी है।

# अभिज्ञान कुंडू का दोहरा शतक, 125 गेंद में बनाए 209 रन

मलयेशिया को भारत ने दिया 409 रन का लक्ष्य



**दुबई।** अंडर-19 एशिया कप में टीम इंडिया का शानदार फॉर्म जारी है। भारत ने मंगलवार को अपने तीसरे मैच में मलयेशिया को 409 रन का लक्ष्य दिया है। टीम ने अभिज्ञान कुंडू के नाबाद दोहरे शतक की मदद से 50 ओवर में सात विकेट गंवाकर 408 रन बनाए। कुंडू ने 125 गेंद में 17 चौके और नौ छक्कों की मदद से 209 रन की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 167.20 का रहा। वहीं, वेदांत त्रिवेदी ने 106 गेंद में 90 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने भी 26 गेंद में 50 रन की तूफानी पारी खेली। भारत इससे पहले लीग राउंड में यूएई और पाकिस्तान को हरा चुका है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। कप्तान आयुष म्हात्रे सात गेंद में 14 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद विहान मल्होत्रा ने सात रन बनाए। वैभव ने फिर वेदांत के साथ 40 रन की साझेदारी निभाई। वैभव ने 50 रन की अपनी पारी में पांच चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद वेदांत ने कुंडू के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी निभाई।

वेदांत शतक से चूक गए। उन्होंने अपनी 90 रन की पारी में सात चौके लगाए। हरवंश पंगालिया पांच रन और कनिष्क चौहान 14 रन बनाकर आउट हुए। खिलन पटेल दो रन बना सके। दीपेश देवेंद्रन चार रन बनाकर कुंडू के साथ नाबाद पवेलियन लौटे। मलयेशिया की ओर से मोहम्मद अकरम ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए, जबकि शांतकुमारन और जाश्विन कृष्णमूर्ति को एक-एक विकेट मिला।

न्यूज कॉलम

## हिंदू युवती के साथ पकड़ाया मुस्लिम युवक

**इंदौर।** इंदौर के सरवटे बस स्टैंड स्थित एक होटल में ठहरे जयपुर निवासी युवक को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस युवक के साथ एक हिंदू युवती ठहरी हुई थी। कार्यकताओं ने युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाया है। छोटी ग्वालटोली पुलिस ने युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। टीआई संजू कामले के अनुसार सरवटे बस स्टैंड स्थित जैन होटल के कमरे नंबर 101 में जयपुर निवासी याकीन खान और एक हिंदू युवती ठहरे हुए थे। सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के प्रशांत वर्मा, संतोष जाधव सहित अन्य कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और पूछताछ के बाद युवक को थाने ले आए। उन्होंने बताया कि युवक ने होटल संचालक को सही आईडी दी थी। हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता होटल पहुंचे और कमरे का दरवाजा खुलवाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने युवक से पूछताछ की और मारपीट भी। इसके बाद कार्यकर्ता युवक और युवती को अपने साथ थाने ले गए। युवती महाराष्ट्र की बताई जा रही है, जिसे याकीन साथ में लेकर आया था और सरवटे बस स्टैंड पर होटल में कमरा लिया था। पुलिस अब दोनों से पूछताछ कर उनके बारे में विस्तृत जानकारी निकालने की कोशिश कर रही है। टीआई संजू कामले ने बताया कि युवक की जयपुर से जानकारी निकाली जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद फिलहाल युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है। हालांकि युवती ने एफआईआर को लेकर अब तक कुछ नहीं कहा है। याकीन खान मजदूरी करता है और काम की तलाश में महाराष्ट्र गया था। यहीं धूलिया में याकीन और युवती की पहचान हुई थी। बाद में दोस्ती बढ़ गई और युवती उसके साथ इंदौर तक आ गई।

## एआईसीटीएसएल को बसों के परमिट देने का भी मिलेगा अधिकार

**इंदौर।** इंदौर की बस सेवा व्यवस्था संभाल रही अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (एआईसीटीएसएल) का मप्र यात्री परिवहन और इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमपीपीटीआईएल) में विलय जल्द होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार दो महीने में पूरे स्टॉफ सहित मर्जर की प्रक्रिया पूरी हो सकती है। इसकी पूरी जानकारी भोपाल भेजी जा चुकी है। इसके साथ ही शहर और इंट्रा सिटी बसों के परमिट जारी करने का अधिकार आरटीओ से हटाकर एआईसीटीएसएल को सौंपने की तैयारी है। नई व्यवस्था लागू होने पर नगर निगम लोक परिवहन की सीधी जिम्मेदारी से बाहर हो जाएगा। विलय के बाद इंदौर शहर ही नहीं, पूरा इंदौर संभाग एमपीपीटीआईएल के प्रशासनिक नियंत्रण में आएगा, वहीं अन्य जिलों में भी इसे एजेंसी के रूप में काम सौंपा जाएगा। रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा था कि नगर निगम का दायित्व सड़क, बिजली, सीवरेज और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं देना है, बस चलाना नहीं। इसी आधार पर निगम को बस संचालन से हटने के निर्देश दिए गए हैं। इससे नगर निगम पर हर साल 60 करोड़ का बोझ घटेगा। नई व्यवस्था में बसें नए रूट और गांवों तक पहुंचेंगी। संचालन पीपीपी मॉडल पर होगा। एआईसीटीएसएल का 15-16 करोड़ का घाटा अब एमपीपीटीआईएल वहन करेगा।

## मेट्रो को लेकर पुलिस, पीडब्ल्यूडी और निगम कर रहे मुआवजे का आकलन

**इंदौर।** डेढ़ साल से खजराना चौराहा के आगे मेट्रो को अंडरग्राउंड करने को लेकर चल रही जद्दोजहद खत्म हो गई है। नई डिजाइन की मंजूरी आदि की प्रक्रिया के बाद इसमें सबसे बड़ी बाधा सरकारी विभागों से जमीन अधिग्रहण ही है। मेट्रो कॉर्पोरेशन को पुलिस विभाग, पीडब्ल्यूडी, जिला प्रशासन और नगर निगम से कई जगहों पर जमीन नहीं मिली है। विजय नगर थाना, पलासिया पुलिस क्वार्टर्स और मल्हारगंज थाना स्टेशन की जद में आ रहे हैं। मेट्रो कंपनी ने थानों के पीछे नई बिल्डिंग बनाने और मुआवजा देने का प्रस्ताव रखा है। रानी सराय और रीगल तिराहे पर जैन ट्रस्ट की जमीन भी प्रभावित होगी। रानी सराय सहित अन्य इमारतों को लेकर मेट्रो के अधिकारी ने पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की। राजबाड़ा पर निगम की मल्टीलेवल पार्किंग तोड़ी जाएगी, इसके मुआवजे का आकलन निगम कर रहा है। ये प्रक्रिया रहेगी- सीएम की मंजूरी के बाद प्रस्ताव राज्य कैबिनेट, फिर मेट्रो रेल बोर्ड में रखेंगे। बोर्ड अध्यक्ष केंद्रीय आवासन मंत्री हैं। सर्वे, सॉइल टेस्टिंग, डिजाइन और टेंडर की प्रक्रिया होगी। इसमें दो से तीन माह लग सकते हैं। हालांकि अलाइनमेंट नहीं सिर्फ प्रारूप बदला है, इसलिए काम तेजी से शुरू हो सकता है।

# ईओडब्ल्यू केस में डीएचएल इन्फ्राबुल्स के डायरेक्टरों पर इंदौर बेंच ने कार्रवाई रोकी

## बंधक प्लाट बेचने का मामला, इंदौर हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक दी राहत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने डीएचएल इन्फ्राबुल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। ईओडब्ल्यू ने बंधक प्लाट बेचने के मामले में केस दर्ज किया था। शिकायत की जांच के बाद यह केस दर्ज किया था।

मामले में तीन आरोपी डायरेक्टर संतोष सिंह, संजीव जायसवाल और अनिरुद्ध देव है। अनिरुद्ध देव की ओर से अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल और



जयेश गुरनानी ने पैरवी की।

हाईकोर्ट ने आदेश में कहा कि कंपनी के डायरेक्टर में एक अधिवक्ता है जो प्रोफेशनल डायरेक्टर थे। कंपनी में लॉ के अनुसार प्रोफेशनल डायरेक्टर दैनिक प्रबंधन में शामिल नहीं होंगे। न ही इसके लिए जिम्मेदर होंगे। ऐसे में अगली सुनवाई तक दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई जाती है।

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ मुख्यालय भोपाल में पंजीबद्ध शिकायत क्रमांक 266/2025 के सत्यापन पर यह कार्रवाई हुई है। जिसमें डीएचएल इन्फ्राबुल्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों संतोष कुमार सिंह, संजीव और अनिरुद्ध के खिलाफ बंधक संपत्ति को गलत तरीके से विक्रय करने का मामला पाया गया था। इस पर ईओडब्ल्यू मुख्यालय भोपाल द्वारा अपराध धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी में अपराध पंजीबद्ध किया गया। ईओडब्ल्यू एसपी रामेश्वर यादव द्वारा मामले की गहन जांच कराई जा रही है।

### इतने प्लाट बेचे गए

ईओडब्ल्यू केस में यह था कि आरोपी कंपनी डीएचएल इन्फ्राबुल्स इंटरनेशनल प्रालि के संचालक मंडल ने आईकॉनस लैंडमार्क-01 और आईकॉनस लैंडमार्क-02 के 249 भूखंड बंधक रखे थे। ये भूखंड कॉलोनी सेल इंदौर में विकास के बदले रखे थे। शासन में बंधक रखे गए भूखंडों का स्वामित्व कॉलोनी सेल/शासन का है। कंपनी द्वारा बंधक भूखंड को मुक्त नहीं किया था। आरोपियों ने शासन के स्वामित्व के 15 बंधक भूखंड बेचे। ये भूखंड बिना अपर कलेक्टर, कॉलोनी सेल से प्रमाण पत्र प्राप्त किए बेचे गए। विक्रय अन्य पक्षकारों को रजिस्टर्ड किया गया।

## बीआरटीएस मामले में रात में वकीलों की कमेटी ने किया निरीक्षण



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

बीआरटीएस तोड़ने को लेकर हो रही देरी के मामले में 16 दिसंबर को हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। इसमें इसकी निगरानी के लिए गठित कमेटी कोर्ट में रिपोर्ट पेश करेगी। इसके पूर्व 6 सदस्यीय कमेटी के सदस्यों ने सोमवार रात बीआरटीएस का निरीक्षण किया। कमेटी अभी भी मौजूदा स्थिति से संतुष्ट नहीं है। कमेटी ने सोमवार रात को राजीव गांधी से पलासिया तक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि अभी इंदौर का एक्यूआईआई 200 है। इस पर कमेटी ने वहां पड़ा मलबा, पिलर्स और वेस्ट सीमेंट को हटाने के लिए कहा है। साथ ही यह भी कहा... रैलिंग के यहां साइन बोर्ड नहीं है इसलिए रेड प्लैग लगाए जाए ताकि हादसे न हो। जीपीओ से शिवाजी वाटिका तक बेरिकेडिंग पास-पास है, इसे दूर-दूर लगवाएं। तोड़ने के बाद सड़क पर पेचवर्क जीरो क्वालिटी का और ऊपर-नीचे है। ऐसे में गाड़ियां गिर सकती हैं।


रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

किराये से देना है
माधवपुर मक्सी रोड पर 1500 स्क्वेयर फीट का गोदाम किराये से देना है।
1500 स्क्वेयर फीट की सुविधा अलग से है।
8519054456

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




कृषि भूमि बेचना है
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

अवन्तिका वर्गीकृत
■ 10 दिन 1000/-
■ 20 दिन 1500/-
■ 1 माह 2000/-
- सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777
77710-90777
विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करुंगा समाधान पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चौंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

प्लाट बेचना है
खुली भूमि उत्तर से दक्षिण, पूर्व की ओर 95.8 फीट, पश्चिम की ओर 106 फीट और पूर्व पश्चिम उत्तर की ओर 102.7 फीट, दक्षिण की ओर 99 फीट कुल एरिया 10275 वर्गफीट, जिसके उत्तर में रोड के बाद माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में सुन्दरबाई का मकान और नागूलाल का मकान, पूर्व में रामाजी जाट की गली उर्दूपुरा रोड, पश्चिम में रस्सी गली मुन्सीपल नम्बर पुराना 5/1317, नया नम्बर 12 लाल बाई फूलबाई मार्ग उर्दूपुरा उज्जैन जो कि जाधव गुवाड़ी के नाम से जाना जाता है, को विक्रय करना है।
सम्पर्क सूत्र - 9425002108
ब्रजलाल रांका

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280


अमरूद बेचना है
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762





मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com